# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, रविवार 27 अप्रैल 2025


## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 686.14 अरब डॉलर पर पहुंचा




**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार सातवें सप्ताह बढ़कर 686.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जो पिछले साल नवंबर के बाद सबसे ऊंचा स्तर है। भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में फॉरेक्स रिजर्व में 8.31 अरब डॉलर की बढ़त दर्ज की गई। इससे पहले 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में भी 1.57 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी। गौरतलब है कि सितंबर 2024 में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 अरब डॉलर के ▸▸ शेष पेज 4 पर

### पहलगाम हमले के बाद दुनिया भर में अलग थलग पड़ा पाक, भारत के साथ 'सारी दुनिया'

### भारत ने कड़े तेवर दिखाए तो पाकिस्तान की हेकड़ी निकली

# पाक पीएम बोले- हम 'हर जांच' को तैयार, और आतंकी संगठन टीआरएफ ने कहा- हमारा हमले में कोई हाथ नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बड़ा बयान देते हुए कह दिया है कि वे पहलगाम हमले के बाद हर जांच के लिए तैयार हैं। उनके मुताबिक पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। इस हमले से पाक का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने सेना को लेकर भी कहा है कि पाकिस्तान के फौजी अपने देश को बचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि हम शांति चाहते हैं। भारत ने पानी रोकने का काम किया है इसका जवाब जरूर दिया जाएगा।

सिंधु हमारी लाइफलाइन है, यहां कोई समझौता बर्दाश्त नहीं है। अब पाकिस्तान को सामने से आकर इतना सब-कुछ इसलिए बोलना पड़ रहा है कि सारे सबूत उसके खिलाफ जा रहे हैं। ऐसी खबर है कि भारतीय इंटेलिजेंस को पाकिस्तान के खिलाफ कई सबूत मिले हैं पहलगाम हमले में उनकी भूमिका को लेकर जानकारी मिली है। उधर, पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेने के बाद अब द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की ओर से बड़ा बयान सामने आया है। टीआरएफ के प्रवक्ता ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में हमारी संलिप्तता नहीं है। टीआरएफ ने इसे झूठा, जल्दबाजी और सुनियोजित प्रयास बताया है।

**भारत का रुख साफ- पहलगाम हमले का माकूल जवाब दिया जाएगा, पीएम पहले ही दे चुके हैं साफ संकेत**



जम्मू कश्मीर में 64 संदिग्ध आतंकियों के घर सुरक्षा बलों ने की छापेमारी

### हमले की जिम्मेदारी साइबर हमले से दी गई, हमारा कोई ताल्लुक नहीं

टीआरएफ प्रवक्ता अहमद खालिद ने एक आधिकारिक बयान जारी कर लिखा कि हमले के तुरंत बाद संगठन के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक छोटा सा संदेश पोस्ट किया गया। जांच से पता चला कि यह एक साइबर हमले से हुआ था। द रेजिस्टेंस फ्रंट ने कहा कि हम इस सच्चाई को साझा करेंगे ताकि दुनिया के सामने सच्चाई सामने आ सके। सच्चाई छिपी नहीं है।



#### अनंतनाग में 175 संदिग्ध गिरफ्तार

पहलगाम हमले के बाद हंदवाड़ा पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत से जुड़े मामलों में छापेमारी करते हुए जांच तेज कर दी है। जबकि, वहीं अनंतनाग में 175 संदिग्ध गिरफ्तार किए गए। केंद्र सरकार ने 2023 में तहरीक-ए-हुर्रियत को प्रतिबंधित किया था।



### पीपीपी के प्रमुख बिलावल भुट्टो ने कहा- सिंधु हमारी, हमारे पानी में आपका खून बहेगा

### मंत्री हरदीप पुरी ने कहा-एक बूंद भी पानी नहीं मिलेगा, अपना खून बहाकर लगाओ छलांग

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पहलगाम में जो हुआ है वो कोई दुर्घटना नहीं बल्कि पाकिस्तान न सिर्फ एक दुष्ट देश है, बल्कि अब पतनशील अवस्था में पहुंच चुका है। सिंधु जल संधि के निलंबन पर पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी के कथित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए हरदीप पुरी ने तंज कसा कि मैंने उनका बयान सुना उनसे कहो कि कहीं पानी में कूद जाएं। जब पानी ही नहीं मिलेगा तो कहां छलांग मारेगा। ऐसे गैर-जिम्मेदार बयानों को कोई महत्व नहीं दिया जाना चाहिए उन्हें समय आने पर समझ में आ जाएगा। पुरी ने कहा सिंधु जल संधि 1960 की है जब हमारे रिश्ते पाकिस्तान से कुछ अलग तरह के थे। वहीं पुरी ने लंदन स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में पाकिस्तानी सेना और वायुसेना के सलाहकार कर्नल तैमूर राहत की कथित गला काटने की हरकत पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस घटना को सीधा राज्य प्रायोजित आतंकवाद करार दिया।



#### कर्नल तैमूर राहत ने गला काटने की दी धमकी

लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर जब भारतीय समुदाय के लोग पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अधिकारी कर्नल तैमूर राहत ने शर्मनाक हरकत करते हुए प्रदर्शनकारियों की ओर देखकर इशारों में गला काटने की धमकी दी। कर्नल राहत के हाथ में भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान का एक पोस्टर भी था। इसके साथ ही एक बैनर पर लिखा गया था, पाकिस्तान विथ खालिस्तान, जो खुलेआम पाकिस्तान की भारत-विरोधी मंशा को दर्शा ▸▸ शेष पेज 4 पर



**सरकार ने जारी की एडवाइजरी...**

### रक्षा अभियानों के लाइव कवरेज पर रोक

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को सभी मीडिया चैनलों समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सावधानी बरतने और मौजूदा कानूनों तथा नियमों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया है। एडवाइजरी में साफ कहा गया है कि रक्षा अभियानों या सुरक्षा बलों की गतिविधियों से संबंधित किसी भी प्रकार की रियल टाइम कवरेज दृश्य प्रसारण या स्रोत आधारित जानकारी का प्रसारण नहीं किया जाना चाहिए। समय से पहले संवेदनशील जानकारी का खुलासा करने से शत्रुतापूर्ण तत्वों को लाभ मिल सकता है और हमारे सुरक्षा बलों की कार्यकुशलता तथा उनकी सुरक्षा खतरे ▸▸ शेष पेज 4 पर

### गुंडों को सबक सिखाना भी हमारा धर्म: भागवत

पहलगाम हमले के बाद संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि अहिंसा हमारा धर्म है और गुंडों को सबक सिखाना भी हमारा धर्म है। हम अपने पड़ोसियों का कभी



अपमान या नुकसान नहीं करते लेकिन फिर भी अगर कोई बुराई पर उतर आए तो दूसरा विकल्प क्या है? राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है, राजा को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अहिंसा हमारा स्वभाव है, हमारा मूल्य है, लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे ▸▸ शेष पेज 4 पर









### 25वें जन्मदिन के पहले इन्फ्लुएंसर मीशा नहीं रही

**नई दिल्ली।** मशहूर कॉन्टेंट क्रिएटर और इन्फ्लुएंसर मीशा अग्रवाल का निधन हो गया है।



इससे फैंस और फॉलोअर्स को हैरान कर दिया है। मीशा 2 दिनों में परिवार के साथ अपना 25वां जन्मदिन मनाने वाली थीं लेकिन वे अपना 25वां बर्थडे सेलिब्रेट करतीं उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। परिवार ने पुष्टि की है।

### इंदौर में बाल विवाह पर सख्त एक्शन

## सामूहिक विवाह समारोह में 36 नाबालिग जोड़ों की रुकवाई शादी

**बाकी 13 जोड़ों के विवाह की दी गई स्वीकृति**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

देपालपुर तहसील के बछोदा गांव में आयोजित एक सामूहिक विवाह समारोह में महिला एवं बाल विकास विभाग की फ्लाइंग स्क्वॉड टीम ने छापा मारा। स्क्वॉड के प्रभारी महेंद्र पाठक ने बताया कि जांच में पाया गया 36 जोड़े नाबालिग थे। लड़कियों की उम्र 16 से 17 साल के बीच थी, जबकि लड़के करीब 20 साल के थे। हमने आयोजकों को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी देकर इन शादियों को रुकवा दिया। बाकी 13 जोड़े, जो कानूनी उम्र सीमा पूरी करते थे उनके विवाह समारोह को आगे बढ़ने दिया गया। भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत पुरुषों के लिए न्यूनतम विवाह योग्य उम्र 21 साल और महिलाओं के लिए 18 साल निर्धारित है।

- 2 साल की सजा या 1 लाख का जुर्माना हो सकता है

इस कानून का उल्लंघन करने वालों को दो साल तक की सजा या 1 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब मध्य प्रदेश में बाल विवाह को रोकने के लिए प्रशासन सख्त कदम उठा रहा है। हाल ही में इंदौर जिला प्रशासन ने अक्षय तृतीया जैसे धार्मिक अवसरों पर होने वाले सामूहिक विवाहों पर नजर रखने के लिए सख्त निर्देश जारी किए थे।

### कलकत्ता हाईकोर्ट का ये फैसला देखें

## नाबालिग के ब्रेस्ट को छूना रेप की कोई 'कोशिश' नहीं

**गंभीर यौन उत्पीड़न बताते हुए आरोपी को दी जमानत, सुप्रीम कोर्ट ने दी थी हिदायत**



एजेंसी ▸▸ कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा है कि नशे में नाबालिग लड़की के ब्रेस्ट छूने की कोशिश करना, प्रिवेंशन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंस (पोक्सो) एक्ट के तहत रेप की कोशिश नहीं है। इसे गंभीर यौन उत्पीड़न की कोशिश माना जा सकता है। हम आरोपी को जमानत दे रहे हैं।

कलकत्ता हाईकोर्ट का यह फैसला तब आया है, जब सुप्रीम कोर्ट ने कुछ दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट के ऐसे ही कमेंट को असंवेदनशील बताया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी। 19 मार्च को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा ने कहा था- नाबालिग के ब्रेस्ट पकड़ना, पायजामे का नाड़ा तोड़ना या घसीटकर पुलिया के नीचे ले जाने की कोशिश रेप नहीं है। 26 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह बहुत गंभीर मामला है। हमें यह ▸▸ शेष पेज 4 पर

#### ट्रायल कोर्ट ने 12 साल जेल की सजा सुनाई थी

ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को पॉक्सो एक्ट की धारा 10 और आईपीसी की धारा 448/376(2)(सी)/511 के तहत दोषी ठहराया था। कोर्ट ने उसे 12 साल जेल और 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ आरोपी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। आरोपी ने कहा कि वह दो साल से ज्यादा समय से जेल में बंद है। अदालत से इस मामले में जल्द फैसला आने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में उसे जमानत दी जाए।

### विदेश मंत्रालय ने दिया बड़ा अपडेट

## 30 जून से अगस्त तक चलेगी कैलाश मानसरोवर की यात्रा

**इस साल पांच बैच जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, उत्तराखंड से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पांच साल के अंतराल के बाद भारत ने शनिवार को जून से कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने की घोषणा की।

यात्रा को फिर से शुरू करने को भारत और चीन द्वारा संबंधों को बेहतर बनाने के प्रयासों के एक हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। दोनों देशों ने पिछले साल अक्टूबर में समझौते के तहत डेमचोक और देपसांग के दो तनाव वाले बिंदुओं पर सैनिकों की वापसी पूरी कर ली थी। कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त 2025 तक चलेगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक इस साल पांच ▸▸ शेष पेज 4 पर



**ऐसे ही 10 बैच जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे सिक्किम से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे**

#### केएमवीएन को 35,000 की जगह 56 हजार रु. चुकाने पड़ेंगे

इस बार श्रद्धालुओं को कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) को 35,000 की जगह 56 हजार रुपए चुकाने पड़ेंगे। केएमवीएन इस धनराशि से यात्रियों के आने-जाने, ठहरने और भोजन आदि का प्रबंध करेगा। इसके अलावा, मेडिकल जांच, चीन का वीजा, कुली, तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र और चीन सीमा में अलग से खर्च करना पड़ेगा।









### हाईकोर्ट का फैसला: 50 हजार से अधिक नर्सिंग छात्रों को राहत

## 28-29 अप्रैल को हर हाल में हों परीक्षाएं...कमेटी की भंग

**अब 2022-23 सत्र की परीक्षा 2025 में कराई जा रही**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों में हुए बड़े फर्जीवाड़े और परीक्षाओं में बार-बार हो रही देरी पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया है कि 2022-23 सत्र की लंबित परीक्षा अब हर हाल में 28 और 29 अप्रैल को आयोजित की जाए।

यह परीक्षा पहले चार बार टाली जा चुकी है- दो बार मेडिकल यूनिवर्सिटी और दो बार एमपी नर्सिंग काउंसिल की ओर से। कोर्ट के इस निर्देश से 200 डिग्री और 400 से अधिक डिप्लोमा कॉलेजों के 50 हजार



से अधिक छात्रों को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने यह भी साफ कर दिया है कि नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता से जुड़े मामलों में गठित उच्च स्तरीय कमेटी की भूमिका अब समाप्त हो चुकी है और अब किसी भी कॉलेज का मामला कमेटी को नहीं सौंपा जाएगा। ▸▸ शेष पेज 4 पर

#### *परीक्षा की तारीख में नहीं होगा कोई बदलाव*

*नर्सिंग कॉलेजों में फर्जी मान्यता और छात्रों की लंबित परीक्षाओं को लेकर दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की स्पेशल बेंच-जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस अचल कुमार पालीवाल ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने एमपी नर्सिंग काउंसिल और मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी को निर्देशित किया कि तय परीक्षा तिथियों में अब बदलाव नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि 2020-21 और 2021-22 सत्र की परीक्षा भी तय समय पर नहीं हो पाई थी और 2024 में आयोजित की गई थी। अब 2022-23 सत्र की परीक्षा 2025 में कराई जा रही है।*

UDYOG EVAM ROJGAR VARSH 2025
INVEST MADHYA PRADESH
MPSeDC INFOTECH ENGINE OF M.P.


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



# देश का टेक्नोलॉजी हब बनने की ओर अग्रसर मध्यप्रदेश




डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के संकल्पों को साकार करता मध्यप्रदेश

शुभारंभ
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश द्वारा

**27 अप्रैल 2025 । सायं 5:00 बजे**
ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर

### अवसरों का प्रदेश मध्यप्रदेश...

**इन्वेस्टर फ्रेंडली नीतियां**
- ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स पॉलिसी 2025
- ड्रोन प्रमोशन एवं यूसेज पॉलिसी 2025
- आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2023
- एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी 2025
- सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2025

**टेक ईकोसिस्टम**
15+ आईटी पार्क | 5 आईटी सेज़ | 2000+ आईटी, आईटीईएस यूनिट | 50+ बड़ी आईटी कंपनियां
1200+ टेक स्टार्ट-अप्स | 200K+ रोज़गार के अवसर | 2 टेक यूनिकॉर्न

D-11017/25
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
अकल्पन: म.प्र. माध्यम/2025

### फोकस क्षेत्र
- आईटी-आईटीईएस
- एवीजीसी-एक्सआर
- ड्रोन प्रौद्योगिकी
- ईएसडीएम और सेमीकंडक्टर
- डाटा सेंटर
- ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स



ipcell-mp@mpsedc.com । Website : mpsedc.mp.gov.in । #MPTechGrowthConclave2025 । #TechDestinationMP
सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

भोपाल
रविवार, 27 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-अमावस
वर्ष : 12, अंक : 26
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 37
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

13 सबसे महंगा प्लेयर और शर्मनाक प्रदर्शन...



आजकल
06 पीओके पर कब्जे से टूटेगी...

आधे दिन के बंद से राजधानी में हुआ करीब 200 करोड़ रुपए का कारोबार प्रभावित

# आतंकी हमले के विरोध में सभी बाजार रहे बंद भोपाल की 1 लाख से अधिक दुकानें रहीं बंद



न्यू मार्केट

**अत्यावश्यक सेवाएं बंद से बाहर**

बंद के दौरान आवश्यक सेवाओं को इससे बाहर रखा गया है। राज्यभर में करीब 3,000 मेडिकल स्टोर्स और थोक दवा दुकानें सामान्य रूप से खुली हैं। दूध की सप्लाई और चाय-नाश्ते की दुकानें भी चालू रहीं, जिससे आमजन को असुविधा न हो।

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में राजधानी भोपाल की करीब 1 लाख दुकानें आधे दिन के लिए बंद रहीं। भोपाल बंद की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि शहर के छोटे-बड़े सभी धर्म-संप्रदाय के व्यापारियों ने अपनी स्वेच्छा से दुकानें रखी। इस बंद के लिए कोई भी राजनीतिक और सामाजिक संगठनों की टोली दुकानें बंद कराने नहीं निकली। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आह्वान पर शहर से सभी ट्रेडों के व्यापारियों द्वारा प्रतिष्ठानों को बंद रखकर इस बात को उजागर किया कि पाकिस्तान द्वारा कराए गए आतंकी हमले के विरोध में समूचा व्यापारी समुदाय एक है। भोपाल बंद ▶▶ शेष पेज 4 पर



जुमेराती



लखेरापुरा



सराफा चौक

## रायसेन में भी दिखा विरोध

रायसेन व्यापार महासंघ के अध्यक्ष संतोष साहू ने आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह हमला धर्म के नाम पर किया गया है, जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित किया जाए। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

## इंदौर में कांग्रेस के बंद को समर्थन नहीं

इंदौर में बंद का आंशिक असर देखा गया। तिलक नगर और एमआईजी क्षेत्रों में अधिकांश दुकानें खुली रहीं। हालांकि कुछ अन्य क्षेत्रों में व्यापारी संगठनों के आह्वान पर दुकानों को बंद रखा गया। कांग्रेस के बंद के समर्थन का यहां कोई विशेष प्रभाव नहीं दिखा, और सामान्य दिनचर्या जारी रही। छतरपुर में व्यापारी संगठनों ने सर्वसम्मति से शनिवार को बाजार पूरी तरह बंद रखने का निर्णय लिया। रतलाम जिले के सैलाना में सर्व हिंदू समाज के आह्वान पर नगर बंद रहा। व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### लग्नोत्सव में हर्ष फायरिंग सरपंच के बेटे की मौत



**भिंड।** भारौली थाना अंतर्गत बर कापुरा में देर रात शादी समारोह के कार्यक्रम में हुई हर्ष फायरिंग में गोली लगने से वधु पक्ष के एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर है। मृतक अड़ोखर सरपंच का बेटा है। पुलिस के अनुसार बरकापुरा में राजेन्द्र सिंह राजपूत के बेटे की अड़ोखर से लगुन आई थी। लगनोत्सव के दौरान अचानक हर्ष फायरिंग शुरू हो गई।

### नीट पेपर लीक में मुखिया ईओयू की रिमांड पर



**पटना।** नीट समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कराने के आरोपित संजीव मुखिया से आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने पूछताछ शुरू कर दी है। ईओयू को शनिवार को मुखिया की 36 घंटों की रिमांड मिली है। इस पूछताछ में नीट के साथ बिहार लोक सेवा आयोग, शिक्षक भर्ती परीक्षा और सिपाही भर्ती परीक्षा धांधली की जानकारी मिलेगी।

### मार्च में 1.45 करोड़ लोगों ने हवाई यात्रा की



**नई दिल्ली।** देश में घरेलू एयरलाइन कंपनियों से मार्च में 1.45 करोड़ लोगों ने यात्रा की। यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 8.79 प्रतिशत अधिक है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। भारतीय एयरलाइन कंपनियों के जरिये पिछले साल मार्च में कुल 1.33 करोड़ लोगों ने यात्रा की थी।

टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचार में मप्र 'नई उड़ान' भरने जा रहा

# 'एमपी टेक ग्रोथ' कॉन्क्लेव-2025' आज इंदौर में, जुटेंगे देश-दुनिया के 'टेक-दिग्गज'

मुख्यमंत्री कॉन्क्लेव में जारी करेंगे 4 नई टेक-पॉलिसीज के लिए गाइडलाइन्स, शुभारंभ भी करेंगे

मप्र डिजिटल नवाचार की दिशा में आगे बढ़ते हुए राज्य के 2 शहरों को एआई सिटी (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल) पर विकसित करने जा रहा है। इस पायलट प्रोजेक्ट को मुख्यमंत्री ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचार में मप्र नई उड़ान भरने जा रहा है। इसका आगाज इंदौर में होने जा रही एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव- 2025 से होगी। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। मप्र डिजिटल नवाचार की दिशा में आगे बढ़ते हुए राज्य के 2 शहरों को एआई सिटी (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल) पर विकसित करने जा रहा है। इस पायलेट प्रोजेक्ट को मुख्यमंत्री ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। राज्य में अभी एग्रीटेक, स्कूल एजुकेशन, वन, बिजली और पुलिस महकमें में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई है कि कॉन्क्लेव देश-दुनिया के टेक दिग्गजों के लिए निवेश का स्वर्णिम अवसर सिद्ध होगा। राज्य के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का ये कॉन्क्लेव आयोजन जीआईएस-भोपाल में आए निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने का महत्वपूर्ण प्रयास है। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव प्रदेश का पहला पूर्णतः सेक्टर आधारित टेक-कॉन्क्लेव होगा, ▶▶ शेष पेज 4 पर

*राज्य में अभी एग्रीटेक, स्कूल एजुकेशन, वन बिजली और पुलिस महकमें में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जा रहा*



- मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई है कि कॉन्क्लेव देश-दुनिया के टेक दिग्गजों के लिए निवेश का स्वर्णिम अवसर सिद्ध होगा।
- इस कार्यक्रम में गूगल माइक्रोसॉफ्ट एनवीआईडीआईए जैसी बिग-टेक कंपनियों सहित 300 से अधिक तकनीकी विशेषज्ञ, उद्योगपति, नीति निर्माता और निवेशक शामिल होंगे।

### ग्वालियर में देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन

ग्वालियर में देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन (टीएमजेड) 12 हजार करोड़ के निवेश और 5 हजार नौकरियों के साथ जल्द आकार लेगा। यह टीएमजेड देश में अपनी तरह का पहला जोन होगा। इसमें सिम, चिप, एंटीना और अन्य उपकरण निर्मित होंगे। यहां सभी एसेसरीज सिस्टम्स, कम्पोनेंटस, वाइ-फाई, ऑप्टिकल्स, मोबाइल डिवाइसेज, सिमकार्ड, एंटीना, टेलीकॉम चिप्स सहित टेलीकॉम सेक्टर में नई 6 जी टेक्नॉलाजी के लिए अनुसंधान एवं विकास के कार्य भी किए जाएंगे। टेलीकॉम सेक्टर की डिक्सॉन, वॉयकॉन, आईबीएम, निक्सन एवं एरिक्सन जैसी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**टेक-लीडर्स के साथ वन-टू-वन बैठकें भी**

कॉन्क्लेव में सेक्टर-स्पेसिफिक राउंड टेबल मीटिंग्स, सूचना प्रौद्योगिकी सलाहकार बोर्ड से वीसी संवाद और मुख्यमंत्री की टेक-लीडर्स के साथ वन-टू-वन बैठकें भी कॉन्क्लेव का हिस्सा होंगी। टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव मप्र को भविष्य के डिजिटल भारत में अग्रणी बनाने और जीआईएस-भोपाल की निवेश प्रतिबद्धताओं को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक पहल सिद्ध होगी।

### ईएमसी 2.0 योजना में भोपाल के बैरसिया रोड पर बनेगा क्लस्टर

इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी) 2.0 देश में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक अग्रणी पहल है। यह योजना एक गेम चेंजर है और निश्चित रूप से इस क्षेत्र को अगले स्तर पर ले जाएगी। ईएमसी 2.0 योजना में भोपाल के बैरसिया रोड पर बांदीखेड़ी में और जबलपुर में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर डेवलप होगा । मुख्यमंत्री ने जीआईएस भोपाल में प्रदेश में बेहतर निवेश के लिए निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए हैं। विभागीय सक्रियता ने राज्य को आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम क्षेत्रों में एक संभावित निवेश स्थल से वास्तविक और समृद्ध निवेश-स्थल में परिवर्तित कर दिया है।

5 नेताओं को पार्टी मुख्यालय बुलाया

# छवि खराब करने वाले नेताओं से नाराजगी, भोपाल तलब



- सतना के पूर्व जिलाध्यक्ष को पार्टी से निकाला, सागर महापौर को नोटिस
- विधायक प्रदीप पटेल को मिली समझाइश, बाद में पहुंचेंगे प्रीतम लोधी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा अपनी पार्टी के उन विधायकों, महापौरों और नेताओं से नाराज है जिनके बयानों के कारण संगठन और सरकार की छवि खराब हो रही है। ऐसा करने वाले पार्टी के दो विधायकों प्रदीप पटेल, प्रीतम लोधी, दो महापौर देवास की गीता अग्रवाल, सागर की संगीता सुशील तिवारी और बीना नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार 26 अप्रैल को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में तलब किया गया। पार्टी ने अनुशासनहीनता के आरोप में सतना के पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा को पार्टी से बाहर निकाल दिया है। बुलाने के बावजूद न आने पर सागर की महापौर संगीता सुशील तिवारी को नोटिस थमाया गया है। सतीश के खिलाफ एक महिला ने छेड़छाड़ करने की शिकायत की है।

### न आने पर संगीता को नोटिस

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है कि बुलाने पर भी न आने को लेकर सागर महापौर संगीता सुशील तिवारी को नोटिस दिया जा रहा है। जबकि महिला से छेड़छाड़, अश्लील चैट वायरल करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सतना के पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। शर्मा ने बताया कि देवास की महापौर से बात हुई है। बीना नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल पार्टी दफ्तर पहुंचे थे। पिछोर विधायक प्रीतम लोधी को भी बुलाया था, लेकिन वे राजस्थान में हैं। वे बाद में आएंगे। वीडी ने कहा कि कभी कोई कार्यकर्ता चाहे वह ▶▶ शेष पेज 4 पर

एक बच्चा अपने मामा के घर आया था

# सतना में बड़ा हादसा, अमुआ बांध में डूबने से 3 बच्चों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना



- बांध के पास कैसे पहुंचे तीनों बच्चे?

मध्य प्रदेश के सतना से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां पर जिले के धारकुड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित अमुआ बांध में तीन आदिवासी बच्चे डूब गए। तीनों बच्चों की मौत हो गई है। घटना की जानकारी होते ही धारकुंड़ी थाना पुलिस व मझगवां तहसीलदार सुमेश द्विवेदी मौके पर पहुंचे। तीनों बच्चों के शव को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। पुलिस ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि तीनों बच्चों में एक बच्चा अपने मामा के यहां आया हुआ था। जबकि दो अन्य वहीं के निवासी थे। घटना के बाद धारकुंड़ी थाना ▶▶ शेष पेज 4 पर

अंतिम उत्तराधिकार योजना की तैयारी

# अनंत अंबानी रिलायंस के कार्यकारी निदेशक नियुक्त

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- ईशा और आकाश को इस मामले में छोड़ा पीछे

एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी ने कहा है कि भारत की सबसे मूल्यवान और ला भ दा य क कंपनी रिलायंस में उनके बच्चों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। अंबानी के सबसे बड़े बेटे आकाश 2014 में इकाई में शामिल होने के बाद जून 2022 से कंपनी की दूरसंचार शाखा, जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष हैं। अब अनंत अंबानी को रिलायंस में कार्यकारी निदेशक की जिम्मेदारी मिली है। अनंत का कार्यकाल पांच साल का होगा और उनकी नियुक्ति एक मई से प्रभावी होगी। ब्राउन यूनिवर्सिटी से स्नातक अनंत अंबानी ▶▶ शेष पेज 4 पर

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने भोपाल में आयोजित मेले में अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए

# यह केवल शासकीय नौकरी नहीं, स्वरोजगार से भी 'रोजगार' के अवसर हो रहे हैं निर्मित

*रोजगार के नए अवसरों का सृजन हो सके इसके लिए कृषि में भी किए जा रहे हैं वैल्यू एडिशन के प्रयास*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि युवाओं को शिक्षा और योग्यता प्राप्त करने के बाद रोजगार मिले, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 लाख शासकीय पदों पर नए अवसर सृजित किए हैं। इसमें से 51,000 मित्रों, जिनमें 200 से अधिक भोपाल ▶▶ शेष पेज 4 पर



**हर गांव को गरीबी से मुक्त बनाने का संकल्प**

चौहान ने कहा कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने हर गांव को गरीबी से मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। धीरे-धीरे देश का हर परिवार रोजगार से जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से कृषि में भी वैल्यू एडिशन के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि रोजगार के नए अवसरों का सृजन हो सके।

घुमा-फिराकर जवाब दे रहा आतंकी

# पुलिस बोली- पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा मास्टरमाइंड राणा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई पुलिस के मुताबिक 2008 मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा है।

मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 23 अप्रैल को दिल्ली में एनआईए दफ्तर में आरोपी राणा से करीब 8 घंटे पूछताछ की जिसमें उसने घुमा-फिराकर जवाब दिए थे। दिल्ली में एनआईए भी राणा से पूछताछ कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश जारी है कि लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने 26/11 हमले के लिए 3 साल से ज्यादा समय तक क्या तैयारी की और क्या योजना बनाई थी। राणा से उन लोगों के बारे में भी सवाल पूछे जा रहे हैं, जिनके नाम हमले के दौरान आतंकियों और उनके हैंडलर्स के बीच इंटरसेप्ट की गई बातचीत में सामने आए थे।



इनमें अब्दुर रहमान हाशिम सईद, साजिद मजीद, इलियास कश्मीरी और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे बड़े आतंकी शामिल हैं। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने राणा को 28 अप्रैल तक 18 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा है। कस्टडी के ▶▶ शेष पेज 4 पर

शनिवार सुबह से देर रात के बीच कई जिलों में बारिश- आंधी

भोपाल संभाग में भी बदला मौसम, शहर का पारा गिरा

# मई की शुरूआत लू से, आज आधे प्रदेश में तेज हवाओं के साथ गरज-चमक होगी

आज दो दर्जन से अधिक जिलों में आंधी के साथ कहीं पड़ेंगी बौछारें

**चार दिन ऐसा ही रहेगा मौसम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में शनिवार सुबह से देर रात के बीच कई स्थानों पर गरज-चमक और आंधी का दौर चला। अगले चार दिन मौसम कुछ ऐसा ही रहेगा, जिससे अप्रैल का महीना अब सामान्य गर्मी के साथ बीतेगा।

मई की शुरूआत तेज गर्मी से होगी, जिससे कई जिलों में लू का असर बढ़ेगा। भोपाल शहर के आसपास और संभाग से कुछ हिस्सों में अलसुबह हल्की बौछारें पड़ने से शनिवार को भोपाल का पारा आधा डिग्री गिरकर 40.7 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से आधा डिग्री कम ▶▶ शेष पेज 4 पर



टीटी नगर का दृश्य

**दोपहर से शाम तक यहां बारिश-आंधी**

शनिवार को दोपहर से देर शाम के बीच पांढुर्णा, सिवनी, दक्षिण पूर्व बैतूल में बिजली के साथ 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली। साथ ही उत्तरी बैतूल, बुरहानपुर, श्योपुर कलां, कटनी, नर्मदापुरम, पचमढ़ी, छिंदवाड़ा, दक्षिण बालाघाट, दक्षिण नरसिंहपुर और अनूपपुर में बिजली के साथ हल्की आंधी चली।

### आज यहां आंधी बारिश का अलर्ट

रविवार तक राजधानी में बादलों का आना जाना रहेगा। रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और पांढुर्णा आदि जिलों में 40 से 50 किमी तक की रफ्तार से आंधी के साथ कहीं-कहीं बौछारें भी पड़ेंगी। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

# प्रदेश के 10 हजार पुलिसकर्मियों का अटक सकता है वेतन

वित्त विभाग के अल्टीमेटम के बाद पीएचक्यू ने तत्काल समग्र आईडी को पोर्टल पर अपडेट करने के लिए कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के लगभग 10 हजार पुलिसकर्मियों का वेतन अटक सकता है। इसका कारण है इन पुलिसकर्मियों की ट्रेजरी के पोर्टल पर समग्र आईडी लिंक न होना। इसे लेकर वित्त विभाग ने पुलिस महकमे समेत सभी विभागों को अल्टीमेटम दे दिया है। वित्त विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार जिन भी पुलिसकर्मियों की समग्र आईडी वित्त विभाग के एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएफएमआईएस) पोर्टल पर लिंक नहीं होगी, उनका वेतन जारी नहीं होगा।

इसके बाद पीएचक्यू के निर्देश पर पुलिस की सभी 119 यूनिटों ने अपने यहां तैनात उन सभी स्टाफ को नोटिस जारी कर तत्काल समग्र आईडी को आईएफएमआईएस पोर्टल पर अपडेट कराने को कहा है। इस काम के लिए कई जिलों में एसपी ऑफिस और बटालियन में स्पेशल विंडो भी बना दिए गए हैं।

## कई पुलिसकर्मियों के आधार और समग्र आईडी का नहीं हो रहा मिलान



अधिकांश पुलिसकर्मियों के पास समग्र आईडी है, लेकिन एक बड़ी समस्या यह भी आ रही है कि पोर्टल पर इसे लिंक करने के लिए आधार के विवरण से इसका पूरी तरह मिलान होना जरूरी है। प्रदेश में सैकड़ों ऐसे पुलिसकर्मी हैं जिनका आधार और समग्र मैच नहीं हो रहा है। हालांकि कई पुलिसकर्मियों ने वेतन अटकने के डर से तत्काल आधार और समग्र में बदलाव के लिए प्रयास किए हैं, लेकिन इसमें एक सप्ताह तक का समय लग सकता है। ऐसे में अब पुलिसकर्मी परेशान हैं। हालांकि वित्त विभाग ने इसे लेकर कई बार गृह विभाग को पत्र और रिमाइंडर भेजे थे, लेकिन निचले स्तर के पुलिस कर्मियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। अब वित्त विभाग ने अल्टीमेटम देते हुए साफ कर दिया है कि जिस भी पुलिसकर्मी की समग्र आईडी पोर्टल पर अपडेट नहीं होगी, उसका वेतन ही जारी नहीं होगा। इसी तरह के पत्र अन्य विभागों को भी जारी किए गए हैं लेकिन पुलिस के पास एक लाख 5 हजार के लगभग स्टाफ हैं, जिसमें से अब भी लगभग 10 हजार कगी समग्र आईडी लिंक नहीं हो पाई है।

**समग्र और आधार का मैच होना अनिवार्य, यही बन रहा दिक्कत**

### 20 हजार पुलिसकर्मियों की समग्र आईडी अपडेट

*अपने पत्र के साथ वित्त विभाग ने एक फाइल भी अटेच करके विभागों को भेजी है। इसके तहत ये बताया गया है कि 3 मार्च 2025 की स्थिति में गृह विभाग के केवल 72305 कर्मचारियों ने ही अपनी समग्र आईडी ट्रेजरी के पोर्टल पर लिंक कराई है। हालांकि अब पीएचक्यू के अफसरों का दावा है कि शेष बचे लगभग 30 हजार स्टाफ में से 20 हजार की समग्र आईडी इस माह के अंत तक पोर्टल पर ऑनलाइन अपडेट कर दी जाएगी। इसके बाद भी लगभग 10 हजार पुलिसकर्मी ऐसे होंगे, जिनका समग्र आईडी लिंक होना बाकी रह सकती है। इन कर्मचारियों का अप्रैल माह का वेतन रोका जा सकता ह।*

एमपी-सीजी में पदस्थ 27 आयकर अफसरों के तबादले

# अति. आयकर निदेशक मिश्रा को इंदौर से एडिशनल कमिश्नर भोपाल पदस्थ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयकर विभाग के एमपी सीजी सर्किल के नए प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर नवरतन सोनी के कामकाज संभालने के हफ्ते भर के भीतर ही विभाग में पदस्थ 27 अफसरों का ट्रांसफर किया गया है। इसके अलावा 13 अफसरों को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इन सभी अधिकारियों को 9 मई तक अपनी नई पदस्थापना का चार्ज संभालने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

**गुंजन वार्ष्णेय, गार्गी चौहान, आलोक भूरा की नई पदस्थापना**

ट्रांसफर लिस्ट के अनुसार अतिरिक्त आयकर निदेशक अभिषेक मिश्रा को इंदौर से एडिशनल कमिश्नर भोपाल, आलोक भूरा को जॉइंट कमिश्नर रेंज 2 से जबलपुर से जॉइंट कमिश्नर इनकम टैक्स ट्रिब्यूनल 2 जबलपुर, भरत देवराज सेगांवकर जॉइंट कमिश्नर जबलपुर से डायरेक्टर जनरल इन्वेस्टिगेशन रायपुर, बिपिन अहिरवार एडिशनल कमिश्नर सेंट्रल रायपुर को एडिशनल कमिश्नर रायपुर, धर्मेंद्र सिंह को यूनिट ऑफ प्रॉपर्टी से जॉइंट कमिश्नर रायपुर, गार्गी चौहान को यूनिट ऑफ प्रॉपर्टी से ज्वॉइंट कमिश्नर आडिट भोपाल पदस्थ किया गया है।

आयकर विभाग के आदेश के मुताबिक अब तक भोपाल में एडिशनल कमिश्नर टेक्निकल विंग की जिम्मेदारी संभाल रहीं गुंजन वार्ष्णेय को अब एडिशनल कमिश्नर एडमिन एंड टीपीएस विंग पीसीसीआईटी दफ्तर में पदस्थ किया गया है। कपिल कपूर जॉइंट कमिश्नर उज्जैन को उज्जैन ऑडिट यूनिट से बिलासपुर ऑडिट यूनिट, कुणाल किशोर को यूनिट ऑफ प्रॉपर्टी से जॉइंट कमिश्नर ग्वालियर, मौसमी मित्रा को यूनिट ऑफ प्रॉपर्टी से जॉइंट कमिश्नर भिलाई रायपुर, मुनमुन शर्मा एडिशनल डायरेक्टर टैक्स को डायरेक्टर जनरल इन्वेस्टिगेशन इंदौर, नरेंद्र मोलई प्रसाद जॉइंट कमिश्नर ग्वालियर को बिलासपुर भेजा गया है। आदेश के अनुसार पायल प्रकाश को डीजीआईटी इन्वेस्टिगेशन भोपाल विंग और प्रदुमन मीना को जॉइंट कमिश्नर रेंज 4 भोपाल, राहुल पढ़ा को ज्वॉइंट कमिश्नर जबलपुर, एडिशनल कमिश्नर राजेश कुमार मीना को डीजी इन्वेस्टिगेशन इंदौर, रमाकांत प्रधान को ज्वॉइंट कमिश्नर जबलपुर, रमेश कुमार शर्मा को जॉइंट कमिश्नर बिलासपुर ट्रांसफर किया गया है। आदेश के मुताबिक एस भुवनेश्वरी अब ज्वॉइंट डायरेक्टर भोपाल, एसजी मून ज्वॉइंट कमिश्नर छिंदवाड़ा, संदीप आहूजा ज्वॉइंट कमिश्नर इंदौर, संजय कुमार पांडे जॉइंट कमिश्नर भोपाल, संजीव एच भगत ज्वॉइंट कमिश्नर इंदौर, सौरभ कुमार शर्मा ज्वॉइंट कमिश्नर भोपाल, शशिकांत कुशवाहा एडिशनल कमिश्नर भोपाल, तरन्नुम वर्मा ज्वॉइंट कमिश्नर भिलाई और विजित पटेल ज्वॉइंट कमिश्नर इंदौर के पद पर पदस्थ किए गए हैं।

### 13 अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

आलोक भूरा जॉइंट कमिश्नर को जॉइंट कमिश्नर अडिट जबलपुर, बाला मुरली कृष्ण कोर्रापति को उज्जैन, गार्गी चौहान को इटारसी, गुंजन वार्ष्णेय को एडिशनल कमिश्नर प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर भोपाल, कुणाल किशोर को ग्वालियर, राहुल पढ़ा को जबलपुर, रमाकांता प्रधान को सागर, रत्नेश कुमार शर्मा को कोरबा के एडिशनल कमिश्नर और जॉइंट कमिश्नर का एडिशनल चार्ज सौंपा है। इनके अलावा एससी मून को कटनी, संदीप आहूजा को उज्जैन, संजीव एच भगत को खंडवा, तरन्नुम वर्मा को रायपुर में जॉइंट कमिश्नर पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### कोलार और बैरागढ़ तहसील में एसडीएम के कार्यों का विभाजन

**भोपाल।** कोलार तहसील और बैरागढ़ तहसील में एसडीएम के कार्यों का विभाजन किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार संयुक्त कलेक्टर आदित्य जैन को एसडीएम बैरागढ़ से हटाकर कोलार तहसील का जिम्मा सौंपा गया है। जबकि कोलार एसडीएम रविशंकर राय को बैरागढ़ पदस्थ किया गया है। सूत्रों के अनुसार कोलार तहसील में काम को लेकर लगातार शिकायतें मिल रहीं थी कि लोगों की सुनवाई नहीं की जा रही है। हालांकि एसडीएम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था कि प्रकरणों का निराकरण त्वरित किया जाए। स्थिति में सुधार नहीं होने की वजह से अधिकारियों के कार्य में परिवर्तन किया गया है।

### 29 को मुख्यमंत्री करेंगे लीप ई-पोर्टल का शुभारंभ

**भोपाल।** सूक्ष्म एवं लघु उद्योग क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय संगठन लघु उद्योग भारती, मप्र अपने 32वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम दिनांक 29 अप्रैल को ग्लोबल स्किल पार्क, इंद्रपुरी, भोपाल में होगा। इस अवसर पर लीप ई-पोर्टल का शुभारंभ किया जाएगा तथा नवीन एमएसएमई नीति 2025 की जानकारी उद्यमियों को प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, मंत्री चैतन्य कश्यप द्वारा की जाएगी। विशेष अतिथि के रूप में कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्य मंत्री गौतम टेटवाल मौजूद रहेंगे।

### विकसित भारत की संकल्पना में युवा वैज्ञानिक महत्वपूर्ण

**भोपाल।** भारतवर्ष देश की युवा प्रतिभाओं के शोध और नवाचार के आधार पर आगामी समय में विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करेगा। उक्त विचार तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शनिवार को राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नॉलेज रिसोर्स सेंटर में सृजन के लिए आए हुए मॉडल एवं प्रोजेक्ट को चयन करने वाली ज्यूरी को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री ने सभी ज्यूरी सदस्यों को शिक्षाविद डॉ. धर्मपाल का प्रेरणादायी साहित्य एवं पुष्प देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विवि के कुलगुरु प्रो. राजीव त्रिपाठी और कुलसचिव प्रो. मोहन सेन सहित सृजन की आयोजन समिति के सदस्य, ज्यूरी मेम्बर और प्रोफेसर्स उपस्थित रहे।

### विश्व बौद्धिक संपदा दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**भोपाल।** शिक्षकों और विद्यार्थियों में बौद्धिक संपदा अधिकार और इसकी उपयोगिता के संबंध में जागरुकता पैदा करने के लिए शनिवार को मेपकास्ट ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. अजय चौबे, शैलेन्द्र कसेरा ने बौद्धिक संपदा के विविध पहलुओं जैसे कॉपीराइट, पेटेंट और ट्रेडमार्क की गहन जानकारी दी। उन्होंने रोचक उदाहरणों से यह समझाया कि कैसे विद्यार्थी नवाचार और मौलिक रचनाओं से पेटेंट प्राप्त कर सकते हैं और इससे आर्थिक लाभ भी अर्जित कर सकते हैं।

प्रदेश में अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए एआई पर आधारित मानव-रहित 41 चेक-गेट होंगे स्थापित

# अब मप्र में आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस से होगी अवैध खनन की 'निगरानी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए ऑर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस (एआई) का उपयोग कर खनन निगरानी प्रणाली विकसित की जा रही है। इस प्रणाली के तहत प्रदेश की समस्त स्वीकृत 7502 खदानों की जियो टेगिंग कर खदान क्षेत्र का सीमांकन किया जा चुका है। सैटेलाइट इमेज एवं रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी की सहायता से प्रदेश में हो रहे अवैध उत्खनन एवं भंडारण पर निगरानी रखी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रणाली खदान क्षेत्र के बाहर हो रहे अवैध उत्खनन का पता लगाने में सक्षम होगी। इसके तहत एक निश्चित समय अंतराल पर सतत रूप से प्राप्त सेटेलाइट इमेजेस का विश्लेषण कर सिस्टम से राज्य एवं जिला प्रशासन को अलर्ट भेजे जाएंगे।



क्षेत्रीय अमले की ओर से मोबाइल एप से परीक्षण एवं निरीक्षण कर पोर्टल अथवा मोबाइल एप पर रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण पंजीबद्ध किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर खदान या उसके बाहर ड्रोन सर्वे कर वॉल्युमेट्रिक एनालिसिस से वास्तविक उत्खनित मात्रा का पता लगाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कर अर्थदण्ड अधिरोपित करने की परियोजना भी प्रक्रियाधीन है।

### प्रदेश की 7502 खदानों की हुई जियो टेगिंग

सैटेलाइट इमेज एवं रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी की सहायता लेंगे



### विभिन्न प्रक्रियाओं को सरलीकृत किया जा रहा

नवीन पोर्टल ई-खनिज 2.0 सुशासन से एवं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत विभिन्न प्रक्रियाओं को सरलीकृत किया जा रहा है। नवीन पोर्टल ई-खनिज 2.0 को सिंगल विण्डो से विभाग से संबंधित विभिन्न सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा विकसित किया जा रहा है। इसके तहत आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने तथा इसके निराकरण के लिए ऑनलाइन व्यवस्था प्रदाय की जाएगी।

### ऑनलाइन ई-टीपी सेवाओं को किया जा चुका है लागू

*प्रदेश के 55 जिलों में ई-खनिज पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ई-टीपी सेवाओं को लागू किया जा चुका है। इस व्यवस्था के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। साथ ही अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की जानकारी एमआईएस रिपोर्ट के रूप में प्राप्त की जा रही है। ई-टीपी की व्यवस्था लागू होने से पट्टेदार की ओर से ऑनलाइन रॉयल्टी का भुगतान किया जा रहा है। इससे केशलैस ट्रॉन्जेक्शन की मंशा भी पूरी की गई है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए खनिज परिवहन किए जाने वाले वाहनों का ई-रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत विभिन्न आवेदनों को ऑनलाइन ई-खनिज पोर्टल के माध्यम से जमा करने की व्यवस्था लागू की गई है। विभागीय पोर्टल से खनिज अन्वेषण एवं खदानों की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराई जा रही है।*

## अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए नवीन तकनीक एआई पर आधारितः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए नवीन तकनीक एआई पर आधारित मानव-रहित चेक-गेट पूरे प्रदेश में स्थापित किए जा रहे हैं। प्रदेश में 41 ऐसे स्थल चिन्हांकित किए गए हैं, जहां से खनिज परिवहन करने वाले वाहनों का सर्वाधिक आगमन होता है। चेक-गेट स्थापित करने के लिए टेण्डर के माध्यम से रेल टेल कॉर्पोरेशन को सर्विस प्रोवाइडर के रूप में चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में भोपाल के आस-पास 4 स्थानों पर ई-चेकगेट स्थापित किए गए हैं। निगरानी के लिए राज्य स्तर पर भोपाल में कमाण्ड एवं कंट्रोल सेंटर और जिला स्तर पर भोपाल एवं रायसेन में जिला स्तरीय कमाण्ड सेंटर स्थापित किया गया है।

### वेरीफोकल कैमरा, आरएफआईडी रीडर से खनिज परिवहन में संलग्न वाहन की जांच के प्रावधान

मप्र में अब ई-चेकगेट में वेरीफोकल कैमरा, आरएफआईडी रीडर, ऑटोमेटिक नम्बर प्लेट रीडर की सहायता से खनिज परिवहन में संलग्न वाहन की जांच के प्रावधान हैं। प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी के अंतर्गत विभाग की गतिविधियों को ऑनलाइन करने के लिए एनआईसी द्वारा वेब पोर्टल (ई-खनिज) बनाया गया है। ई-खनिज पोर्टल को परिवहन विभाग के पोर्टल के साथ लिंक किया गया है। इससे पट्टेदार, ट्रांसपोर्टर खनिज परिवहन करने के लिए ऑनलाइन वाहनों का रजिस्ट्रेशन ई-खनिज पोर्टल पर कर सकते हैं। डिजिटल इण्डिया के तहत विभाग की ओर से ई-खनिज पोर्टल से खनिजों के परिवहन के लिए ऑनलाइन परिवहन पारपत्र (ई-टीपी) की सेवाओं को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। इस व्यवस्था के अंतर्गत कोई भी पट्टेदार रॉयल्टी एवं अन्य राशि का भुगतान करने के बाद ई-टीपी प्राप्त कर सकता है। खनिजों के परिवहन में संलग्न वाहनों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

# जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का विस्तार करें, जिससे वर्षा का जल संग्रहित कर सकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों को और अधिक विस्तारित किया जाए, जिससे वर्षा के जल को अधिक से अधिक संग्रहित किया जा सके। जल के संग्रहण से जहां एक ओर पेयजल स्त्रोत रिचार्ज हो सकेंगे, वहीं कृषि के लिए भी पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज की भागीदारी से जिस प्रकार अभियान के तहत काम हो रहे हैं, उसके सकारात्मक प्रभाव आने वाले समय में देखने को मिलेंगे। उन्होंने वर्षा की एक-एक बूंद के संग्रहण के लिए समाज के सभी वर्गों से सहभागी बनने का आह्वान किया है।

### होमगार्ड जवानों ने क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए किया श्रमदान

*देवास के होम गार्ड की टीम ने ग्राम हिरली में क्षिप्रा नदी के किनारों पर सफाई अभियान चलाया। होम गार्ड टीम के साथ जनप्रतिनिधि, ग्रमीण, और स्कूली बच्चे भी जुटे और हिरली गांव के तटों से 40 ट्रॉली कचरा बाहर निकाला गया। उज्जैन सिंहस्थ से पहले क्षिप्रा को शुद्ध बनाने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।*

*छिंदवाड़ा में पानी बचाने के लिए नुक्कड़ नाटक जल गंगा संवर्धन अभियान में छिन्दवाड़ा में विकासखंड-मोहखेड़ के गांव खुनाझिर कलां में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। पंचायत परिसर में नवांकुर संस्था-प्रभात युवा विकास मंडल के अभिनेताओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छता, ठोस कचरा प्रबंधन का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक के बाद जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।*

### मेहगांव में कुओं की मरम्मत कार्य का भूमिपूजन

भिण्ड में मंत्री राकेश शुक्ला ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद मेहगांव में 55.63 लाख रुपए की लागत से वाटर बॉडी और कुओं की मरम्मत कार्य का भूमि-पूजन किया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा की दो-टूक

# आतंकवाद के प्रश्रयदाताओं को मिलेगा करारा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश में रह रहे लगभग 220 पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढ-ढूंढ कर निकाला जा रहा है। कुछ अवैध तौर पर रह रहे हैं, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। देश की 140 करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कश्मीर में आतंकवाद के प्रश्रयदाताओं को करारा जवाब दिया जाएगा।



### आतंकवाद के ताबूत में अंतिम कील ठोकेगा भारत

*प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि भारत आतंकवाद के ताबूत पर अंतिम कील ठोकेगा। शर्मा ने कहा कि देश में नक्सलवाद समाप्त हो गया है, अब कश्मीर में प्रायोजित आतंकवाद भी पूरी तरह से समाप्त होगा। केंद्र सरकार करारा जवाब देने के लिए हर तरह से तैयार है।*

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भोपाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री राजगढ़ में सुनेंगे मन की बात कार्यक्रम**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को रविवार को सुबह 11 बजे प्रदेश के सभी बूथों पर पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता सुनेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा सुबह 11 बजे भोपाल के वार्ड 50 के जी-3 गुलमोहर सील पब्लिक स्कूल के सामने पार्क बूथ क्रमांक 200 पर एवं भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ विधानसभा के कुरावर मंडल के ग्राम माना के बूथ क्रमांक 241 में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे।

पुलिस का सांसद और विधायकों को सेल्यूट करने का मामला

# पटवारी डीजीपी के आदेश पर बोले, यह वर्दी का अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस ने डीजीपी कैलाश मकवाना के उस आदेश पर आपत्ति जताते हुए विरोध किया है जिसमें उन्होंने पुलिस अफसरों और कर्मचारियों को सांसदों एवं विधायकों को सैल्यूट करने के लिए कहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया पर अपना वीडियो जारी करते हुए कहा है कि पुलिस को जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा जाए, लेकिन पुलिस का मनोबल तोड़ने का काम न कराए जाए। उन्होंने डीजीपी के इस आदेश को लोकतंत्र पर हमला और वर्दी का अपमान करार दिया है। साथ ही अपने बयान में आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि जिस दिन यह आदेश मंजूर किया गया, उसी दिन प्रदेश की वर्दी को राजनीतिक गुलामी में धकेल दिया गया। उन्होंने सरकार से इस तरह का आदेश वापस लेने की मांग की है। पटवारी ने कहा कि ऐसे समय जब पुलिस अपराधियों के निशाने पर हो, यह आदेश पुलिस को न्याय दिलाने की बजाय सत्ता के सामने झुकने का फरमान है। प्रदेशभर में रेत, शराब, भू-माफिया और ट्रांसपोर्ट सिंडिकेट खुलेआम पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। पिछले 6 महीने में पुलिस पर हमले की दर्जनों घटनाएं सामने आ चुकी है।



पत्र सौंपकर मांगों से कराएंगे अवगत

# राजपत्रित अधिकारी संघ का सम्मेलन आज, सीएम डॉ. यादव होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ का प्रांतीय सम्मेलन रविवार सुबह दस बजे से नार्मदीय भवन तुलसी नगर में किया जाएगा। संघ के प्रांताध्यक्ष डीके यादव ने बताया कि प्रांतीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सम्मेलन में संघ के प्रतिनिधि अपनी मांगों का मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएंगे। डीके यादव ने बताया कि सम्मेलन में राजपत्रित अधिकारी संघ की मांगों पर विचार-विमर्श कर उनके निकाकरण की रणनीति बनाई जाएगी। मांगों में प्रमुख रूप से राजस्व विभाग अनुसार समस्त राजपत्रित अधिकारियों को वेतनमान एवं पदनाम, सामाजिक सुरक्षा-दायित्व को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन योजना को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना, समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को आयुष्मान कार्ड की तर्ज पर 10 लाख तक का केश-लेश चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने आदि के साथ विकासखंड के सभी कार्यालय प्रमुखों को राजपत्रित अधिकारी घोषित किया जाए। सम्मेलन में मंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह यादव, शिव चौबे, रमेश शर्मा, संघ के प्रांतीय, संभागीय, जिला पदाधिकारी और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे।

- नार्मदीय भवन तुलसी नगर में होगा आयोजन

साल के अंत तक पूरी तरह से लागू होगा ई-ऑफिस सिस्टम

# पुलिस अब पेपरलैस पैटर्न पर करेगी काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब प्रदेश की पुलिस भी ई-ऑफिस सिस्टम के जरिए पेपरलैस पैटर्न पर काम करेगी। हालांकि इसे लागू करना चुनौतियों से भरा हुआ है, क्योंकि इसमें सॉफ्टवेयर अपडेशन और स्टाफ की ट्रेनिंग सहित कई तकनीकी खामियां बाधा बन रही है। एमपी पुलिस में इस सिस्टम को लागू करने के लिए स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) को नोडल एजेंसी के तौर पर चुना गया है। फिलहाल स्टाफ को इस सिस्टम को ऑपरेट करने की ट्रेनिंग दी जा रही है, लेकिन जगह-जगह नेट कनेक्टिविटी, स्कैनर का अपडेशन सहित कई समस्याओं को दूर करने पर काम हो रहा है। हालांकि अभी एमपी पुलिस में फाइल मूवमेंट का काम मैनुअल तरीके से हो रहा है।

इसकी सबसे बड़ी वजह पूरे स्टाफ की ट्रेनिंग न होना है। यह सॉफ्टवेयर एनआईसी ने डिजाइन किया है और इसे केंद्र सरकार की मंशा के तहत प्रदेश भर में लागू किया जाना है। एमपी पुलिस में इसे लागू करने में आ रही समस्याओं के चलते इसे इस साल के अंत तक शुरू किया जाएगा। एमपी पुलिस के अफसरों का दावा है कि ई-ऑफिस सिस्टम के जरिए न केवल फाइल के मूवमेंट की स्पीड तेज होगी, बल्कि इसके जरिए भ्रष्टाचार और गोपनीयता भंग होने जैसी कई समस्याओं से भी बचा जा सकेगा।

कंप्यूटर के जरिए होगा फाइल का मूवमेंट



### पुरानी फाइलों को भी ढूंढना होगा आसान

ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने के बाद एमपी पुलिस भी हार्ड कॉपी में किसी तरह का पत्राचार या फाइल स्वीकार नहीं की जाएगी। इससे न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि पुरानी फाइलों को खोजना भी आसान होगा। इस सिस्टम की खासियत है कि इसके जरिए पता चल जाएगा कि कौन सी फाइल किस अधिकारी के पास लंबित है। ई-ऑफिस सिस्टम में किसी भी विषय के दस्तावेज स्कैन कर अपलोड किए जाएंगे और हर फाइल को एक नंबर दे दिया जाएगा। इसके बाद विषय की गंभीरता के हिसाब से इसकी रैंकिंग तय कर इसे मार्क कर दिया जाएगा। इस सिस्टम के तहत रैंकिंग के हिसाब से अधिकारी या कर्मचारी को फाइल पर टीप लगाकर अपने आला अफसर के पास एक तय समय सीमा के भीतर भेजना होगा। ऑनलाइन होने के कारण अब पहले की तरह विभाग के अन्य कर्मचारी फाइल पर लिखी गई नोटिंग को नहीं पढ़ सकेंगे। इससे गोपनीयता भी बरकरार रहेगी।

### सहायक की नहीं पड़ेगी जरूरत

ई-ऑफिस शुरू होने के बाद पुलिस के सभी अधिकारी और कर्मचारी कंप्यूटर पर बैठकर फाइलें निपटाएंगे और इन फाइलों को आगे भेजने के लिए किसी सहायक की भी जरूरत नहीं होगी। अधिकारी अब मोबाइल और लैपटॉप के जरिए किसी भी स्थान से फाइल देख सकेंगे। पुलिस को उम्मीद है कि इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए न केवल फाइलों के मूवमेंट की रफ्तार तेज होगी, बल्कि इसके जरिए जल्द फैसले लिए जा सकेंगे। एससीआरबी के एआईजी और ई-ऑफिस के नोडल अधिकारी धीरज बब्बर के मुताबिक प्रदेश पुलिस की 119 यूनिट में से 65 में ई-ऑफिस सिस्टम इंस्टाल कर दिया गया है और शेष में काम जारी है।

# 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी, बौछारों ने 8 डिग्री तक गिरा दिया पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित भोपाल संभाग के इलाकों में शनिवार को सुबह से बादलों का आना जाना रहा, जबकि देर शाम 9 बजे के बाद करीब एक घंटे तक शहर के अलग-अलग हिस्सों में आंधी के साथ बौछारें पड़ीं। 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी में शहर के कई हिस्सों में पेड़ों की टहनियां टूटकर बिजली लाइनों पर गिर गईं। इससे दर्जनों कॉलोनियों में दो से तीन घंटे तक बिजली गुल रही। हालांकि, बिजली कंपनी के अनुसार एहतियात के तौर पर शहर की कुछ कॉलोनियों में आंधी के कारण बिजली सप्लाई कुछ देर के लिए बंद की गई थी। शनिवार को शाम से शहर के आसमान पर बादलों का आना-जाना रहा।


रात करीब 9 बजे पिपलानी सी सेक्टर में तेज हवा के चलने से पेड़ों की टहनियां टूट गई थीं।

### यहां टूटी टहनियां

*पुराने शहर के कई इलाकों के अलावा भेल, आनंद नगर, अयोध्यानगर और पिपलनी इलाके में कुछ जगह पेड़ों की टहनियां टूटने से बिजली बाधित रही। हालांकि, एक से दो घंटे में सप्लाई शुरू हो गई। पुराने शहर और गांधी नगर, भानपुर और बैरसिया इलाके में भी कुछ जगह टहनियां टूटने की खबर है।*

### यहां आंधी के साथ बारिश

शाम 8 बजे के बाद बादलों के साथ तेज हवाएं शुरू हो गईं। 9 बजे के करीब गरज चमक के साथ गांधी नगर, बैरसिया, भानपुर, एमपी नगर के कुछ हिस्से, पिपलानी, भेल इलाके, आनंद नगर, अयोध्यानगर सहित आसपास आंधी के साथ बारिश हुई। इससे देर रात हवाओं में मामूली ठंडक घुलने से कुछ राहत रही। मौसम केंद्र के अनुसार अभी दो से तीन दिन मौसम में बदलाव जारी रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी हवा में नमी के साथ राजस्थान के ऊपर सकुर्लेशन होने से भोपाल शहर और संभाग के अलावा प्रदेश के कई जिलों में इसका असर है, यह दो दिन रहेगा।

**कई इलाकों में दो घंटे बिजली गुल, पेड़ों की टहनियां टूटकर लाइन पर गिरीं**

### रात आठ बजे के बाद तापमान 8 डिग्री गिरा

शहर के रात 8 बजे के बाद तापमान में 8 डिग्री से अधिक की कमी आई। दिन में पारा 40 डिग्री से अधिक रहा, जो शाम को 34 डिग्री तक पहुंच गया। आंधी बारिश के बाद तापमान करीब 8 डिग्री घटकर 26 डिग्री से भी नीचे पहुंच गया है। यह क्रम रविवार को भी जारी रहने की उम्मीद है।


भोपाल शहर के बैरागढ़, बैरसिया, भानपुर इलाके सहित संभाग के रायसेन, सीहोर में भी आंधी के साथ बौछारें

राजभवन रोड पर शाम 6.32 बजे मौसम में कुछ ठंडक सी महसूस की जा रही थी।

---


## साहिल को भोपाल लेकर आई पुलिस, कल करेगी कोर्ट में पेश, डांस क्लब में केवल हिंदू लड़कियों को ही प्रवेश मिलता था

# छात्राओं से दुष्कर्म: जिन कमरों में हुआ दुष्कर्म, वे कमरे किए सील

**डांस सिखाने के बहाने बढ़ाई नजदीकी, फिर रौब दिखाने ले जाता था हुक्का लाउंज और पब**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

निजी कॉलेज की छात्राओं से दुष्कर्म और दैहिक शोषण करने वाला मुख्य आरोपी पुलिस रिमांड पर है। पुलिस अब तक मुख्य आरोपी फरहान और शाद को गिरफ्तार कर चुकी है। मुख्य आरोपी फरहान को रिमांड पर लिया गया है। इधर, फरार आरोपी साहिल को पन्ना से हिरासत में लिया गया है।


मुख्य आरोपी फरहान

उसे भोपाल लेकर पुलिस पहुंच गई थी। आरोपी को पुलिस जल्द ही कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी में है। पुलिस ने उन सभी कमरों को सील कर दिया है, जिन कमरों में आरोपी छात्राओं से दुष्कर्म करते थे और वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करते थे। सवाल इस बात का है कि आरोपियों के पास नशे और अपने खर्चे के लिए पैसा कहां से आता था। अब पुलिस आरोपियों के अकाउंट चेक कर रही है। ताकि पता लगाया जा सके कि उन्हें फंडिंग कहां से हो रही थी।

### मुख्य आरोपी से सख्ती से पूछताछ हो तो हो सकते हैं और भी खुलासे

मुख्य आरोपी फरहान इस संगठित अपराध का मुखिया है। वह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर छात्राओं से संबंध बनाता था। इसी प्रकार साहिल पन्ना का रहने वाला है। वह अशोका गार्डन में डांस क्लास चलाता था। डांस क्लास में हिंदू लड़कियों से एडमिशन देकर प्रेम जाल में फंसाकर फरहान तक पहुंचाता था। अली खान ने जून 2024 में अशोका गार्डन के एक होटल में छात्रा से दुष्कर्म किया और वीडियो फरहान को भेजा। जुलाई-2024 में मिलने बुलाया। यहां पहले से फरहान मौजूद था। फरहान ने भी रेप किया। शाजी उर्फ शम्सउद्दीन मैकेनिक का उसका काम लड़कियों को लाना ले जाना रहता था और बदले में वह रु. लेता था। अबरार कोलकाता का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम कोलकाता रवाना हुई है। इसके कमरे में छात्रा से दुष्कर्म हुआ है।

### फरहान और अली कराते थे गांजा उपलब्ध

पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी नशे के आदी थे और पीड़िताओं को भी वह नशे की लत की तरफ ले जा रहे थे। फरहान और अली गांजा उपलब्ध कराते थे। आरोपी नशे के अलावा पीड़िताओं को फरहान के साथ संबंध बनाने भी दबाव बनाते थे। साहिल से पूछताछ में पता चला कि वह पन्ना का रहने वाला है। पढ़ाई में मन नहीं लगा तो उसने अशोका गार्डन में डांस क्लास स्टार्ट किया। यहां केवल हिंदू लड़कियों को एडमिशन दिया और डांस सिखाने के बहाने उनके नजदीकी बढ़ाई। अपना रौब दिखाने वह बाहर से पढ़ने आई छात्राओं को रेस्टोरेंट, हुक्का लाउंज और पब लेकर जाता था। इस दौरान उनकी पारिवारिक स्थिति के जानकारी एकत्रित कर लेता था। आरोपी पार्टी के नाम पर अशोका गार्डन स्थित अपने रूम पर लेकर पहुंचता था। शाजी उर्फ शम्सउद्दीन लड़कियों को उनके ठिकाने तक पहुंचाने और दुष्कर्म के बाद उन्हें घर तक छोड़ने का काम करता था। शाजी पेशे से मैकेनिक है। वह अप्सरा टॉकीज के पास ऐशबाग में रहता है।

### कॉलेज में लव जिहाद : मानव अधिकार आयोग ने की रिपोर्ट तलब

राजधानी मे कॉलेज पढ़ने वाली छात्राओं को लव जिहाद का शिकार बनाने के सनसनीखेज मामले के उजागर होने के बाद मामले की शिकायत राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग तक भी पहुंची है। मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने भोपाल पुलिस आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही मामले की पूरी रिपोर्ट तलब की है। बता दें कि हाल ही राजधानी के एक निजी कॉलेज में लव जिहाद का मामला सामने आया है।

### डिलीट वीडियो रिकवर कर रही पुलिस

पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल जब्त किए हैं। मोबाइल से डेटा रिकवर भी कराया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि मुख्य आरोपी फरहान के मोबाइल से मिला एक वीडियो मिला है, जिसमें वह दुष्कर्म करते हुए और मारपीट करते हुए नजर आ रहा है। फरहान की क्रूरता की कहानी पीड़िता दर्ज करा चुकी है।

### लव जिहाद करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे : शर्मा

भोपाल में लव जिहाद करने वाली गैंग को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। इस घटना की गहराई में जाएंगे, जो ऐसे तथाकथित समाज विरोधी लोग हैं। जिन्होंने हमारी बहन-बेटियों को गुमराह करके लव जिहाद किया है, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।



■ प्रकरण से जुड़े एक-एक अपराधी को पता चलेगा कि ऐसा करने का अंजाम क्या होता है?

यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को मीडिया से चर्चा करते हुए कही। उन्होने कहा कि इस प्रकरण से जुडे एक-एक अपराधी जहां भी होंगे वह बचेंगे नहीं और उनके खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी कि उन्हें भी पता चलेगा कि ऐसा करने का अंजाम क्या होता है।

---

## डीजे की तेज आवाज में नहीं सुनाई दिया ट्रेन का हॉर्न, दोनों की मौत

# मंडीदीप में ट्रेन की चपेट में आए दादी और पोती



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में बीती रात रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे पटरी पार करते समय एक महिला और उसकी पोती ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसा रात करीब 10.30 बजे हुआ। मृतक महिला की पहचान मैना बाई के रूप में हुई है, जो उसके हाथ पर गुदे नाम से की गई। उसके साथ 8 से 10 वर्ष की एक बालिका भी थी।



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि घटना के समय आसपास डीजे का तेज शोर चल रहा था। इसी कारण दोनों को आती हुई ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी। घटना की सूचना मिलते ही मंडीदीप पुलिस और जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे। दोनों के शवों को नगर पालिका के शांति वाहन से सिविल अस्पताल के मॉर्चुरी रूम में भेज दिया गया है।

### दादी-पोती होने का अनुमान

*एएसआई मोहन कुमरे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मृतक महिला और बच्ची के दादी-पोती होने का अनुमान है। घटना के समय कुछ अन्य लोग भी पटरी पार कर रहे थे। हादसे की खबर सुनते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए।*

---

## माता-पिता के साथ एक्टिवा पर जाते समय हुआ हादसा

# चाइनीज मांझे से 4 साल की बच्ची की गर्दन कटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित आरिफ नगर ग्राउंड के पास शुक्रवार शाम कटी पतंग के चायनीज मांझे से चार साल की बच्ची लहूलुहान हो गई। उसे गर्दन में गंभीर चोट आई है। घटना के समय वह अपने मां-पिता के साथ एक्टिवा से जा रही थी। वह एक्टिवा में सामने खड़ी थी, तभी कटी पतंग का मांझा चलती गाड़ी पर उसकी गर्दन से रगड़ खाता हुए निकल गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि पतंग में चाइनीज मांझा बंधा हुआ था। पुलिस के मुताबिक ए-सेक्टर सोनागिरी पिपलानी निवासी आकिब खान (28) रत्नागिरी में कार का वर्कशॉप चलाते हैं।

### आरिफ नगर ग्राउंड पर हादसा

25 अप्रैल की शाम वे पत्नी मरियम और दो बच्चों, 4 साल की सफिया और 2 साल के अनम के साथ एक्टिवा से सोनागिरी से करोंद होते हुए वीआईपी रोड जा रहे थे। आकिब गाड़ी चला रहे थे, जबकि सफिया आगे खड़ी थी। जैसे ही वे लोग आरिफ नगर ग्राउंड के पास पहुंचे, तभी अचानक कटी पतंग के मांझे से सफिया की गर्दन बुरी तरह से लहूलुहान हो गई। आकिब अपनी बेटी को गैस राहत अस्पताल लेकर पहुंचे और इलाज कराया। प्राथमिक उपचार के बाद फरियादी गौतम नगर थाने पहुंचे और अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया।

---

## मौजूदा सड़क की ऊपरी परत हटाकर चढ़ाई जाएगी कांक्रीट

# मंदाकिनी चौराहे से नई तकनीक वाइट टॉपिंग से बनाई जाएगी 10 करोड़ की कांक्रीट सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में पहली बार वाइट टापिंग तकनीक से मंदाकिनी चौराहे से अग्रेसन चौराहा (दानिश कुंज) तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसमें करीब 10 करोड़ रुपए की लागत आएगी। सड़क अधिकतम चौड़ीकरण के साथ पूरी तरह से सीमेंट कांक्रीट की होगी। शनिवार को हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कोलार के मुखर्जी नगर का निरीक्षण कर यह जानकारी दी।

विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों ने सर्वधर्म पुल से निरीक्षण शुरू किया, जो कि जेके अस्पताल रोड पर पहुंचे। विधायक ने मुखर्जी नगर कोलार के सनखेड़ी में बने कुशाभाऊ ठाकरे आवासीय परिसर स्थित प्रधानमंत्री आवास में पेय जल, साफ सफाई की समस्याओं का निराकरण करने की बात कही। मौके पर मौजूद अफसरों ने बताया कि वाइट टॉपिंग तकनीक में पुरानी सड़क की ऊपरी परत हटाकर कांक्रीट की मोटी परत बिछाई जाती है। इसमें एम-40 ग्रेड सीमेंट और फाइबर बुरादा का इस्तेमाल होता है। भारी ट्रैफिक और खराब मौसम का भी इस पर असर कम होता है।



### विधायक ने दिए यह भी निर्देश

- अग्रसेन चौराहे से गिरधर परिसर की सड़क का निर्माण भी जल्द प्रारंभ किया जाए।
- खाटू श्याम मंदिर की रोड का निर्माण बहुत जल्द शुरू हो।
- साफ-सफाई सहित कॉलोनी की अंदरूनी जर्जर सड़कों का निर्माण बरसात से पहले पूर्ण हो।
- नालों का निर्माण भी बहुत तेजी से बरसात से पूर्व पूर्ण किए जाने के निर्देश भी दिए।
- पीएम आवास भी पहुंचे मेंटेनेंस को लेकर निर्देश दिए।

---


## एक भोपाल के वन विहार तो एक को इंदौर के जू में भेजने की योजना

# वन विहार में रखे दो किंग कोबरा का क्वारंटीन टाइम पूरा, जल्द ही पर्यटक कर सकेंगे दीदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में किंग कोबरा की आबादी बढ़ाने की दिशा में कर्नाटक से लाए गए दो मेल किंग कोबरा को वन विहार क्वारंटीन में रखा गया है। जिसकी समय अवधि पूरी हो गई। अब जल्द ही पर्यटकों को किंग कोबरा का दीदार हो सकेंगे।

■ कर्नाटक से लाए गए हैं भोपाल




वन विहार सूत्रों के अनुसार वन विहार में दो मेल किंग कोबरा में यहीं रहेगा। तो वहीं दूसरे किंग कोबरा इंदौर चिड़ियाघर भेजने की योजना है। दरअसल, वहां पर इंदौर चिड़ियाघर में एक मादा किंग कोबरा है। इससे प्रदेश में किंग कोबरा की आबादी बढ़ाने की दिशा में उठाए जाने वाला कदम बताया जा रहा है। हालाकि इस संबंध में वन विहार के अधिकारी अभी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि 5 अप्रैल को कर्नाटक से लाए गए दो मेल किंग कोबरा को वन विहार भोपाल में रखा गया है। इसके बदले में प्रदेश सरकार वन विहार से बाघ और बाघिन का जोड़ा कर्नाटक को देगी। इसके लिए पहले ही अनुबंध कर लिया गया था। वषार्काल के बाद बाघ का जोड़ा कर्नाटक भेजा जाएगा।

---

**ई-रिक्शा ने ठप किया सवारी ऑटो का कारोबार**

# चौराहों पर 5 हजार ई-रिक्शा चालकों का कब्जा, मनमाने ढंग से खड़े कर रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर की सड़कों पर बेतरतीब और मनमाने ढंग से दौड़ने वाले वाहनों की संख्या में इजाफा हो गया है। इनमें सबसे ज्यादा ई-रिक्शा और सवारी ऑटो हैं। इन वाहनों की वजह से सड़क पर चलने वाले अन्य वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ये वाहन सवारी चढ़ाने और उतारने के लिए कहीं भी रुक जाते हैं।

ई-रिक्शा की सबसे ज्यादा तादाद पुराने शहर में है, जबकि इनकी संख्या करीब पांच हजार के आसपास है। शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ई-रिक्शा के रूट तय करने और मुख्य सड़कों पर इनका संचालन बंद करने की बात रखी गई है। जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने काम शुरू कर दिया है। ई-रिक्शा का कब्जा हर चौराहे और बस स्टॉप पर रहता है। बस स्टॉप पर कब्जा होने से सिटी बसों को स्टॉप पर रुकने में समस्या होती है। साथ ही यात्रियों को भी बस तक पहुंचने में परेशानी होती है। समस्या कितनी बढ़ चुकी है इसका अंदाजा इन वाहनों की संख्या से लगा सकते हैं।


रोशनपुरा चौराहे पर सवारी के इंतजार में खड़े ई रिक्शा।

शहर की सड़कों पर रजिस्टर्ड और अनरजिस्टर्ड ई-रिक्शा की कुल संख्या 5 हजार से ज्यादा है। वहीं, थ्री सीटर ऑटो की संख्या करीब 2300 है। इन वाहनों के संचालन के लिए रूट तय नहीं होने से यातायात का दवाब बढ़ने के साथ हादसों की संख्या भी बढ़ रही है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि ई-रिक्शा के संचालन को लेकर चार विभागों से प्लान मांगा गया है, जिसके बाद इनके संचालन को लेकर नियम तय किए जाएंगे।

*रूट तय नहीं होने से हो रही दिक्कत, कम किराया होने से बढ़ रही संख्या*

*पूरे समय शहर में बने रहते हैं जाम के हालात बसों में चढ़ने वाले यात्री भी होते हैं परेशान*

### भोपाल टॉकीज, बस स्टैंड और रंगमहल पर किया कब्जा

पुराने शहर के अधिकतर चौराहों पर ई-रिक्शा का कब्जा बना हुआ है। नादिरा बस स्टैंड, अल्पना तिराहा, भारत टॉकीज चौराहा, चौक बाजार के अंदर की सड़कें, भोपाल टॉकीज, सिंधी कॉलोनी, करोंद चौराहा, भानपुर चौराहा, रंगमहल चौराहा सहित अन्य चौराहों के चारों ओर की सड़क के लेफ्ट टर्न पर ऑटो और ई-रिक्शा का कब्जा रहता है। इसके चलते पूरे समय यहां जाम की स्थिति बनी रहती है। इन ऑटो और ई-रिक्शा का कब्जा यहां बस स्टॉप पर भी रहता है। इसके चलते बसों को भी स्टॉप तक पहुंचने में दिक्कत होती है। ऑटो और ई-रिक्शा के कब्जे से दूसरे वाहनों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है। इसके अलावा आसपास की सड़कों पर भी ये सवारी के इंतजार में खड़े रहते हैं।

### अलग से बनाए जाएं बस स्टॉप



ई-रिक्शा के लिए चौराहों के आसपास अलग से स्टॉप बनाए जाने चाहिए, जिससे सड़क पर जाम के हालात नहीं बनेंगे। कई चालक सवारी लेने के लिए बीच सड़क पर ही ऑटो खड़ा कर सवारियों को बैठाते हैं, जिसको लेकर सख्ती करनी चाहिए।

**इमरान खान**, ई-रिक्शा चालक

### मुश्किल से हो रहा गुजारा



ई-रिक्शा मालिक को रोजाना तीन सौ रुपए देना पड़ते हैं, इसके साथ रात में पार्किंग चार्ज और बेटरी भी चार्ज कराना पड़ती है। ऐसे में गुजारा करना मुश्किल होता है। ऐसे में कई फेरे लगाने के लिए सड़कों के किनारे खड़े होकर सवारियों को बैठाना पड़ता है।

**रफीक खान**, ई-रिक्शा चालक

### ऑल इंडिया रैंक 1 और टॉप 100 में 25वां स्थान हासिल

# नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने जेईई मेन में शीर्ष रैंक के साथ परचम लहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद

नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने जेईई मेन 2025 के नतीजों में अपने शानदार प्रदर्शन कर अपना परचम लहराया है। ओपन कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक 1 और टॉप 100 में 25वां स्थान हासिल किया है। नारायणाइट्स ने ओपन कैटेगरी की टॉप 100 रैंक में एआईआर 1, 9, 12, 13, 19, 20, 21, 22, 24, 25, 26, 36, 36, 45, 47, 59, 60, 67, 80, 81, 84, 86, 87 और 95 हासिल किए। नारायण के छात्र वाणीव्रत माजी ने 300/300 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय टॉपर के रूप में उभरे-जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र छात्र विकास के लिए संस्थान की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर नारायणा के छात्रों ने अखिल भारतीय ओपन श्रेणी में शीर्ष 20 में से 6 रैंक भी हासिल की: शिवेन विकास तोशिनीवाल - एआईआर 9 एन-प्रेप, गुजरात, सौरव - एआईआर 12 एन-प्रेप, उत्तर प्रदेश, अर्चिस्मान नंदी - एआईआर 13 एन-प्रेप, पश्चिम बंगाल, सानिध्य सराफ - एआईआर 19 महाराष्ट्र, और आयुष सिंघल - एआईआर 20 राजस्थान, जो पूरे देश में नारायणा के मजबूत प्रभाव को दर्शाता है।

अत्यधिक गर्व के साथ पी. रामादेवी, कोर प्रबंधन समिति के सदस्य, डॉ. पी. सिंधुरा, और सुश्री पी. शरणी, नारायणा शैक्षणिक संस्थानों के निदेशक ने छात्रों के अटूट समर्पण, उनके परिवारों के दृढ़ समर्थन और सभी हितधारकों के सपनों को पूरा करने में नारायणा में शैक्षणिक और प्रशासनिक टीमों के अथक प्रयासों की सराहना की।

### तीसरी बार है जब नारायण ने एआईआर 1 हासिल किया: रामादेवी

पी. रामादेवी ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए कहाकि इस साल जेईई मेन के नतीजों में नारायण की निरंतरता एक बार फिर स्पष्ट है। पिछले छह वर्षों में यह तीसरी बार है जब नारायण ने एआईआर 1 हासिल किया है। इसके अलावा, पिछले पांच वर्षों में, नारायण के छात्रों ने सभी शीर्ष 10 रैंक में से 21 प्रतिशत हासिल किए हैं। नारायण शैक्षणिक संस्थानों नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस की निदेशक पी. शरानी ने कहाकि हमारे स्वामित्व वाले लर्निंग प्लेटफॉर्म, एनलर्न ने छात्रों को एक अलग प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दी है। वास्तविक समय की प्रगति ट्रैकिंग के साथ, शिक्षक प्रश्नों का तुरंत जवाब देने में सक्षम थे, जिससे तैयारी में काफी सुधार हुआ।

### अब ट्रक व अन्य भारी वाहन भी होंगे सुरक्षित

# जल्द शुरू होगा एनसीएपी की तर्ज पर सुरक्षा मूल्यांकन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुरक्षा बढ़ाने के लिहाज से देश में कारों की तरह अब ट्रकों और अन्य भारी वाणिज्यिक वाहनों का भी क्रैश टेस्ट होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ट्रकों और भारी वाणिज्यिक वाहनों के लिए सुरक्षा मूल्यांकन रेटिंग शुरू करने की योजना बना रहा है। यह मूल्यांकन देश के अपने क्रैश (वाहनों की टक्कर) टेस्ट कार्यक्रम भारत एनसीएपी (न्यू कार एसेसमेंट प्रोग्राम) की तर्ज पर होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ग्लोबल न्यू कार एसेसमेंट प्रोग्राम (जीएनसीएपी) और सड़क यातायात शिक्षा संस्थान (आईआरटीई) की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कहा। इसका उद्देश्य विनिर्माताओं को उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वाहन अधिक सुरक्षित बन सकें। भारत एनसीएपी 2023 में पेश किया गया था।

### देश में हर साल 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाएं

गडकरी ने कहा, भारत में हर साल सबसे अधिक घातक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। देश में हर साल करीब 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.8 लाख लोगों की मौत हो जाती है। यह आंकड़ा



चिंताजनक है। सरकार बैटरी चालित ई-रिक्शा के लिए मानकों और सुरक्षा मूल्यांकन प्रणाली पर पहले से ही काम कर रही है, क्योंकि उनको लेकर सुरक्षा संबंधी समस्याएं हैं। ई-रिक्शा में सुरक्षा सुधार से उनकी गुणवत्ता बेहतर होगी और अधिक रोजगार पैदा होगा। मंत्री ने कहा, सड़क मंत्रालय ट्रक चालकों के काम के घंटे निर्धारित करने के लिए एक कानून पर भी काम कर रहा है क्योंकि वर्तमान में वे प्रतिदिन 13-14 घंटे गाड़ी चलाते हैं। सरकार कुछ वर्षों में लॉजिस्टिक लागत को 14-16 फीसदी से घटाकर 9 फीसदी करने परकाम कर रही है। सरकार की प्राथमिकता सड़क सुरक्षा, सुरक्षित राजमार्गों का विस्तार, वाहन सुरक्षा और ई-वाहनों को बढ़ावा देना है।

### पब्लिक ट्रांसपोर्ट में होगा बड़ा बदलाव

# केंद्र सरकार कर रही है 14,028 इलेक्ट्रिक बसें खरीदने का विचार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार चरणबद्ध तरीके से 14,028 इलेक्ट्रिक बसें (ई-बसें) खरीदने पर विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहली निविदा संभवतः 10,000 बसों के लिए होगी, क्योंकि अभी बसों की मांग इसकी क्षमता से अधिक है।

केंद्र को कुल 7 में से 4 राज्यों- गुजरात, तेलंगाना, कर्नाटक और दिल्ली से 15,400 बसों की मांग प्राप्त हुई है। इसमें 2,500 बसों की मांग दिल्ली से हुई है। राज्यों की सूची में जिन राज्यों ने अभी अपनी मांग का उल्लेख नहीं किया है, उनमें महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। उपरोक्त उल्लिखित अधिकारी ने कहा, '4 राज्यों से 15,400 ई-बसों की मांग पहले ही आ चुकी है, जबकि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र की ओर से मांग का इंतजार किया जा रहा है। हमारी 14,028 बसों की क्षमता से अधिक मांग पहले ही आ चुकी है। ऐसे में हम आनुपातिक आधार पर टेंडर जारी करने पर विचार कर रहे हैं। हम कुछ बसें उन राज्यों के लिए रखेंगे, जिन्होंने अपनी मांग नहीं रखी है। संभवतः 10,000 से 11,000 बसों के लिए एक निविदा जारी की जाएगी। मंत्रालय ने 4,391 करोड़ रुपए का आवंटन 14,028 ई बसें चलाने के लिए आवंटित किया है।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए किया सतत ज्ञानवर्धन के महत्व को रेखांकित, ताकि खुले नए अवसरों के द्वार

# आईसीएआई भोपाल शाखा ने रेरा, फेमा, एएमएल और बेनामी कानून पर आयोजित किया सेमिनार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की भोपाल शाखा द्वारा रेरा, फेमा, एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग (एएमएल) और बेनामी कानून पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में 200 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, जिनमें कई नव-नियुक्त चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया और बदलते विधिक परिवेश में नए अवसरों की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में सचिव सीए अभिषेक जैन ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया। शाखा अध्यक्ष सीए अर्पित राय ने कहाकि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए सतत ज्ञानवर्धन के महत्व को रेखांकित किया। प्रथम तकनीकी सत्र में प्रमुख वक्ता सीए विष्णु अग्रवाल ने रेरा कानून और इसके प्रभावों पर गहन विवेचना प्रस्तुत की। इस सत्र का संचालन सीए नंदन नरुला (एमसीएम, भोपाल शाखा), सीए अभय छाजेड़ (अध्यक्ष, सीसीएलईए) सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों द्वारा किया गया। द्वितीय तकनीकी सत्र में एंटी-मनी लांडिंग (एएमएल) कानून और बेनामी लेनदेन के अंतर्संबंध पर सीए राजेश संघवी ने विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, विशेषकर नवोदित पेशेवरों, के लिए इस क्षेत्र में उभरते परामर्श और अनुपालन के नए अवसरों को रेखांकित किया। इस सत्र का सफल संचालन सीए प्रदीप मुतरेजा (सीआईसीएएसए अध्यक्ष, भोपाल शाखा) के नेतृत्व में तथा सीए आदित्य श्रीवास्तव (उपाध्यक्ष) और सीए पीयूष चातर (कोषाध्यक्ष) के सहयोग से हुआ। तृतीय तकनीकी सत्र में फेमा नियमों पर विशेषज्ञ सीए कुसाई गोआवाला द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और वित्तीय लेनदेन में फेमा अनुपालन के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला और विशेष रूप से नव-नियुक्त चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को अंतरराष्ट्रीय परामर्श सेवाओं के नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

### सालाना कमाई बढ़कर 2.69 लाख करोड़ रुपए

# रिलायंस को चौथी तिमाही में 19,407 करोड़ रु. का मुनाफा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने जनवरी-मार्च 2025 तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। इस दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट 19,407 करोड़ रुपए दर्ज किया गया, जो पिछली तिमाही के 18,540 करोड़ और पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि के 18,951 करोड़ रुपए से अधिक है। इस दौरान कंपनी का रेवेन्यू 2.61 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछली तिमाही के 2.40 लाख करोड़ और पिछले साल की समान तिमाही के 2.36 लाख करोड़ से अधिक है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के कंसोलिडेटेड एबिटा ने भी शानदार बढ़त दर्ज की है। यह वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 43,832 करोड़ रुपये रहा, जो पिछली तिमाही के 43,789 करोड़ और पिछले साल की समान तिमाही के 42,516 करोड़ से अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही आरआईएल का एबिटा मार्जिन थोड़ा घटकर 16.8 परसेंट पर आ गया है, जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 18 परसेंट पर था। वित्त वर्ष 2024-25 में ऑपरेशंस से कंपनी का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू पिछले साल के 240715 से 10 परसेंट बढ़कर 264573 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, पूरे वित्त वर्ष के दौरान ऑपरेशंस से रिलायंस इंडस्ट्रीज का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 980136 करोड़ रुपए पर आ गया, जो एक साल पहले 914472 था। इस दौरान कंपनी का खर्च भी बढ़ा है, जो मार्च 2024 के 217529 करोड़ के मुकाबले बढ़कर 240375 हो गया है। कंपनी का शुद्ध मुनाफा वित्त वर्ष 2024 के 69621 करोड़ के मुकाबले 69648 करोड़ हो गया है। कंपनी के ओ2सी बिजनेस ने भी अच्छा ग्रोथ हासिल किया है। 15.4 परसेंट की बढ़त के साथ इसका रेवेन्यू 1.65 ट्रिलियन रुपए तक पहुंच गया है।

## बिजनेस न्यूज

### आरकेडीएफ विवि में इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग प्रोग्राम




**भोपाल।** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय एवं आईएसआईई इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में इलेक्ट्रिक व्हीकल विषय पर पांच दिवसीय इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में बड़ी संख्या में विभिन्न महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के छात्र सम्मिलत हुए। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को ई-व्हीकल तकनीक, बैटरी प्रबंधन प्रणाली, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तथा ई-मोबिलिटी के भविष्य से रूबरू कराना था। उद्घाटन अवसर पर कुलपति प्रो. विजय अग्रवाल ने कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल न केवल पर्यावरण की दृष्टि से उपयोगी हैं, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करते हैं। युवाओं को इस क्षेत्र में दक्ष बनाना समय की मांग है। विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा इस तरह की इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग से छात्रों को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल योजना के उपलक्ष्य में आरकेडीएफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन सत्र में विश्व विद्यालय के महानिदेशक डॉ. बीएन सिंह, निदेशक अनुसंधान डा. वी.के. सेठी, कुलसचिव डॉ. एनके लारिया, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनील पाटिल, डॉ. रत्नेश जैन, संयोजक डॉ. अरुण पटेल, सह-संयोजक डॉ. संजय जैन तथा डॉ. रश्मि द्विवेदी एवं विश्व विद्यालय के अन्य शिक्षण गण एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहे इस ट्रेनिंग में इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में प्रतिष्ठित संस्था आई एस आई ई इंडिया के विशेषज्ञ और टेक्निकल ट्रेनर्स विद्यार्थियों को व्यावहारिक और सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स मोटर, कंट्रोलर, बैटरी पैक, चार्जिंग तकनीक आदि पर व्याख्यान एवं डेमो प्रस्तुत किया। छात्रों को थ्योरी के साथ-साथ हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल अनुभव भी करवाया गया। व्यावहारिक प्रशिक्षण आई एस आई ई इंडिया द्वारा विश्वविद्यालय में स्थापित उन्नत ईवी लैब में दिया गया।।

### अंतरराष्ट्रीय रोमिंग के लिए एयरटेल के नए प्लान लांच

**भोपाल।** एयरटेल ने अपने अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पोर्टफोलियो में नए प्लांस की घोषणा की है, जो ग्राहकों के लिए सरल, किफायती और पूरी तरह से सुविधाजनक अनुभव प्रदान करेंगे। कंपनी ने भारत की पहली अनलिमिटेड इंटरनेशनल रोमिंग प्लान्स लांच किए हैं, जो 189 देशों में अनलिमिटेड डेटा प्रदान करते हैं। एयरटेल ने लंबे समय तक विदेश में रहने वाले एनआरआई समुदाय के लिए 4000 का एक अनूठा रिचार्ज प्लान लांच किया है, जिसकी वैधता एक साल की है। इस प्लान में 5 जीबी डेटा और 100 वॉयस मिनट दिए जाते हैं, जो विदेश में उपयोग के लिए उपलब्ध है, जबकि भारत में ग्राहक इसी प्लान का उपयोग करते हुए 1.5जीबी डेली डेटा और अनलिमिटेड कॉल का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह प्लान ग्राहकों को 189 देशों में कहीं भी सुविधाजनक कनेक्टिविटी अनुभव प्रदान करता है और भारत में उसी नंबर का उपयोग करते हुए बिना अलग से रिचार्ज किए हुए सेवाओं का लाभ उठाने की सुविधा देता है। सिद्धार्थ शर्मा, डायरेक्टर (मार्केटिंग) और सीईओ - कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहाकि एयरटेल में, हम अपने ग्राहकों के जीवन को सरल बनाने और उन्हें अधिक मूल्य एवं सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने अपने इंटरनेशनल रोमिंग प्लान्स को बहुत ही सरल बना दिया है।

### यूनियन बैंक ने एफडी की ब्याज दरों में कटौती की

**भोपाल।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर मिलने वाले ब्याज में कटौती की है। इस बदलाव के बाद बैंक में एफडी कराने पर सामान्य नागरिकों को 3.50 फीसदी से 7.15फीसदी तक का सालाना ब्याज मिलेगा। ब्याज दरों में बदलाव 3 करोड़ से कम की एफडी पर किया है। आरबीआई के रेपो रेट में कटौती के बाद अब बैंक भी एफडी की ब्याज दरों में कटौती कर रहे हैं। इससे पहले हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने फिक्स डिपॉजिट (एफडी ) की ब्याज दरों में 0.20 फीसदी तक की कटौती की है। एसबीआई । में अब 1 साल की एफडी कराने पर 6.70 फीसदी ब्याज मिल रहा है। केनरा बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक सहित कई बैंकों ने भी एफडी पर ब्याज दरों में कटौती की है।

### प्रेस्टीज ने सेबी मे दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई।** प्रेस्टीज होटल वेंचर्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। आईपीओ में 5 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू शामिल है, जो कुल मिलाकर 1700 करोड़ रुपए तक है और 5 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है, जो कुल मिलाकर 1000 करोड़ रुपए तक है। बिक्री के प्रस्ताव में प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (प्रवर्तक विक्रय शेयरधारक) द्वारा 5 अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर शामिल हैं। प्रेस्टीज होटल वेंचर्स लिमिटेड ने शुद्ध आय से 1121.276 करोड़ रुपए की अनुमानित राशि का उपयोग करने का प्रस्ताव किया है, जो कंपनी और महत्वपूर्ण सहायक कंपनियों, अर्थात साई चक्र होटल्स प्राइवेट लिमिटेड और नॉर्थलैंड होल्डिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लिए गए 397.248 करोड़ रुपये के उधार की पूर्ण या आंशिक चुकौती या पूर्व-भुगतान के लिए है, ऐसी सहायक कंपनियों में 724.028 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

### पारंपरिक रूप से सोने की खरीदी है वृद्धि का प्रतीक

# अक्षय तृतीया पर हल्के वजन के आभूषणों ही नहीं अन्य वस्तुओं से बढ़ेगी सोने की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



सोने की कीमतें एक लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास मंडराने के बीच आभूषण विक्रेताओं को उम्मीद है कि इस अक्षय तृतीया पर हल्के वजन के आभूषणों और अन्य वस्तुओं की उपभोक्ता मांग बढ़ेगी। अक्षय तृतीया को बहुमूल्य धातुओं को खरीदने के लिहाज से शुभ दिन माना जाता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाने वाला अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को है।

श्री भोपाल होलसेल सराफा व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव गर्ग (गांधी)ने कहा कि जैसे-जैसे हम अक्षय तृतीया के करीब पहुंच रहे हैं, सोने का बाजार उत्सुकता से गुलजार हो रहा है।

अक्षय तृतीया भारत में अत्यधिक सांस्कृतिक महत्व रखती है। पारंपरिक रूप से सोने की खरीद में वृद्धि का प्रतीक है। इस साल सोने की ऊंची कीमतें होने के बावजूद हल्के वजन की वस्तुओं या आभूषणों की अच्छी मांग आने की उम्मीद है। कॉमेक्स सोना को 3,330 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की स्थायी अपील और भारतीय परंपराओं का अभिन्न अंग होने के कारण अक्षय तृतीया पर बिक्री में सकारात्मक वृद्धि होने की संभावना है।

### भारत-पाक तनाव बढ़ने के बावजूद

# विदेशी निवेशकों की वापसी 17424 करोड़ की खरीदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बावजूद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध खरीदार बने रहे। इस दौरान उन्होंने 17,424.88 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया। एनएसडीएल की ओर से जारी आंकड़ों से इसकी पुष्टि होती है। कश्मीर में आतंकवादियों की ओर से निर्दोष पर्यटकों की हत्या के बाद एक बड़ी भू-राजनीतिक चिंता पैदा हुई है। इसके कारण भारतीय बाजारों पर एक बड़ा असर दिखा। निवेशकों को भारत की जवाबी कार्रवाई की आशंका है, जैसा कि उरी और बालाकोट हमलों के बाद हुआ था। पिछली बार भारत की ओर से आतंकी हमलों के 10 और 15 दिन बाद कार्रवाई की गई थी। बैंकिंग और मार्केट एक्सपर्ट अजय बग्गा के अनुसार भू-राजनीतिक नतीजे और कश्मीर में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई का जोखिम भारतीय बाजारों पर हावी है। पिछले दो हफ्तों में मजबूत निवेश के बावजूद, अप्रैल में शुद्ध एफपीआई निवेश नकारात्मक बना हुआ है।




### निकासी 5,678 करोड़

एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल के लिए शुद्ध निकासी 5,678 करोड़ रुपए है। यह बताता है कि हाल के समय में बाजार में लौटा निवेश उससे पहले हुई निकासी की भरपाई फिलहाल पूरी नतह से नहीं कर पाया है।

वर्ष 2025 में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से बड़ी मात्रा में निकासी की है। 2025 के लिए अब तक एफपीआई की ओर से शुद्ध निकासी 1,22,252 करोड़ रुपए है। वैश्विक बाजार में भले ही आने वाले कुछ दिनों में सकारात्मक रुख दिखे पर भारत-पाकिस्तान की सीमा पर बढ़े मौजूदा तनाव के कारण भारतीय बाजारों पर दबाव दिख सकता है।

# एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने दर्ज किया 35,577 करोड़ का नया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जीवन बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 35,577 करोड़ रुपये का नया व्यवसाय प्रीमियम दर्ज किया, जबकि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए यह 38,238 करोड़ रुपए था। 31 मार्च, 2024 को समाप्त पिछले वर्ष की तुलना में नियमित प्रीमियम में 11 फीसदी की वृद्धि हुई है।

एसबीआई लाइफ का सुरक्षा नया व्यवसाय प्रीमियम 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 4,095 करोड़ रुपए रहा। सुरक्षा व्यक्तिगत नया व्यवसाय प्रीमियम 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 793 करोड़ रुपए रहा। व्यक्तिगत नया व्यवसाय प्रीमियम 31 मार्च, 2024 को समाप्त पिछले वर्ष की तुलना में 11 फीसदी वृद्धि के साथ 26,360 करोड़ रुपए रहा। 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए एसबीआई लाइफ का कर पश्चात लाभ 2,413 करोड़ रुपए रहेगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 27 फीसदी की वृद्धि है।


### 31 मार्च 2025 तक 1.96 पर मजबूत बना रहेगा

कंपनी का सॉल्वेंसी अनुपात 31 मार्च 2025 तक 1.96 पर मजबूत बना रहेगा, जबकि नियामक आवश्यकता 1.50 है। एसबीआई लाइफ का एयूएम भी 15 फीसदी की वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2025 को 4,48,039 करोड़ रुपए हो गया, जो 31 मार्च, 2024 को 3,88,923 करोड़ रुपए था, जिसमें 61:39 का ऋण-इक्विटी मिश्रण है।

### मप्र ग्रामीण बैंक एवं मध्यांचल ग्रामीण बैंक का समामेलन

# नवगठित मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक संपूर्ण प्रदेश में होंगे 1 मई से एक साथ कार्यरत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




भारत सरकार के प्रकाशित राजपत्र के अनुसार मध्यप्रदेश राज्य में विद्यमान मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक एवं मध्यांचल ग्रामीण बैंक को, जनहित एवं उपर्युक्त ग्रामीण बैंक द्वारा जिन क्षेत्रों में अपनी सेवाये दी जा रहीं है, उनके विकास के हित में मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक नाम से समामेलित गया है। नवगठित मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक का प्रायोजक बैंक, बैंक ऑफ इंडिया होगा तथा इसका प्रधान कार्यालय इंदौर में रहेगा। समामेलन की प्रभावी तिथि 01 मई 2025 रहेगी। नवगठित मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक अपनी कुल 1320 शाखाओं सहित मध्यप्रदेश राज्य के समस्त 55 जिलों में कार्यरत रहेगा। नवगठित मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक में पूर्ववर्ती मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक एवं मध्यांचल ग्रामीण बैंक में मिलने वाली ग्राहक सेवायें यथावत जारी रहेगी।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
**आम सूचना**
क्रमांक 615/ राजस्व/ भोविप्रा / 25
भोपाल, दि.25.04.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की सरदार वल्लभ भाई पटेल मिसरोद फेस-2, आपसी करार योजना में भूमिस्वामी श्री जमना प्रसाद आ. श्री भैरोलाल गुजराती को कार्यालय द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिनांक 13.05.2015 को जारी की गई है। भूमिस्वामी श्री जमना प्रसाद पाटीदार के मुख्तआम श्री धर्मराज पाटीदार एवं श्री गमलेश पाटीदार दोनो पुत्रगण श्री जमना प्रसाद पाटीदार द्वारा उक्त भूखण्ड क्रमांक-70 सेक्टर-ई. का विक्रय दिनांक 27.11.2024, श्री कार्तिक कोहली आ. श्री एस.सी कोहली को कर विक्रय-पत्र पंजीकृत किया गया है। श्रीमती दिव्या कोहली पत्नी श्री कार्तिक कोहली द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर भूखण्ड क्रमांक-70 सेक्टर-ई का नाम अद्यतन अपने नाम पर चाहा गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से सात दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/ दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वंतत्र रहेगा ।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
**आम सूचना**
क्रमांक 614/ राजस्व/ भोविप्रा / 25
भोपाल, दि.25.04.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की सरदार वल्लभ भाई पटेल मिसरोद फेस-2, आपसी करार योजना में भूमिस्वामी श्री जमना प्रसाद आ. श्री भैरोलाल गुजराती को कार्यालय द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिनांक 13.05.2015 को जारी की गई है। भूमिस्वामी श्री जमना प्रसाद पाटीदार के मुख्तआम श्री धर्मराज पाटीदार एवं श्री गमलेश पाटीदार दोनो पुत्रगण श्री जमना प्रसाद पाटीदार द्वारा उक्त भूखण्ड क्रमांक 69 सेक्टर-ई. का विक्रय दिनांक 27.11.2024, श्री कार्तिक कोहली आ. श्री एस.सी कोहली को कर विक्रय-पत्र पंजीकृत किया गया है। श्री कार्तिक कोहली आ. श्री एस.सी कोहली द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर भूखण्ड क्रमांक -69 सेक्टर-ई का नाम अद्यतन अपने नाम पर चाहा गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से सात दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/ दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वंतत्र रहेगा ।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बैतूल (म.प्र.)**
क्रमांक/स्वा.शा./ई./1994 बैतूल दिनांक 23/04/2025
**//ई-टेन्डर आमंत्रण सूचना //**
**(तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना)**
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य/सामग्री का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_418750_1 | CRANE SERVICE ON RENT INCLUDING DIESAL AND DRIVER OPERATOR COMPLETE IN WORKING CONDITION IN MUNICIPAL AREA AT MUNICIPAL OFFICE BETUL | 1. 2025-26<br>2. 500000/- | 1. 2000/-<br>2. 10000/- | 13/05/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/nicgep/app की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बैतूल**

**कार्यालय वनमंडल अधिकारी वनमंडल बैतूल (उत्पादन) म.प्र.**
दूरभाष क्रमांक- 07141-234408 Email - dfopbetul@mp.gov.in
क्रमांक/स्टोर/2025/ 4 बैतूल, दिनांक 21/4/2025
**निविदा सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन वृत्त बैतूल अंतर्गत उत्पादन वनमण्डल बैतूल के काष्ठागार बैतूल में पुरानी रखी कबाड सामग्री के विक्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2025-2026 में सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपए 500/- है। इच्छुक क्रेता वनमंडल कार्यालय उत्पादन बैतूल से आफलाईन निविदा फार्म एवं सामग्री की सूची क्रय कर सकता है, एवं निविदा आफलाईन ही जमा की जावेगी।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्र |
|---|---|---|
| 01 | लोहा, प्लास्टिक एवं टीन आदि पुरानी कबाड सामग्री | 8500 कि.ग्रा. |

**निविदा तिथि एवं समय का विवरण :-**

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Document Sale Start Date | 28/04/2025 | 11:00 AM |
| 02 | Bid Submission Closing Date | 08/05/2025 | 05:30 PM |
| 03 | Bid Opening Date | 09/05/2025 | 13:00 PM |

**(सचिन एच.एन.)**
**भा.व.से.**
**वनमंडल अधिकारी**
**(उत्पादन) वनमंडल बैतूल**
जी- 12006/25
स्वच्छता ही सेवा

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश में काफी आक्रोश है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि आतंकी हमले को अंजाम देने वाले व उसे प्रायोजित करने वाले को कड़ा सबक सिखाया जाय। सरकार ने इस दिशा में एक्शन शुरू कर दिया है। जम्मू-कश्मीर में जहां आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, वहीं सरकार पाकिस्तान के खिलाफ भी प्रतीकात्मक व क्रियात्मक एक्शन ले रही है। सिंधु जल संधि के निलंबन से लेकर पाकिस्तानियों को भारत छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं, उच्चायोग में कर्मियों की कटौती की गई है, अटारी व वाघा सीमा से ट्रेड बंद किए गए हैं, हालांकि ये पहले से ही बंद जैसे हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी ने हमलावर आतंकियों व इसके साजिशकर्ताओं को कल्पना से अधिक कड़ी सजा देने की बात कही है। आज इसकी जरूरत भी है। द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली है, टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा की ही शाखा है, ऐसे में इस आतंकी हमले में भी पाकिस्तान के तार जुड़ रहे हैं। पाक अधिकृत कश्मीर में पाक फौज व आईएसआई के कई आतंकी प्रशिक्षण ठिकाने हैं। पीछे सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक भी इसी क्षेत्र के आतंकी ठिकानों पर हुए थे। आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिए भारत का पीओके पर कब्जा जरूरी है। टेरर के खिलाफ एक्शन पर केंद्रित आजकल का यह अंक...**

# पीओके पर कब्जे से टूटेगी आतंक की कमर



कूटनीति
प्रभात कुमार राय
विदेश मामलों के जानकार

**पहलगाम नृशंस हत्याकांड के पश्चात भारत सरकार द्वारा जो तत्कालिक निर्णय लिए गए हैं, उनके संदर्भ में यक्ष प्रश्न है कि क्या वर्ष 1960 में पाकिस्तान के साथ अंजाम दी गई, सिंधु जल संधि को स्थगित कर देने से पाकिस्तान द्वारा परवरिश किए गए जिहादी आतंकवाद पर लगाम लगाई जा सकती है? क्या बाघा बॉर्डर और अटारी बॉर्डर को सील कर देने से भारत और पाकिस्तान के मध्य विद्यमान 3323 किलोमीटर लंबी सरहद पार करके लगातार दाखिल हो रहे जिहादी आतंकवादियों को जम्मू कश्मीर में दाखिल होने से रोका जा सकता है? कश्मीर की सरजमीं पर विगत 37 वर्षों से निरंतर जारी जिहादी आतंकवाद का निराकरण करने का क्या निर्णायक उपाय है?**

पाकिस्तान द्वारा प्रेरित और परिपोषित जिहादी आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में अंजाम दिया गया नृशंस हत्याकांड कश्मीर में जिहादी आतंकवाद का ज्वलंत प्रश्न वस्तुतः एक बार फिर से राष्ट्रीय पटल पर आ गया है। इस नृशंस हत्याकांड के पश्चात भारत सरकार द्वारा जो तत्कालिक निर्णय लिए गए हैं, उनके संदर्भ में यक्ष प्रश्न है कि क्या वर्ष 1960 में पाकिस्तान के साथ अंजाम दी गई, सिंधु जल संधि को स्थगित कर देने से पाकिस्तान द्वारा परवरिश किए गए जिहादी आतंकवाद पर लगाम लगाई जा सकती है? क्या बाघा बॉर्डर और अटारी बॉर्डर को सील कर देने से भारत और पाकिस्तान के मध्य विद्यमान 3323 किलोमीटर लंबी सरहद पार करके लगातार दाखिल हो रहे जिहादी आतंकवादियों को जम्मू कश्मीर में दाखिल होने से रोका जा सकता है? आखिरकार कश्मीर की सरजमीं पर विगत 37 वर्षों से निरंतर जारी जिहादी आतंकवाद का निराकरण करने का क्या निर्णायक उपाय है?

कश्मीर के ज्वलंत प्रश्न पर भारत और पाक के मध्य चार भीषण युद्ध लड़े गए, जिनमें पाक फौज पराजित हुईं, किंतु कश्मीर विवाद यथास्थान खड़ा है। आक्रामक युद्धों में शिकस्त खाने के पश्चात पाक हुक्मरानों ने कश्मीर पर आधिपत्य स्थापित करने की खातिर जिहादी दहशतगर्दों के द्वारा प्राक्सी वार संचालित करने की रणनीति अख्तियार की। विगत 36 वर्षों से निरंतर जारी प्राक्सी वार द्वारा प्रदत्त जख्मों को भारत निरंतर झेलकर अपने तकरीबन 45 हजार सैनिकों और अफसरों का बलिदान दे चुका है। यूं तो कश्मीर की सरजमीं पर तकरीबन एक लाख से अधिक इंसान अपनी जान गवां चुके हैं। आखिरकार क्या निदान है कश्मीर विवाद का और पाकिस्तान द्वारा प्रेषित परिपोषित जिहादी आतंकवाद का?

## प्रॉक्सी वार कर रहा पाकिस्तान

भारत के दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन के तत्पश्चात ही पाक हुकूमत द्वारा कश्मीर को सैन्य शक्ति द्वारा हथियाने की बाकायदा संगीन कोशिश अंजाम दी गई। जबकि पश्तुन कबाईली हमले का नकाब धारण करके मेजर जनरल अकबर अली खान के नेतृत्व में पाक फौज द्वारा ऑपरेशन गुलमर्ग के तहत रियासत कश्मीर पर 22 अक्टूबर 1947 को सैन्य धावा बोला गया। जम्मू कश्मीर रियासत के महाराजा हरि सिंह की छोटी सी सेना ताकतवर पाक फौज के आक्रमण का मुकाबला करने में नाकाम सिद्ध हुई। अंततः महाराजा हरि सिंह ने तत्काल प्रभाव से 26 अक्टूबर 1947 को संपूर्ण जम्मू कश्मीर रियासत का भारत के साथ संविलयन करने के लिए बाकायदा विलयपत्र पर दस्तखत कर दिए। भारतीय फौज आक्रमणकारी पाकिस्तानी फौज़ को जबरदस्त शिकस्त देते हुए निरंतर गति से आगे बढ़ रही थी और अपनी विजय पताका फहराती हुई उरी इलाके तक पहुंच गई थी, जहां से पाक अधिकृत कश्मीर का मुजफ्फराबाद इलाका कुछ ही घंटे की दूरी पर स्थित था। विजय पताका लहराती हुई भारतीय सेना को यकायक युद्ध विराम करने का आदेश भारत की केंद्रीय हुकूमत द्वारा दिया गया। भारत की तत्कालीन अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू कश्मीर विवाद को संयुक्त राष्ट्र में ले गए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जम्मू कश्मीर में जनमत संग्रह आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया। पाकिस्तान की हठधर्मिता के कारण जम्मू-कश्मीर में कभी संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में जनमत संग्रह नहीं आयोजित किया जा सका। 1988 से पाक हुकूमत ने कश्मीर पर बलपूर्वक आधिपत्य स्थापित करने के लिए प्रॉक्सी वार का संचालन प्रारंभ किया।



## आर्टिकल 370 को निरस्त किया

वर्ष 2019 में भारत सरकार में जम्मू कश्मीर प्रांत के लिए भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त आर्टिकल 370 को निरस्त किया। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा यह दावा पेश किया गया कि आर्टिकल 370 के निरस्त हो जाने से कश्मीर में जिहादी आतंकवाद का स्वतः सफाया हो जाएगा। मोदी सरकार द्वारा नोटबंदी अंजाम दी गई और दावा किया गया कि भारत में सक्रिय आतंकवादी गिरोहों की कमर टूट जाएगी। नोटबंदी से आतंकवादियों की कमर तो कदाचित नहीं टूट सकी, छोटे व्यापारियों की कमर जरूर टूट गई। कश्मीर में आतंकवाद निरंतर सक्रिय बना रहा, किंतु उसकी घातक क्षमता में किंचित मात्र कमी जरूर आई।

मंगलवार 22 अप्रैल को पहलगाम में जो अत्यंत बर्बर और नृशंस वारदात अंजाम दी गई, इसे विगत 10 वर्षों में सबसे विकट और घातक आतंकवादी हमला करार दिया जा रहा है। इस वारदात के बाद भारत सरकार की कश्मीर नीति पर अनेक तल्ख़ प्रश्न उठ खड़े हुए हैं। वर्ष 2014 में सत्तासीन होते ही नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर में जिहादी आतंकवाद का सफाया करने का जबरदस्त वादा पेश किया गया था। भारत की केंद्रीय हुकूमत ने ऐलान किया था कि आर्टिकल 370 के समापन के बाद भारत के सभी प्रांतों के लोग जम्मू-कश्मीर में अब जमीन खरीद सकते हैं, अपने उद्योग धंधे स्थापित कर सकते हैं, अपने घरों का निर्माण कर सकते हैं।

## नागरिकों को कड़ी सुरक्षा का दावा

भारत सरकार की कश्मीर नीति का सबसे आवश्यक ऐलान रहा है कि कश्मीर घाटी में पर्यटन को बढ़ावा प्रदान करना है और साथ ही भारतीय नागरिकों को कड़ी सुरक्षा प्रदान करनी है। यकीनन कश्मीर घाटी में पर्यटकों की संख्या में आश्चर्यजनक रूप से वृद्धि होने का दीदार हुआ। विगत वर्ष 2024 में तकरीबन 35 लाख पर्यटक कश्मीर घाटी में पधारे। कश्मीर की सरजमीं पर बॉर्डर टूरिज्म का भी आगाज़ किया गया। भारतीय हुकूमत की तरफ से कश्मीर में बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर की जबरदस्त तामीरें अंजाम दी गई। अनेक शानदार बड़े टनल निर्मित किए गए। जम्मू कश्मीर के अत्यंत दुर्गम इलाकों को आपस में संबद्ध करने का अत्यंत दुरूह काम अंजाम दिया गया। इसी वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोनमर्ग टनल का उद्घाटन किया जोकि सोनमर्ग को गगनगिरी से संबद्ध करता है। जम्मू-कश्मीर में ऊंची तालीम प्रदान करने के लिए अनेक संस्थानों का निर्माण किया गया। भारतीय हुकूमत की तरफ से यह पैगाम दिया गया कि कश्मीर में अब खौफ ओ दहशत का दौर खत्म हो गया है। भारतीय हुकूमत निरंतर दावा पेश करती रही कि कश्मीर में हालात सामान्य हो गए हैं और जिहादी दहशतगर्दी पर कठोर नियंत्रण स्थापित कर लिया गया है। भारत को एकजुट रखने के लिए केंद्रीय हुकूमत में शासन करने वाली पार्टी को अपनी ध्रुवीकरण और विभाजनकारी नीतियों का पूर्णतया परित्याग भी करना होगा। जिहादी आतंकवादी तो मजहब को आधार बनाकर मारने से पहले नाम पूछेंगे ही, क्योंकि पाकिस्तान का निर्माण ही मजहब के आधार पर हुआ है। यक्ष प्रश्न यह है कि हम भारतीय क्या कर रहे हैं? पहलगाम क्षेत्र से जहां पर यह दुर्भाग्यपूर्ण आतंकवादी घटना अंजाम दी गई, भारतीय सेना की सुरक्षा हटा ली गई थी और तकरीबन डेढ़ वर्ष पूर्व जम्मू-कश्मीर पुलिस को इस क्षेत्र की समस्त सुरक्षा सौंप दी गई थी। एक ज्वलंत तथ्य पोनी घोड़ा चलाने वाला एक शख्स जो कि मजहब से मुसलमान था, उसने एक आतंकवादी से राइफल छीन लेने के प्रयास में अपनी जान दे दी। पहलगाम में तकरीबन दो हजार पर्यटकों की भीड़ को सुरक्षा देने वाला एक भी पुलिसकर्मी विद्यमान नहीं था। पाकिस्तान के दहशतगर्द जिहादी शर्मनाक और नृशंस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद मौका ए वारदात से बिना किसी मुकाबले के फरार हो गए।

## आतंकवादी हमले का मिला था इनपुट

इंटेलिजेंस के रॉबिनहुड कहे जाने वाले नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजित डोभाल कितने नाकाम सिद्ध हुए। पुलवामा की तरह पहलगाम में इंटेलिजेंस का इनपुट था कि आतंकवादी हमला अंजाम दिया जा सकता है, किंतु केंद्रीय हुकूमत ने इस पर कोई तवज्जो प्रदान नहीं की। आखिरकार वही हुआ जो कि नहीं होना था। वर्ष 2019 में आर्टिकल 370 को निरस्त करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2024 में पहली दफा कश्मीर घाटी का दौरा किया। नरेंद्र मोदी का जम्मू-कश्मीर दौरा लोकसभा चुनाव से कुछ वक्त पहले संपन्न हुआ था। श्रीनगर की एक बड़ी आम सभा में जोरदार तकरीर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरमाया था कि कश्मीरी आजादी की सांस ले रहे हैं उन्होंने आगे फरमाया कि आर्टिकल 370 के निरस्त हो जाने के बाद कश्मीर की प्रगति और समृद्धि नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रही है। प्रधानमंत्री ने अपनी तकरीर में आगे कहा कि वर्षों तक कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने आर्टिकल 370 के विषय में जम्मू-कश्मीर और राष्ट्र के लोगों को भरमाया और बरगलाया। भारतीय हुकूमत के प्रधानमंत्री के तमाम दावों के बावजूद कश्मीर की वस्तु स्थिति के वास्तविक जानकार निरंतर कहते रहे हैं कि कश्मीर में जिहादी आतंकवाद पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका और यहां-वहां जम्मू-कश्मीर में अनेक स्थानों पर आतंकवादी हिंसा निरंतर जारी रही है। भारतीय सैनिक और कश्मीरी नागरिक आतंकवादियों द्वारा निरंतर हलाक़ किए जाते रहे हैं। जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा खत्म किए जाने के बाद सुरक्षा प्रबंधन की संपूर्ण शक्तियां केंद्रीय हुकूमत के हाथों में निहित रही हैं। कश्मीर में आतंकवाद की कमर तोड़ देने का केंद्रीय गृहमंत्री का दावा एकदम खोखला सिद्ध हुआ। कश्मीर घाटी की कठोर सच्चाई है कि आर्टिकल 370 को निरस्त किए जाने के बाद कश्मीर घाटी के आवाम पहले की ही तरह आतंकवाद की दहशत से पूर्णतया मुक्त नहीं हुए हैं। वर्ष 2019 में ही पुलवामा में आतंकवादी आक्रमण में सीआरपीएफ के 40 जवान मारे गए। केंद्रीय हुकूमत ने कश्मीर से आतंकवाद का सफाया करने के लिए ऐसा कुछ भी नहीं किया, जोकि पहले से नहीं किया जा रहा था।

## संसद के प्रस्ताव को जामा पहनाना होगा

भारत को आतंकवाद के प्रतिरोध को अंजाम देने में तभी कामयाबी मिलेगी,जब भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा कथित एलओसी अर्थात लाइन ऑफ़ कंट्रोल को रौंद कर पाक अधिकृत कश्मीर में पाक आईएसआई द्वारा स्थापित किए गए आतंकवादी सैन्य शिविरों पर निरंतर आक्रमण अंजाम दिए जाएं। वर्ष 1993 में भारतीय संसद एक मत से यह प्रस्ताव पारित कर चुकी है कि संपूर्ण कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। वक्त आ गया है कि संसद के प्रस्ताव को भारतीय हुकूमत द्वारा अमली जामा पहनाया जाए और अधिकृत कश्मीर को भारत में शामिल करने के लिए एक बड़ी सैनिक कार्यवाही अंजाम दी जाए। अन्यथा कश्मीर में आतंकवाद का सफाया नामुमकिन रहेगा। कश्मीर पर संपूर्ण आधिपत्य स्थापित करने के लिए भारत को कूटनीति के साथ सैन्यनीति से एक निर्णायक जंग पाकिस्तान से लड़नी ही होगी।

# भारत की ओर से सैन्य कार्रवाई ही शेष



पहलगाम
अवधेश कुमार
वरिष्ठ स्तंभकार

पहलगाम हमले के बाद संपूर्ण देश का सामूहिक मानस वैसी कार्रवाई, प्रतिरोध और प्रतिशोध का इच्छुक है जिससे भारत को दोबारा ऐसी भयानक घटना का सामना न करना पड़े। यह स्वाभाविक है। एक समय जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं आम थी और तब भी लोगों के अंदर क्रोध पैदा होता था लेकिन आम मानस यह था कि इसे रोकना अभी संभव नहीं। 5 अगस्त, 2019 को जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने के बाद माहौल बदला, आतंकवादी घटनाओं में व्यापक कमी आई है। जम्मू के साथ-साथ कश्मीर घाटी भी धीरे-धीरे आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक,शैक्षणिक गतिविधियों में देश के सामान्य राज्य की तरह काफी हद तक पटरी पर लौट गई है। ऐसे माहौल में एक साथ 26 हिंदुओं तथा एक गैर मुस्लिम की हत्या के बाद उबाल स्वाभाविक है।

## आतंकवाद के नाश का संकल्प

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने भी आंतरिक और सीमा पार आतंकवाद के समूल नाश का सक्रिय संकल्प दिखाया है। मोदी सरकार ने 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक तथा 2018 में पुलवामा हमले के बाद हवाई बमबारी जैसी भारत की दृष्टि से अकल्पनीय मानी जाने वाली कार्रवाई करके देश का विश्वास प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री ने स्वयं 24 अप्रैल को बिहार के मधुबनी की आमसभा में केवल आतंकवादी नहीं उनको प्रायोजित करने वाली शक्तियों के विरुद्ध भी ऐसी कार्रवाई की घोषणा की जिसकी कल्पना नहीं की गई होगी। उनका विश्व के लिए संदेश था कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत कमर कस चुका है और कार्रवाई करेगा। कोई देश सार्वजनिक संकल्प दिखाते हुए समानांतर कदम उठाता है और उसकी पृष्ठभूमि आतंकवाद के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता की हो चुकी है तो विश्व समुदाय को भी सोच और व्यवहार को उसके अनुरूप बदलना पड़ता है। हम देख रहे हैं कि पाकिस्तान के साथ एक देश नहीं खड़ा है। वे मुस्लिम देश, जो सामान्यतः जम्मू कश्मीर पर इस्लामिक सम्मेलन संगठन या ओआईसी में उसका साथ देते थे, हिम्मत नहीं दिखा रहे। अमेरिकी विदेश विभाग की ब्रीफिंग में एक पाकिस्तानी पत्रकार के प्रश्न की विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने हिकारत के भाव से उपेक्षा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि वे इस पर भारत के साथ हैं। सच है कि काश पटेल के नेतृत्व में अमेरिका की एफबीआई तथा तुलसी गवार्ड के निर्देशन में नेशनल इंटेलिजेंस आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में भारत के साथ खड़ा है। यूरोपीय देशों ने स्पष्ट रूप से भारत का समर्थन किया है। पाकिस्तान ने यद्यपि इस्लामाबाद में 26 देशों के राजनयिकों को बुलाकर अपनी दृष्टि से ब्रीफिंग की किंतु कोई उससे प्रभावित है, ऐसा लगता नहीं।

## सिंधु जल संधि स्थगित

प्रश्न है कि भारत क्या कर सकता है, क्या करेगा और कैसी संभावनाएं हैं? घटना के दूसरे दिन गृह मंत्री अमित शाह के जम्मू कश्मीर से लौटने के बाद मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति ने तत्काल प्रभाव से पाकिस्तानियों को दिये हर तरह का वीजा रद करने, उन्हें देश छोड़ने, पाकिस्तानी



उच्चायोग से रक्षा और सैनिक विभाग के अपने समकक्षों को इस्लामाबाद से बुलाने तथा संख्या कम करने का अदम उठाया। इसके साथ सिंधु जल संधि स्थगित करने का अभूतपूर्व कदम उठाया। पाकिस्तान ने इसकी प्रतिक्रिया में सीनेट में प्रस्ताव पारित किया तथा आतंकवादी घटना से स्वयं को अलग करते हुए भारत पर ही बदनाम करने का आरोप लगाया। पाकिस्तान का सबसे बड़ा वक्तव्य है कि सिंधु जल समझौते को रद करना युद्ध जैसा कदम है। उसने 1972 के शिमला समझौते को समाप्त करने की धमकी दी। पाकिस्तान की दुर्दशा देखिए कि रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक साक्षात्कार में आतंकी संगठनों के वित्त पोषण, प्रशिक्षण और समर्थन के इतिहास संबंधी प्रश्न पर स्वीकार किया कि हम अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए ऐसा करते रहे हैं और हमें इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। हम अगर सोवियत संघ के खिलाफ अफगानिस्तान युद्ध या 9/11 में साथ नहीं होते तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड साफ रहता। तो इतना उन्होंने स्वीकार किया। यह भी वास्तविक सच को इस मायने में झूठलाना है क्योंकि स्थिति का लाभ उठाते हुए जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पाकिस्तान ने अपनी ओर से प्रायोजित किया और उसका पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया जो एक हद तक अभी भी कायम है। विश्व के प्रमुख देशों की सूचना में ये सारी बातें हैं। इसलिए भारत ने जब 2018 में हवाई बमबारी की तो एक भी देश ने उसका विरोध नहीं किया। उस समय भी डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के और व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति थे। निःसंदेह, संपूर्ण देश में पाकिस्तान के विरुद्ध सैनिक कार्रवाई या युद्ध का माहौल बना हुआ है। इस दृष्टि से देखें तो सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई बमबारी की जा चुकी तथा इसके प्रभाव भी पड़े। स्वाभाविक ही इससे बड़ी कार्रवाई की स्थिति सामने है। तो आगे क्या? जम्मू-कश्मीर के लिए आंतरिक और बाह्य दोनों स्तरों पर कार्रवाई की आवश्यकता थी, जो हो रही है। पहलगाम के बाद उसको पूर्णता तक ले जाना अपरिहार्य हो गया है। भारत ने आंतरिक रूप से पहलगाम हमले के एक आतंकवादी अनंतनाग के बरा स्थित आदिल ठोकर उर्फ आदिल कुड़ी के घर को ध्वस्त किया तथा दूसरे आतंकवादी जैश ए मोहम्मद के आसिफ शेख का मकान तलाशी के दौरान स्वयं ध्वस्त हो गया।

## भारत अब बदल चुका

यह आतंकवादियों को सीधा संदेश है कि भारत बदल चुका है। सच यही है कि जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में न केवल भारत बदला है बल्कि जम्मू कश्मीर तथा अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य भी बदला हुआ है। यह पहली बार है जब आतंकवादी घटना के विरुद्ध कम या ज्यादा संख्या में संपूर्ण जम्मू कश्मीर से लोग सड़कों पर आए हैं, कैंडल मार्च और धरना प्रदर्शन हो रहे हैं। हालांकि यह सब गृह मंत्री अमित शाह के कश्मीर दौरे के बाद ही आरंभ हुआ। अमित शाह के साथ बैठक में मुख्यमंत्री के रूप में उमर अब्दुल्ला भी उपस्थित थे और वहां कुछ बातें हुई होगी। उसके बाद नेशनल कांफ्रेंस ने पहली बार विरोध प्रदर्शन किया और महबूबा मुफ्ती जैसी पाकिस्तान के प्रति नरम नीति अपनाने वाली नेत्री को भी सड़क पर उतरना पड़ा। कश्मीर में जहां आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा कार्रवाई के विरुद्ध नारे लगाते थे, पत्थरबाजी होती थी और किसी तरह आतंकवादियों के निकल भागने का रास्ता तैयार किया जाता था, उसके विपरीत यह दृश्य निश्चित रूप से महत्वपूर्ण बदलाव का संदेश है। थोड़ी गहराई और व्यापकता से विचार करें तो निष्कर्ष आएगा कि सीमा पर सैन्य कार्रवाई को छोड़कर किसी देश के विरुद्ध जितने कदम उठाए जा सकते थे, लगभग भारत ने एक बारगी उठा लिया है। इसका अर्थ है कि भारत समग्रता में दीर्घकालिक समाधान की दृष्टि से बहुपक्षीय कार्रवाई की ओर अग्रसर है।

# सबक सिखाना और सीखना दोनों जरूरी



आतंकवाद
राजकुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक

बड़े लोगों के परिजन अकसर विदेश में ही रहते हैं, पर कहा जा रहा है कि सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर समेत पाकिस्तान के बड़े सैन्य अधिकारियों ने परिवारों को यूरोप भेज दिया है। यह पहलगाम पर आतंकी हमले के बाद भारत-पाक में बढ़ते तनाव का असर है। उन्हें डर है कि प्रतिक्रियास्वरूप भारत बड़ी कार्रवाई कर सकता है। अभी तक सरकार ने सिंधु जल संधि स्थगित करने, पाक उच्चायोग स्टाफ घटाने, सार्क समेत 14 श्रेणियों में पाक नागरिकों को जारी वीजा तुरंत रद करने और अटारी बॉर्डर बंद करने जैसे कुछ सख्त फैसले लिये हैं। पाकिस्तान ने भी भारत के लिए अपना एयरस्पेस बंद करते हुए जवाबी कदम उठाये हैं। यह तनाव और बढ़ सकता है। इसी साल विधानसभा चुनाव वाले बिहार में जनसभा के बजाय दिल्ली में हुई सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आतंकियों को 'मिट्टी में मिला देने' की चेतावनी देते तो शायद और बेहतर संदेश जाता। बिहार को कुछ सौगातें देने के मौके पर जनसभा में मोदी ने कहा कि 'उन्हें उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा' मिलेगी। धार्मिक पहचान पूछ कर 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले मानवता के दुश्मनों को कठोरतम सजा मिलनी ही चाहिए, पर उनको नापाक मंसूबों में सफल हो जाने देने के लिए जिम्मेदार हमारे तंत्र पर भी तो गाज गिरनी चाहिए। पर्यटन कश्मीर की अर्थव्यस्था की रीढ़ है।

## सुरक्षा में चूक का सवाल

हाल के वर्षों में वहां पर्यटकों की बढ़ती संख्या भी सुखद है। फिर स्विटजरलैंड से तुलना वाली पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हजारों पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कोई मौजूद क्यों नहीं था? आखिर देश भर से ये पर्यटक 'स्थिति सामान्य' होने के सरकारी दावों पर भरोसा करते हुए ही वहां गये थे। आपसी रिश्ते रसातल में पहुंच जाने के बावजूद इस संकटकाल में विपक्ष ने हर कदम के लिए सरकार को समर्थन देकर समझदारी का परिचय दिया है, लेकिन सुरक्षा में चूक की बात घुमा-फिरा कर स्वीकार करने वाली व्यवस्था खुद पर उठते सवालों का जवाब कब देगी? केंद्र सरकार के ये स्पष्टीकरण कि टूर ऑपरेटर्स ने बिना बताये टूर शुरू कर दिये तथा जहां हमला हुआ, वह जगह मेन रोड से बहुत दूर है, गैर-जिम्मेदारी की पराकाष्ठा हैं। जो सरकारी तंत्र हजारों पर्यटकों के पहलगाम पहुंचने की जानकारी के लिए टूर ऑपरेटर्स की सूचना पर निर्भर हो तथा घटनास्थल मेन रोड से बहुत दूर होने के कारण वहां पर सुरक्षाकर्मी न होने का कुतर्क दे सकता हो, उसकी क्षमता और दक्षता पर ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं रह जाती। सामान्य समझ भी बताती है कि ऐसे हमले को बिना सुनियोजित साजिश और लंबी तैयारी के अंजाम नहीं दिया जा सकता।

## हमारे सत्ता तंत्र की जवाबदेही

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान द्वारा पुनः कश्मीर राग आलापे जाने तथा पाक सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर द्वारा अचानक हिंदू-मुसलमान के बीच स्पष्ट भेद बताते हुए



द्विराष्ट्र थ्योरी पर कुतर्कों के साथ लंबे प्रवचन से भी हमारी व्यवस्था के कान खड़े नहीं हुए। वैसे जो तंत्र हमले की आशंका की खुफिया सूचना के बावजूद पर्यटक स्थलों पर भी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाया, उससे दुनिया के घटनाक्रम से सजग होने की उम्मीद नहीं जा सकती। पहलगाम जैसे लोकप्रिय पर्यटक स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था नदारद होने से सेना की घटती संख्या तथा अग्निवीर जैसी विवादास्पद योजना पर भी नये सिरे से सवाल उठने लगे हैं। तर्क दिया जा सकता है कि सुरक्षा में चूक के बाद सवाल उठना स्वाभाविक है, लेकिन इनके जवाब दूरगामी प्रभाव और परिणाम तय करेंगे।

पाकिस्तान तो अस्तित्व में आने के बाद से ही भारत में अलगाववाद और आतंकवाद फैलाने की साजिशें रचता रहा है, पर उन्हें नाकाम करते हुए देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी और जवाबदेही हमारे सत्ता तंत्र की है। इसलिए नापाक पाक पर निशाना साधते हुए भी अपनी नाकामी की जिम्मेदारी और जवाबदेही से पल्ला नहीं झाड़ा जा सकता। संविधान संशोधनों के बाद जम्मू-कश्मीर की वास्तविक कमान केंद्र सरकार और उसके प्रतिनिधि उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा के ही हाथ है। पिछले साल अक्तूबर में विधानसभा चुनाव हो जाने के बावजूद सुरक्षा संबंधी अहम बैठकों में निर्वाचित सरकार के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को बुलाया तक नहीं जाता। बेहद संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में निर्वाचित सरकार को नजरअंदाज कर सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद से लड़ाई में सफलता की सोच में ही विफलता निहित है। दूसरा बड़ा मुद्दा धार्मिक पहचान पूछ कर मारे जाने को बनाया जा रहा है। बेशक यह मानवता के विरुद्ध है, पर मानवता के विरुद्ध तो आतंकवाद ही है। पंजाब में आतंकवाद के दौर में भी धार्मिक पहचान के आधार पर बसों से उतार कर हत्या की जाती थी। पहलगाम में तो हिंदू पर्यटकों की जान बचाते हुए एक मुस्लिम ने अपनी जान तक गंवा दी। फिर भी देश के कई हिस्सों में कश्मीरी छात्रों को निशाना बना कर सांप्रदायिक विभाजन के पाकिस्तानी मंसूबे पूरे करने में कुछ लोग मददगार बनने को उतावले नजर आ रहे हैं। भारत और पाकिस्तान ही नहीं, दुनिया को भी लग रहा है कि कुछ बड़ा होगा, पर कोई नहीं जानता कि वास्तव में क्या होगा, लेकन जो भी होगा, आतंकवाद पर करारा वार होगा। मोदी के ऐसे सख्त बोल पिछली बार 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा हमले पर सुनायी पड़े थे और 26 फरवरी को तड़के भारतीय लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान के बालाकोट में एयरस्ट्राइक कर जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी शिविरों को तबाह कर दिया। उरी हमले के जवाब में सर्जिकल स्ट्राइक के बाद यह दूसरी बार था, जब भारत ने सीमा पार कर आतंकियों और उनके आकाओं को सबक सिखाया। उसी के बाद सरकार और भाजपा ने नारा बुलंद किया कि यह नया भारत है, जो दुश्मन को घर में घुस कर मारता है। नारा जनता के सिर चढ़ कर बोला और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटें 282 से बढ़ कर 303 हो गयीं। उत्साहित मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले, संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त करते हुए उसे विभाजित भी कर दिया।

## प्रायोजित आतंकी हमले जारी

दावा किया गया कि अनुच्छेद 370 अलगाववाद और आतंकवाद का औजार बन गया था। बाद के सालों में जम्मू-कश्मीर में बेहतर हालात का दावा भी किया जाता रहा, लेकिन पहलगाम हमला बताता है कि सुरक्षा के मोर्चे पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। पाक प्रायोजित आतंकवाद के मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे। हमेशा की तरह इस बार भी पाकिस्तान न भी माने, पर दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ है कि पहलगाम में सीमा पार प्रायोजित आतंकी हमला ही था, लेकिन अप्रत्याशित हरगिज नहीं था।

# एक्वा बीमा को बढ़ावा देने 255 करोड़ की मत्स्य पालन परियोजनाओं का उद्घाटन कल

## मत्स्य पालन विभाग 28 को मुंबई में तटीय राज्यों की बैठक-2025 की मेजबानी करेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत मत्स्य पालन विभाग 28 अप्रैल को मुंबई के होटल ताज महल पैलेस में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय की अध्यक्षता में तटीय राज्यों की बैठक का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम में राज्य मंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल और राज्य मंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के जॉर्ज कुरियन भी भाग लेंगे।

**मुंबई के होटल ताज महल पैलेस में आयोजन**

*केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह समुद्री मत्स्य पालन जनगणना अभियान का शुभारंभ करेंगे*



### मत्स्य पालन क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा

राजीव रंजन धानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 255.30 करोड़ के परिव्यय के साथ 7 तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। यह तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मत्स्य पालन क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वह समुद्री मत्स्य पालन को मजबूत करने और समुद्री मत्स्य पालन जनगणना संचालन, कछुआ बहिष्करण उपकरण परियोजना और पोत संचार और सहायता प्रणाली के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी करने सहित स्थायी प्रणालियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रमुख पहलों की भी शुरुआत करेंगे।

### तटीय मछली पकड़ने वाले गांवों को प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे

इस अवसर पर उत्कृष्ट सहकारी समितियों, एफएफपीओ, मत्स्य पालन स्टार्ट-अप और जलवायु-अनुकूल तटीय मछली पकड़ने वाले गांवों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। लाभार्थियों को एक्वा बीमा प्रमाण पत्र और किसान क्रेडिट कार्ड भी प्राप्त होंगे।

### कई तकनीकी सत्र भी आयोजित किए जाएंगे

तटीय राज्यों की बैठक 2025 में समुद्री मत्स्य पालन प्रशासन को मजबूत बनाने सहित प्रमुख तकनीकी सत्र- समुद्री मत्स्य पालन विनियमन अधिनियम , निगरानी, नियंत्रण और निगरानीँ और समुद्री सुरक्षा को एकीकृत करना; मॉडल समुद्री कृषि एसओपी; पोत संचार और सहायता प्रणाली की मानक संचालन प्रक्रिया; निर्यात संवर्धन प्रसंस्करण, मूल्य श्रृंखला और गुणवत्ता सुधार और समुद्री कैप्चर मत्स्य पालन में ट्रेसेबिलिटी और प्रमाणन को बढ़ावा देना भी शामिल होंगे।

### राज्यों के ये मंत्री भी होंगे शामिल

इस सम्मेलन में महाराष्ट्र के मत्स्य पालन मंत्री नितेश नीलम नारायण राणे, गुजरात के मत्स्य पालन मंत्री राघवजीभाई पटेल, गोवा के मत्स्य पालन मंत्रीनीलकंठ हलारंकर, कर्नाटक के मत्स्य पालन मंत्री मनकाला एस वैद्य, आंध्र प्रदेश के मत्स्य पालन मंत्री किंजरापु अच्चानायडू, ओडिशा के मंत्री गोकुलानंद मलिक रहेंगे।

### समुद्री मत्स्य पालन को और मजबूत करने का लक्ष्य रखा

इन सत्रों का उद्देश्य समुद्री मत्स्य पालन को मजबूत करने, सुरक्षा सुनिश्चित करने, टिकाऊ समुद्री कृषि को बढ़ावा देने और निर्यात क्षमताओं में सुधार करने के लिए नीति की व्यावहारिक समझ और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करना है। कार्यक्रम में एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

### राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में इसका योगदान अहम

भारत में मत्स्य पालन क्षेत्र ग्रामीण आजीविका को सहारा देने और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान देने में अहम भूमिका है। विशाल समुद्र तट और 2.02 मिलियन वर्ग किलोमीटर के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के साथ भारत में समृद्ध समुद्री संसाधन है।

## खबर संक्षेप

### मुंबई में आग से एक महिला की मौत, 6 भर्ती



**मुंबई।** महाराष्ट्र के अंधेरी उपनगर स्थित आवासीय परिसर के एक अपार्टमेंट में शुक्रवार रात 2.40 बजे आग लगने से एक महिला की मौत हो गई तथा 2 बच्चों सहित छह अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में 8 मंजिला 'ब्रोक लैंड' इमारत की पहली मंजिल पर फ्लैट में आग लगी। अभिना संजनवाला की मौत हो गई।

### झांसी जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में आग




**झांसी।** यहां शनिवार शाम जिला अस्तपाल के बच्चा वार्ड की छत पर शार्ट सर्किट से आग भड़क उठी। आग की लपटें देखकर वहां चीख-पुकार मच गई। जिनके बच्चे वार्ड में भर्ती थे, वे बच्चों को लेकर बाहर भागने लगीं। अस्पताल प्रशासन ने आग बुझाने की कोशिश की। दमकल की गाड़ियां भी बुला ली गईं। करीब आधे घंटे में काबू पाया जा सका।

### देवबंद में विस्फोट से 3 युवकों की मौत



**देवबंद।** यहां शनिवार सुबह करीब 6 बजे एक पटाखा फैक्टरी में जोरदार विस्फोट हुआ। इस धमाके से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। विस्फोट के समय फैक्टरी के अंदर कई लोग मौजूद थे, हादसे में तीन युवकों की मौत हुई है। डीएम मनीष बंसल ने तीन लोगों के मरने की पुष्टि की है। इसमें राहुल उर्फ काका, विशाल और विकास निवासी जड़ौदा जट शामिल हैं।

### सेलम में पटाखों में विस्फोट से 4 नहीं रहे



**सेलम।** तमिलनाडु में सेलम जिले के कंजनाइकेनपट्टी गांव में शुक्रवार देर रात एक मंदिर के पास दुर्घटनावश पटाखों में विस्फोट होने से 2 बच्चों समेत 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। सीएमएम के स्टालिन ने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए 3-3 लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

### असम में 'पाक समर्थक' पोस्ट में 9 गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत विश्व सरमा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान समर्थक रुख अपनाने के आरोप में राज्य में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जिससे राज्य में इस तरह के मामलों में गिरफ्तार लोगों की संख्या 9 हो गई है। उन्होंने बताया कि नवीनतम गिरफ्तारी शुक्रवार रात श्रीभूमि जिले में की गई।

## प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देशभर के 47 केंद्रों से जुड़े

# 'विकसित भारत' के निर्माण में युवाओं का किया आह्वान, 51, 236 नियुक्ति पत्र दिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 15वें रोजगार मेला कार्यक्रम में 51,236 नव-नियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह कार्यक्रम वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आयोजित किया गया। यह देशभर के 47 केंद्रों से जुड़ा रहा। पीएम मोदी ने नए कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि अब वे भारत की अर्थव्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर, आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि आपकी लगन जितनी अधिक होगी, हम उतनी तेजी से विकसित भारत की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने युवाओं की ताकत पर जोर देते हुए कहा कि जब देश के विकास में युवा भागीदार बनते हैं, तो तेजी से तरक्की होती है। उन्होंने 'स्किल इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसी सरकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों ने नवाचार, स्वरोजगार और तकनीकी नेतृत्व को बढ़ावा दिया है। डिजिटल क्रांति में भारत की उपलब्धियों को उजागर करते हुए पीएम मोदी ने युवाओं की मेहनत को श्रेय दिया।

**रोजगार मेले का आयोजन**

### 'मैन्युफैक्चरिंग मिशन' का किया जिक्र

पीएम ने केंद्रीय बजट में घोषित 'मैन्युफैक्चरिंग मिशन' की भी चर्चा की, जो 'मेक इन इंडिया' अभियान को गति देगा और युवा उद्यमियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा वाले उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि ऑटोमोबाइल, फुटवियर, खादी और कुटीर उद्योग जैसे क्षेत्रों में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है और खादी का कारोबार अब 1.7 लाख करोड़ से अधिक हो गया है।

### देश के युवा विकास में शामिल होंगे तो तरक्की भी होगी पक्की




### आइए, हम सब मिलकर 'विकसित' और 'समृद्ध' भारत बनाएं

पीएम ने कहा कि हम सब मिलकर एक 'विकसित' और 'समृद्ध' बनाएं। ये नई नियुक्तियां गृह मंत्रालय, रेल मंत्रालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, राजस्व विभाग और उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालयों और संगठनों में की गई हैं। अक्टूबर 2022 से अभियान के तहत अब तक 10 लाख से अधिक स्थायी सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। पहले मेले में 75,000 और दिसंबर 2023 में आयोजित 14वें मेले में 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे।

### आज जलमार्गों की संख्या बढ़कर हो गई 110

पीएम ने बताया कि जलमार्गों से माल ढुलाई 2014 में 18 मिलियन टन से बढ़कर आज 145 मिलियन टन हो गई है और राष्ट्रीय जलमार्गों की संख्या 5 से बढ़कर 110 हो गई है।

### एआई और नए मीडिया क्षेत्र युवाओं के लिए बड़े अवसर होंगे

पीएम ने मुंबई में 2025 में होने वाले 'वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन एआई और नए मीडिया क्षेत्र में युवाओं के लिए नए अवसर खोलेगा।

### महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की प्रशंसा भी की

महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की प्रशंसा करते हुए पीएम मोदी ने हालिया यूपीएससी परीक्षा परिणामों का जिक्र किया, जिसमें शीर्ष दो स्थान महिलाओं ने हासिल किए।




### 'मन की बात' का 121वां एपिसोड आज

## 'नमन परिवार' को समर्पित होगा यह कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम के 121वें एपिसोड में इस रविवार झारखंड को विशेष प्रतिनिधित्व मिलने जा रहा है। पूर्वी भारत के बिहार, बंगाल, उड़ीसा और झारखंड में से इस बार जमशेदपुर स्थित नमन परिवार को इससे सीधे जुड़ने का गौरव प्राप्त हुआ है। देशभर में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की अलख जगाने वाले नमन परिवार के सदस्य 27 अप्रैल के पूर्वाह्न 11 बजे प्रधानमंत्री के विचारों को सामूहिक रूप से सुनेंगे और साथ ही शहीद परिवारों एवं पूर्व सैनिकों को समर्पित एक विशेष आयोजन का भी हिस्सा बनेंगे। यह आयोजन साकची काशीडीह स्थित नमन कार्यालय में होगा, जहां नमन के सदस्यगण, पूर्व सैनिक, युवा और समाजसेवी एकत्रित होंगे। देश के रक्षार्थ अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों का सम्मान और उनके परिवारजनों के साथ एक आत्मीय संवाद कार्यक्रम का केंद्र बिंदु होगा।

### नूंह में एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

# 7 सफाई कर्मचारियों की मौत व 4 गंभीर घायल



एजेंसी ▶▶ नूंह

जिले में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के अंतर्गत दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर इब्राहिमबास गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सफाई कार्य में जुटे कर्मचारियों को टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में 6 सफाई कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पांच अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। सफाई करने वाले 11 कर्मचारियों में 10 महिलाएं और एक पुरुष था। जिनमें से छह महिलाओं की मौके पर मौत हो गई और पांच लोगों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक और सफाईकर्मी ने दम तोड़ दिया। हादसे में कुल 7 लोगों की मौत हो गई है। चालक गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### एक्सप्रेसवे पर सफाई कार्य किया जा रहा था

हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ, जब करीब 11 सफाई कर्मचारी एक्सप्रेस-वे पर सफाई कार्य कर रहे थे। अचानक आई तेज रफ्तार पिकअप ने इन कर्मचारियों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 6 कर्मचारियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायल पांच कर्मचारियों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक और कर्मचारी की मौत हो गई। घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।

### शवों के टुकड़े हो गए

हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। देखते ही देखते सड़क पर भारी भीड़ जमा हो गई। एंबुलेंस, रोड सुरक्षा एजेंसी के वाहन और पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं। हादसे की भयावहता ऐसी थी कि आसपास के लोग स्तब्ध रह गए। कई शवों के टुकड़े अलग-अलग हो गए। लोग इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त कर रहे हैं और मृतकों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कर रहे हैं। कई यूजर्स ने सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग भी उठाई है।

### केजीएमयू में मजार के पास अतिक्रमण हटाने के दौरान बवाल

# पुलिस और डॉक्टरों पर किया पथराव कई थानों की फोर्स मौके पर मौजूद

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में शनिवार की सुबह बड़ा बवाल हो गया।

अस्पताल परिसर के अंदर बनी मजार के पास अतिक्रमण हटाने के दौरान चिकित्सकों की टीम और पुलिस पर पथराव किया गया। सूचना अन्य चिकित्सकों तक पहुंची तो बड़ी संख्या में डाक्टर समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। कई थानों की फोर्स भी मौके पर है।

### अस्पताल परिसर के अंदर बनी मजार का मामला

### अतिक्रमणकारियों ने किया पथराव, दो डॉक्टर घायल



शनिवार की सुबह केजीएमयू के नेत्र रोग विभाग के पिछले हिस्से में बनी हजरत कवामुद्दीन हाजी हरमैन साहब की मजार के आसपास किए गए बड़ी संख्या में अतिक्रमण और कब्जे को हटाने के लिए चिकित्सकों की टीम पुलिस के साथ पहुंची थी। इस बीच अंदर मौजूद अतिक्रमणकारियों ने टीम पर पथराव कर दिया। घटना में दो चिकित्सकों के घायल होने की सूचना भी है। बवाल की सूचना पर बड़ी संख्या में चिकित्सक और कई थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंच गई। किसी को भी मजार के पास जाने से रोक दिया गया है। उधर बवाल की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए।

### ईडी की कार्रवाई

## गोवा में 1,000 करोड़ का भूमि घोटाला मिला



**पणजी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रमुख पर्यटन क्षेत्रों में उच्च मूल्य की जमीनों का कथित रूप से धोखाधड़ी से हस्तांतरण करने संबंधी 1,000 करोड़ के भूमि घोटाले के सिलसिले में गोवा में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी और उसके बाद की वित्तीय जांच के आधार पर गुरुवार और शुक्रवार को छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि जांच में पता चला कि रोहन हरमलकर मुख्य साजिशकर्ता है।

## मेरठ में पहलगाम हमले का विरोध




**मेरठ।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में संयुक्त व्यापार संघ द्वारा आहूत बंद के दौरान शनिवार को मेरठ में लोग विरोध मार्च में हिस्सा लिया।

### हैदराबाद में राहुल ने सरकार पर लगाया बड़ा आरोप

# आज विपक्ष से संवाद नहीं, कुचलने का प्रयास हो रहा

## भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हैदराबाद में भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ साल पहले कांग्रेस पार्टी खुद को पूरी तरह से फंसा और अलग-थलग महसूस कर रही थी। उन्होंने कहा कि नई राजनीति जो आक्रामक है और जहां विपक्ष से संवाद नहीं बल्कि उसे कुचलने का प्रयास होता है, उसने हमारे सभी रास्ते बंद कर दिए। मीडिया और माहौल दोनों ने हमें स्वतंत्र रूप से काम करने की अनुमति नहीं दी। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की खूब सराहना भी की।

### सरकार डर और नफरत में हमें हर बार हरा देगी



राहुल गांधी ने बताया कि इसी स्थिति में कांग्रेस ने अपने इतिहास में झांका और कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो यात्रा' निकालने का फैसला किया. उन्होंने कहा कि इस यात्रा से मैंने दो बातें सीखी। पहली- हमारे विरोधियों के पास गुस्सा, डर और नफरत पर एकाधिकार है। हम उनसे इस मैदान पर कभी मुकाबला नहीं कर सकते। वे गुस्से, डर और नफरत में हमें हर बार हरा देंगे। राहुल ने कहा कि अब सवाल ये है कि कांग्रेस को किस जगह और किस भावना से काम करना चाहिए और कैसे एक मजबूत जवाबी नैरेटिव खड़ा किया जा सकता है?

### सीएम रेड्डी ने गिनाईं उपलब्धियां

इससे पहले तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भारत समिट में कहा कि तेलंगाना एक समृद्ध इतिहास, अनूठी संस्कृति और परंपराओं की भूमि है। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे छात्रों, श्रमिक संगठनों, किसानों और महिलाओं के नेतृत्व में लंबे संघर्ष के बाद तेलंगाना को अलग राज्य का दर्जा मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद भी लोगों की आकांक्षाएं पूरी नहीं हो सकीं। कांग्रेस पार्टी को सत्ता सौंपते हुए जनता ने उम्मीद जताई थी कि उनके सपने साकार होंगे और उनकी सरकार अब इन सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में 20,617 करोड़ के कृषि ऋण माफ़ किए गए।

### नड्डा ने की गणपति की पूजा-अर्चना

# पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को मुंहतोड़ जवाब देंगे

एजेंसी ▶▶ पुणे



भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि भारत पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को 'करारा' जवाब देगा। इस सप्ताह की शुरुआत में हुए हमले में 26 लोगों की मौत गई थी। श्रीमंत दगडूशेठ गणपति की पूजा-अर्चना करने के बाद यहां पत्रकारों के साथ बातचीत में नड्डा ने कहा कि पूरा देश उम्मीद करता है कि पीएम नरेंद्र मोदी इस हमले का कड़ा जवाब देंगे। नड्डा ने कहा कि मैं यहां गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेने आया हूं। जिस तरह से जम्मू-कश्मीर में कायरतापूर्ण हमला हुआ, उससे पूरा देश गुस्से में है। उन्होंने कहा कि वह आशीर्वाद मांगते हैं कि देश स्थिति का मजबूती से सामना करे। मुझे विश्वास है कि गणेशजी के आशीर्वाद से देश इस कठिन समय से गुजर जाएगा और पीएम मोदी के नेतृत्व में जिम्मेदार लोगों को करारा जवाब दिया जाएगा।

ईरान में भीषण विस्फोट

# बंदर अब्बास शहर में लगी आग, 5 की मौत, 700 से अधिक लोग घायल, धमाके के बाद दिखा काले धुएं का विशाल गुबार, आग बुझाने के प्रयास जारी, खिड़कियों के शीशे टूटे

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के बंदर अब्बास शहर में शनिवार को जबरदस्त धमाका हुआ। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई और 700 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ये धमाका ऐसे वक्त में हुआ है, जब ओमान में अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता का तीसरा दौर चल रहा है। हालांकि विस्फोट के कारणों का तुरंत पता नहीं चल पाया। धमाका बंदर अब्बास शहर के शाहिद राजी बंदरगाह पर हुआ जो राजधानी तेहरान से 1000 किमी दूर है।

धमाके के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया और बंदरगाह की गतिविधियों को रोक दिया गया। अभी आग बुझाने का प्रयास चल रहा है। धमाका इतना तेज था कि कई किलोमीटर दूर तक खिड़कियां टूट गईं।

*ये धमाका ऐसे वक्त में हुआ है, जब ओमान में अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता का तीसरा दौर चल रहा है। धमाके के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया और बंदरगाह की गतिविधियों को रोक दिया गया।*

**खास बातें**
- विस्फोट ईरान के प्रमुख बदंरगाह शाहिद राजी में हुआ
- विस्फोट के कारणों का तुरंत पता नहीं चल पाया है



### सिना कंटेनर यार्ड में हुआ विस्फोट

मामले में ईरान के सीमा शुल्क प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि शनिवार को विस्फोट सिना कंटेनर यार्ड में हुआ, जो बंदरगाह और समुद्री संगठन से जुड़ा हुआ है। रजई बंदरगाह पर हुए इस भीषण धमाके के कारण कई किलोमीटर दूर तक घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। घरों और ऑफिसों तथा आसपास मौजदू गाड़ियों को काफी नुकसान पहुंचा है।

### ऑयल के कंटेनर्स रखे थे

वहीं ईरानी सरकारी टेलीविजन ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट में घटनास्थल पर ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण में लापरवाही की बात सामने आ रही है। यहां पर ऑयल और पेट्रोकेमिकल फेसेलिटी वाले कंटेनर्स को रखा जाता है।

### घटना के कई वीडियो वायरल

*घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहे हैं, जिसमें धमाके के बाद काले धुएं का विशाल गुबार देखा जा सकता है। जबकि इस मामले में अधिकारियों ने विस्फोट का तत्काल कोई कारण नहीं बताया। बता दें कि, रजई बंदरगाह ईरान के बंदरगाहों में से एक है।*

ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना चाहता यूएस

## ईरान-अमेरिका के विशेषज्ञों के बीच हुई ओमान में तीसरी वार्ता

**मस्कट।** ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर शनिवार को ओमान में ईरान और अमेरिका के बीच गहन वार्ता शुरू हो गई। यह वार्ता संभवतः ईरान के यूरेनियम संवर्धन पर केंद्रित होगी। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने खबर दी कि ओमान की राजधानी मस्कट में यह वार्ता हो रही है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने शुक्रवार को ओमान पहुंचकर ओमानी विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी से मुलाकात की, जिन्होंने इससे पहले मस्कट और रोम में हुई दो दौर की वार्ताओं में मध्यस्थता की थी। अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के लिए मॉस्को में थे। शनिवार को वह ओमान पहुंचे। दशकों से जारी तनाव के बाद परमाणु वार्ता हो रही है। इस वार्ता का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना है, जिसके बदले में अमेरिका ईरान पर लगाए गए कुछ कठोर आर्थिक प्रतिबंध हटाएगा।

## खबर संक्षेप

### बंदूकधारियों के हमले में 20 लोगों की मौत



**अबुजा।** नाइजीरिया में जम्फारा राज्य के एक गांव में हथियारबंद लोगों ने कम से कम 20 लोगों की हत्या कर दी और दर्जनों को घायल कर दिया। 'एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया' ने बताया कि बंदूकधारी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर गुरुवार दोपहर को डैन गुलबी जिले के गोबिरावा चाली गांव पहुंचे और उन्होंने वहां लोगों पर हमला कर दिया। उसने बताया कि बंदूकधारियों ने सबसे पहले सोने की एक खदान को निशाना बनाकर 14 लोगों की हत्या की।

### प्रतिबंधित संगठनों के चार सदस्य गिरफ्तार



**इंफाल।** मणिपुर में दो प्रतिबंधित संगठनों के चार सदस्यों को इंफाल पूर्वी और इंफाल पश्चिम जिलों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को इंफाल पूर्वी जिले के सेइजांग मायाई लेइकाई और तेलौ ममांग लेइकाई इलाकों से प्रतिबंधित संगठन प्रेपक (प्रो) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। प्रतिबंधित 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट' के एक समर्थक को हेइग्रुजम ममांग लेइकाई इलाके से गिरफ्तार किया गया।

### वायुसेना अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई रोकी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बेंगलुरु शहर की पुलिस को 'रोड रेज' मामले में भारतीय वायुसेना के



विंग कमांडर शिलादित्य बोस के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से रोक दिया है। अधिकारी ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी, जिस पर न्यायमूर्ति हेमंत चंदनगौदर ने 24 अप्रैल को यह अंतरिम निर्देश जारी किया। घटना 21 अप्रैल को सी. वी. रमन नगर के पास हुई थी। शुरुआत में, पुलिस ने बोस की दी हुई शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की।

खत्म होगा आतंक का खेल! सुरक्षा बलों का बड़ा एक्शन

# पिछले 48 घंटे में 6 आतंकियों के घर ध्वस्त किए, सर्च ऑपरेशन जारी

एहसान शेख ने पाकिस्तान से ही ट्रेनिंग लेकर घाटी में दहशत फैलाई है

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सुरक्षा बलों का ऑपरेशन जारी है। शुक्रवार को घाटी के अंदर सक्रिय आतंकियों आदिल हुसैन थोकर और उसके साथी एहसन शेख के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। उन दोनों के घरों को ध्वस्त कर दिया गया है। जून 2023 से लश्कर के सक्रिय कैडर एहसान अहमद शेख के दो मंजिला घर को सुरक्षा बलों ने आईईडी का उपयोग करके उड़ा दिया है। वह पुलवामा के मुर्रान का रहने वाला है।

एहसान पहले भी कई हमलों में शामिल रहा है। पाकिस्तान से ही ट्रेनिंग लेकर उसने घाटी में दहशत फैलाई है। ऐसी ही एक अन्य कार्रवाई में 2 साल पहले लश्कर में शामिल हुए शाहिद अहमद के घर को शोपियां के चोटीपोरा इलाके में विस्फोट कर उड़ा दिया गया है। इसके अलावा शुक्रवार की रात सुरक्षा बलों ने कुलगाम के क्विमोह में जाकिर गनी के घर को उड़ा दिया, वह 2023 में लश्कर में शामिल हुआ था। वहीं, कुलगाम जिले के कैमोह इलाके के थोकरपोरा में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया।



आतंकी अहसान उल हक शेख का पुलवामा में घर ध्वस्त किया

**इन आतंकियों के ढहाए घर**
- आदिल हुसैन थोकर (बिजबेहरा)
- आसिफ शेख (त्राल)
- अहसान शेख (पुलवामा)
- शाहिद कुट्टे (शोपियां)
- जाकिर गनी (कुलगाम)
- हारिस अहमद (पुलवामा)



आतंकी जाकिर अहमद गनी का कुलगाम में घर ध्वस्त किया

### सेना ने जारी की 14 आतंकियों की हिट लिस्ट

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के बाद बढ़ी सुरक्षा चिंताओं के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में खुफिया एजेंसियों ने केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय रूप से सक्रिय 14 स्थानीय आतंकवादियों की एक सूची तैयार की है। सूत्रों के अनुसार, 20 से 40 वर्ष की आयु के ये व्यक्ति पाकिस्तान से विदेशी आतंकवादियों को रसद और जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान कर सक्रिय रूप से सहायता कर रहे हैं। पहचाने गए गुर्गों के पाकिस्तान समर्थित तीन प्रमुख आतंकी संगठनों से जुड़े होने की खबर है। इनमें हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम)। इनमें से 3 हिजबुल मुजाहिदीन से, 8 एलईटी से और 3 जेईएम से जुड़े हैं। इन व्यक्तियों के नाम हैं- आदिल रहमान डेन्टू (21), आसिफ अहमद शेख (28), अहसान अहमद शेख (23), हारिस नजीर (20), आमिर नजीर वानी (20), यावर अहमद भट, आसिफ अहमद खांडे (24), नसीर अहमद वानी (21), शाहिद अहमद कुटे (27), आमिर अहमद डार, अदनान सफी डार, जुबैर अहमद वानी (39), हारून रशीद गनई (32) और जाकिर अहमद गनी (29)।

### नाम बड़े, खुफिया डोजियर का हिस्सा

सुरक्षा बलों ने पूरे दक्षिण कश्मीर में, खास तौर पर अनंतनाग और पुलवामा जिलों में समन्वित अभियान शुरू किए हैं, जहां माना जाता है कि सूचीबद्ध कई लोग सक्रिय हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने संकेत दिया है कि ये नाम एक बड़े खुफिया डोजियर का हिस्सा हैं जिसका इस्तेमाल घाटी में आगे के हमलों को रोकने और आतंकी रसद को बाधित करने के लिए किया जा रहा है। एजेंसियां इन 14 आतंकवादियों के उन पांच आतंकवादियों से संबंध खोजने में लगी हुई हैं जिन्होंने 22 अप्रैल को दोपहर 2 बजे के आसपास लोकप्रिय पर्यटन शहर पहलगाम के पास बैसरन के सुरम्य घास के मैदान में 26 पर्यटकों पर हमला किया था। इन 14 स्थानीय सक्रिय आतंकवादियों की सूची जारी करना एक कदम है, क्योंकि जांचकर्ताओं ने घातक हमले में शामिल पांच आतंकवादियों की पहचान की है, जिनमें तीन पाकिस्तानी नागरिक भी शामिल हैं।

### काचीपोरा में लश्कर के अहमद का घर ढहाया

*पहलगाम हमले के बाद पिछले 48 घंटे में कुल 6 आतंकियों के घरों को ध्वस्त किया जा चुका है, इनमें सक्रिय लश्कर कैडर के 5 आंतकियों के घर शामिल हैं। शनिवार को काचीपोरा में लश्कर के ही हैरिस अहमद का घर भी बम से उड़ाया गया है। यह पहली बार है जब किसी आतंकी हमले के बाद सेना सिर्फ जरिए कार्रवाई नहीं हो रही है बल्कि बुलडोजर भी चलाया जा रहा है।*

बीते शुक्रवार रात केंद्रशासित प्रदेश की एक दिवसीय यात्रा कर लौटे थे जनरल द्विवेदी

## सेनाप्रमुख ने की रक्षा मंत्री से मुलाकात जम्मू-कश्मीर के हालात की दी जानकारी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बीच जम्मू-कश्मीर की यात्रा कर लौटे सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उन्हें केंद्रशासित प्रदेश में जमीनी स्तर पर बने हुए मौजूदा सुरक्षा हालात और सेना की रणनीतिक तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इस मुलाकात में रक्षा मंत्री ने सेनाप्रमुख को सीमा पर उच्च-स्तर की सतर्कता के साथ निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। जनरल द्विवेदी ने बीते शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर का एक दिवसीय दौरा किया था। जिसमें सेना के वरिष्ठ स्थानीय कमांडरों ने उन्हें श्रीनगर से लेकर अन्य स्थानों पर ब्रीफिंग दी थी। जनरल द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल और डीजीपी से भी अपनी यात्रा में मुलाकात की थी।

### एलओसी पर हुई छोटे हथियारों से गोलीबारी

वहीं, जम्मू-कश्मीर में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर बीते 25-26 अप्रैल की मध्य रात्रि में पाकिस्तान की सेना ने बिना किसी उकसावे के भारतीय सेना की चौकियों पर गोलीबारी की। जिसमें छोटे हथियारों का प्रयोग किया गया। भारतीय सेना ने पाक सेना की गोलीबारी का उसी के अंदाज में करारा जवाब दिया। गोलीबारी में फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। भारत की सेना एलओसी पर दुश्मन की हर नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात है।

### हमले के दोषियों को मिलेगा करारा जवाब

गौरतलब है कि आतंकी हमले के बाद नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारत और पाकिस्तान के बीच बने हुए तनावपूर्ण हालात के मद्देनजर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व में अपने एक भाषण में कहा था कि हमले के गुनहगारों को चाहे वो परदे के पीछे ही क्यों न छिपे हुए हों। भारत की तरफ से माकूल जवाब देकर कड़ा सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने तीनों सेनाप्रमुख (जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह और एडमिरल डी.के.त्रिपाठी) के साथ एक उच्च-स्तरीय सुरक्षा बैठक कर सीमाओं से जुड़े हर इलाके की हाईअलर्ट के साथ निगरानी करने का निर्देश दिया है।

यूएनएससी ने कड़े शब्दों में की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा कहा

# दोषियों को जवाबदेह ठहराते हुए न्याय के कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत को दुनियाभर के देशों से समर्थन मिल रहा है। अब इस सूची में महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संगठन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का नाम भी शामिल हो गया है।

परिषद ने बीते शुक्रवार देर रात एक बयान जारी कर न केवल 22 अप्रैल को हुए इस आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। बल्कि हमले के अपराधियों, आयोजकों, प्रायोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराते



हुए न्याय के कठघरे में खड़ा करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। परिषद के वर्तमान में अध्यक्ष फ्रांस के राजदूत जेरोम बोनाफोंट की तरफ से यह बयान जारी किया गया। जिसमें भारत और नेपाल की सरकारों के प्रति गहन संवेदना प्रकट करते हुए हमले में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई है।

### आतंकवाद शांति और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा

यूएनएससी ने कहा कि आतंकवाद के सभी प्रकार अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। आतंकवाद से जुड़ा हुआ कोई भी कृत्य आपराधिक है और उसे किसी भी तरह से स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इसमें हमले को लेकर ली गई प्रेरणा भी शामिल है। परिषद ने संयुक्त राष्ट्र के चार्टर, वैश्विक कानूनों (मानवाधिकार कानून, शरणार्थी-मानवीय कानून भी शामिल है) के तहत सभी देशों से आतंकवाद से मुकाबले में सहयोग करने का आह्वान किया है।

### भारत और पाक को संयम बरतने की दी सलाह

उधर, संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक नियमित मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच बनी हुई स्थिति पर वह लगातार निगरानी बनाए हुए है। मामला हमारे लिए भी गहरी चिंता से जुड़ा हुआ है। लेकिन महासभा स्पष्ट रूप से जम्मू-कश्मीर में हुए इस हमले की निंदा करती है। साथ ही हम भारत और पाकिस्तान की सरकारों को हालात को और अधिक न बिगड़ने देने के लिए संयम बरतने की सलाह देते हैं।

गुजरात में अवैध अप्रवासियों पर बड़ी कार्रवाई

## हिरासत में लिए गए हजारों बांग्लादेशी, इनमें दो अलकायदा के स्लीपर सेल, प्रत्यर्पण करेंगे

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गुजरात में एक हजार से अधिक बांग्लादेशी अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। राज्य के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने बताया कि सूरत और अहमदाबाद में तलाशी अभियान के दौरान अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इनके प्रत्यर्पण के प्रयास जारी हैं।

### कई मादक पदार्थ और मानव तस्करी में शामिल

*सांघवी ने कहा कि अप्रवासियों ने गुजरात आने से पहले भारत के विभिन्न हिस्सों में रहने के लिए पश्चिम बंगाल से प्राप्त फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। इनमें से कई लोग मादक पदार्थ तस्करी और मानव तस्करी में संलिप्त हैं।*



### निर्वासन किया जाएगा: डीजीपी

गुजरात के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विकास सहाय ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा दस्तावेजी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर उनकी राष्ट्रीयता का पता लगाया जा रहा है। जब यह तय हो जाएगा कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं, तो केंद्र सरकार और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के समन्वय से उनके निर्वासन की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूरी की जाएगी।

राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने दी पोप को भावभीनी श्रद्धांजलि

पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका में दफनाया गया

# पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में दो लाख लोग हुए शामिल

दफनाने की प्रक्रिया निजी रही, जिसमें कार्डिनल और करीबी उपस्थित रहे

एजेंसी ▶▶ वेटिकन सिटी

शनिवार को पोप फ्रांसिस को दफनाया गया। पोप के अंतिम संस्कार में दुनिया भर की कई हस्तियां शामिल हुईं जिनमें विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष और राजा शामिल हैं। अंतिम संस्कार की रस्में सेंट पीटर्स स्कवायर में की गईं। रस्मों के बाद कैदी और प्रवासी पोप के पार्थिव शरीर को ताबूत में लेकर बेसिलिका में ले जाया जाएगा, जहां उन्हें दफनाया गया। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में दो लाख से अधिक लोग शामिल हुए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दी।

उनके साथ केंद्रीय संसदीय कार्य-अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद हैं। मुर्मू पोप के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वेटिकन सिटी पहुंची। साथ ही मत्स्य-पशुपालन व डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन, और



गोवा विधान सभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डी सूजा भी पहुंचे हैं। भारत ने पोप के निधन पर तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के लिए इटली ने कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए हैं, जिनमें 2500 से ज्यादा पुलिसकर्मी, 1500 सैनिकों को तैनात किया गया है। साथ ही तटों पर टारपीडो जहाज और लड़ाकू विमानों के दस्ते तैनात किए गए हैं।

### मई में शुरू होगी नए पोप को चुनने की प्रक्रिया

*मई के पहले हफ्ते में नए पोप को चुनने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अभी कुछ कार्डिनल द्वारा वेटिकन सिटी का संचालन किया जा रहा है, जिनमें सबसे प्रमुख कार्डिनल हैं जियोवानी बटिस्टा रे। नए पोप को चुनने के लिए सिस्टीन चैपल में होने वाले मतदान का प्रबंधन करने की जिम्मेदारी भी कार्डिनल जियोवानी बटिस्टा रे के कंधों पर ही होगा।*

### ये दुनिया उनकी सेवाओं को याद करेगी: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि ये दुनिया पोप फ्रांसिस को समाज के प्रति उनकी सेवाओं के लिए हमेशा याद करेगी। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म ने सेंट पीटर्स बेसिलिका में पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने लिखा कि राष्ट्रपति जी ने भारत के लोगों की तरफ से पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित की। ये दुनिया समाज के लिए उनकी सेवाओं के लिए हमेशा याद करेगी।

### बेसिलिका के साथ एक खास रिश्ता

पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका में दफनाया गया। पोप बनने से पहले भी पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका से खास लगाव था। पोप के रूप में अपनी प्रत्येक विदेश यात्रा से पहले और बाद में पोप फ्रांसिस यहां प्रार्थना करने जाते थे। वेटिकन ने कहा कि 40 विशेष अतिथि बेसिलिका के सामने पियाजा पर उनके ताबूत का स्वागत किया, जिनमें हाशिए पर मौजूद लोग, जैसे बेघर लोग और प्रवासी, कैदी और ट्रांसजेंडर लोग शामिल होंगे। पोप को दफनाने की प्रक्रिया निजी रही, जिसमें कार्डिनल और कुछ करीबी सहयोगी शामिल हुए।

भारत ने ब्रिक्स शेरपा बैठक में हिस्सा लिया

## बहुपक्षीय सहयोग व विकास पर हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने ब्रिक्स शेरपा बैठक में भाग लिया, जो बीते शुक्रवार को रियो डी जनेरियो में आयोजित की गई। इस बैठक में भारत की ओर से विदेश मंत्रालय के सचिव (आर्थिक संबंध) डम्मू रवि ने प्रतिनिधित्व किया। बैठक के दौरान ब्रिक्स देशों ने मिलकर बहुपक्षीय सहयोग, सतत विकास और सदस्य देशों के आपसी सहयोग को बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी दी कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत हुई।



### वैश्विक मुद्दों पर की बात

इससे पहले 24-25 मार्च को ब्राजीलिया में 10वीं ब्रिक्स नीति योजना संवाद बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें संयुक्त सचिव रघुराम एस. ने भाग लिया था। इस बैठक में हाल ही में ब्रिक्स में शामिल नए देशों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। ब्रिक्स की हाल की बैठकों में स्वास्थ्य, व्यापार, जलवायु परिवर्तन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वैश्विक शांति जैसे मुद्दों पर खास ध्यान दिया गया है।

पुलिस ने एक ई-रिक्शा, 5 दोपहिया समेत 6 वाहन किए बरामद, नाबालिगों को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा

# ऑटो चालक ने नाबालिगों को दिया पैसों का लालच, गिरोह बनाकर कर रहे थे वाहनों की चोरी, दो नाबालिग समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

**चोरी के वाहन की नंबर प्लेट बदलकर करते थे रैकी, फिर मौका मिलते ही कर देते थे गाड़ी पार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


आदेश राजपूत

अयोध्या नगर पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश कर दो नाबालिग समेत ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने एक ई-रिक्शा और 5 दोपहिया वाहन बरामद किए। जिनकी की कीमत 7 लाख रुपए बताई गई। मुख्य आरोपी ऑटो चालक है। उसने पैसों को लालच देकर नाबालिगों के साथ गिरोह बना लिया। आरोपी चोरी के वाहन की नंबर प्लेट बदलकर रैकी करते थे।



### फुटेज से आए पकड़ में

पुलिस के अनुसार नरेला शंकरी अयोध्या नगर निवासी महेन्द्र राजपूत (22) ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 22 अप्रैल की रात करीब 10 बजे घर के बाहर खड़ा ई-रिक्शा को कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस दौरान घटनास्थल और आने-जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए गए। साथ ही मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। इस बीच सूचना मिली कि फुटेज में दिखने वाले संदिग्धों के हुलिए से मिलते-जुलते लोग रूपनगर औद्योगिक क्षेत्र में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों संदिग्धों को ई-रिक्शा के साथ दबोच लिया।

### ई-रिक्शा के साथ पांच अन्य बाइक जब्त

तीनों को पुलिस ई-रिक्शा सहित थाने लेकर पहुंची। पूछताछ में उन्होंने पांच अन्य दोपहिया वाहन चोरी करना स्वीकारा। इनमें से एक वाहन अशोका गार्डन क्षेत्र से चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्त में आए तीनों आरोपियों में से दो नाबालिग हैं, जबकि तीसरे आरोपी का नाम आदर्श राजपूत उर्फ गोलू राजपूत (20) निवासी रूपनगर, अशोका गार्डन, बताया गया। आरोपी आदर्श मूलरूप से ग्राम सलामतपुर जिला रायसेन का है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक ई-रिक्शा, एक एक्टिवा, एक एक्सिस, तीन बाहक समेत चोरी के कुल 6 वाहन बरामद किए हैं। बरामद वाहनों की कुल कीमत सात लाख रुपए आंकी गई है। नाबालिग आरोपियों में से एक बड़े चंबल ऐशबाग और दूसरा रूप नगर झुग्गीबस्ती का रहने वाला है।

### आरोपी शराब पार्टी के लिए करते थे चोरी

थाना प्रभारी महेश लिल्लारे ने बताया कि मुख्य आरोपी आदर्श राजपूत की शराब के अहाते पर नाबालिगों से दोस्ती हो गई थी। दोस्ती होने पर वे साथ बैठकर शराब पीने लगे। शराब पार्टी के लिए वह आपस में रुपए इकट्ठा करते थे। कई बार किसी सदस्य के पास पैसा नहीं होता था तो दूसरा सदस्य अपनी तरह से पैसा मिला देता था। इससे उस सदस्य पर पैसे का दबाव बन जाता था जो पैसा नहीं मिलाता था। शराब पार्टी व मौज-मस्ती के लिए आरोपियों ने वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया।

---

## खबर संक्षेप



### कैंडल मार्च निकालकर जताया विरोध प्रदर्षन

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के समीपस्थ चिनार ड्रीम सिटी के रहवासियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन कर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। समाजसेवी जयपाल शर्मा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करने की मांग की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की मौत से देशभर में शोक का माहौल है। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सख्त कदम उठाकर आतंकवाद को समाप्त करने की मांग की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया।

### केक काट कर सोनू राय को जन्मदिन की दी बधाई



**औबेदुल्लागंज।** युवा मोर्चा नेता सोनू राय का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान उनके सहयोगी अमित राय, यशवंत चौरे जिद्दी, पंकज नागरानी, कपिल राय, नंदू शर्मा, पिंकू आदि लोगों ने केक काट कर बधाई दी।

### युवक पर हमला करने वाले दोषी को 3 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** फरियादी आनंद बागड़े एवं उसके भाई पुरुषोत्तम बागड़े पर लोहे की राड से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने वाले आरोपी बाबू उर्फ जगदीश राठौर को अपर सत्र न्यायाधीश संजय कुमार शाही ने भादंसं की धारा-294,326 ,506 और आर्म्स एक्ट की धारा-25(1 -बी) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 6 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन की ओर से प्रकरण में अपर जिला लोक अभियोजक सतीश सिमैया ने पैरवी की।

### साइबर फ्रॉड करने वाले आरोपी की जमानत खारिज

**भोपाल।** साइबर फ्राड करने वाले आरोपी चन्दन कुमार झा निवासी वृन्दावन गार्डन गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के नियमित जमानत आवेदन को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय कुमार शर्मा ने अपराध की गंभीर प्रकृति को देखते हुए निरस्त कर दिया है। भोपाल निवासी फरियादी राजेंद्र कुमार नरवरे को अज्ञात आरोपी ने कॉल कर उसकी बीमा पॉलिसी को जल्दी परिपक्व कराने का झांसा देकर 10 लाख 72 हजार 703 रुपए आनॅलाइन ठगी की थी। फरियादी ने 29 जनवरी 2024 को राज्य साइबर क्राईम को शिकायत की थी, जिसके बाद साइबर क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई की।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 257 | 46 | 268 |
| रात: | | --- | |
| तारा: | | | |
| दिन: | 399 | 16 | 358 |
| रात: | 148 | 36 | 466 |

---

### बीच-बचाव करने आए युवक के हाथ में आई गंभीर चोट

# बाइक पर आए 3 बदमाशों ने दिनदहाड़े भाजपा नेता पर किया तलवार से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि उन्होंने दिनदहाड़े वार्ड 2 ग्राम सन्नोटी में रहने वाले भाजपा नेता बने सिंह परमार पर शुक्रवार को जानलेवा हमला कर दिया। नगर के चौधरी भवन के सामने बने सिंह परमार को 3 लोगों द्वारा रोका फिर उन्हें धक्का देकर तलवार से हमला कर दिया। वहीं सामने रहने वाले पिंटू जाट ने बीच बचाव किया, जिससे पिंटू जाट के हाथ पर गहरी चोट आई। इस हमले को एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही विधायक सुरेंद्र पटवा ने पुलिस अधिकारियों से अपराधियों को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए और कहा कि भोजपुर में इस प्रकार की गुंडागर्दी नहीं चल सकती। पटवा की निर्देश के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 109, 126/2, 296,115/2 अन्य धाराओं के साथ अपराध कायम कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया वहां से आरोपियों को जेल भेज दिया।

**विधायक पटवा के निर्देश पर पुलिस ने किया आरोपियों को गिरफ्तार, भेजा जेल**



#### बाजार में दहशत का माहौल

नगर के गलियारों में चर्चा है कि इस घटना के पीछे किसी नेता का हाथ हो सकता है। पुलिस अब जांच में जुटी है। वहीं व्यापारियों का कहना है बाजार में दहशत का माहौल है। अपराधियों के इस प्रकार खुलेआम हथियार लेकर घूमना और हमला करना पुलिस प्रशासन की लापरवाही साबित करता है। एसडीओपी शीला सुराणा एवं टीआई भारत प्रताप सिंह ने घटना के समय अपराधियों का सीसीटीवी फुटेज में देखा और सीसीटीवी फुटेज देखकर अपराधियों की पहचान की गई। पुलिस ने दो टीम बनाकर अपराधियों को रात में ही पकड़ लिया। दोपहर बाद औबेदुल्लागंज पुलिस के एसआई संतोष ठाकुर ने अपराधियों को अदालत में पेश किया, कोर्ट ने अपराधियों को जेल भेज दिया। एसआई संतोष ठाकुर ने बताया कि धीरज पवार (21), अनुराग चारिया (21), विशाल करोसिया (24) वर्ष को अदालत में पेश जेल भेज दिया है।


बने सिंह परमार
भाजपा नेता

### ऑटो मोबाइल कंपनी के पार्टनरों ने महिला डॉक्टर को थमाए 10 लाख के फर्जी चेक

एमपी नगर पुलिस ने एक महिला डॉक्टर की शिकायत पर ऑटो मोबाइल कंपनी के संचालक समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों ने महिला डॉक्टर से उनके मकान का भूतल व बेसमेंट किराए पर लिया है। उसका करीब साढ़े 10 लाख रुपए किराया शेष है। आरोपियों ने शेष किराया देने के नाम पर फर्जी चेक थमा दिए। बैंक से चेक बाउंस होने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि एमएलए क्वार्टर जवाहर चौक निवासी डॉ. श्रुति शाह (63) पेशे से चिकित्सक हैं। उनका एक मकान पदमनाभ नगर वार्ड क्रमांम-44 में है। उन्होंने उक्त मकान के भूतल व बेसमेंट गोदाम को चार मई 2022 को प्रेम ऑटो मोबाइल के विनीत कुंज कोलार रोड में रहने वाले विशाल शर्मा को किराए पर दिया था। जून 2023 तक विशाल शर्मा और राजेन्द्र शर्मा किराए का भुगतान करते रहे लेकिन उसके बाद किराया देना बंद कर दिया। शाह ने किराया मांगा तो पता चला कि विशाल शर्मा और राजेन्द्र शर्मा ने किराए वाला भाग नीलम खाम्बरा निवासी सागर एवेन्यू अयोध्या बायपास और शिवानी भारद्वाज निवासी दानिश कुंज कोलार रोड को सौंप दिया है। किराया मांगने पर सभी ने फर्जी चेक जारी किए हुए दिए।

### यात्री बस से टकराया बाइक सवार, मौत

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित रतुआ में यात्री बस से टकराने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार सुबह का है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। बस चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार दुर्गेश यादव पुत्र घनश्याम यादव (22) ग्राम गुराड़िया थाना ईंटखेड़ी में रहता था और बैरसिया में फर्नीचर का काम करता था। शुक्रवार सुबह वह बाइक लेकर काम पर जाने के लिए घर से निकला था। गुनगा थानांतर्गत ग्राम रतुआ स्थित वेयर हाउस के पास उसके आगे चल रही यात्री बस के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिये, जिससे पीछे चल रहे दुर्गेश की बाइक जाकर बस से टकरा गई। इस हादसे में दुर्गेश की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने मृतक के बड़े भाई रंजीत यादव की रिपोर्ट पर बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**मैनिट की तरफ भागे झपटमार**

## कोलार तिराहे पर तीन युवकों ने रेपिडो चालक से झपटा मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मोबाइल झपटने की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। अभी तक बाइक सवार मोबाइल झपट रहे थे, लेकिन शनिवार सुबह करीब साढ़े 4 बजे कार सवार बदमाशों द्वारा रेपिडो चालक से मोबाइल झपटने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चूनाभट्टी पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। थाने से 100 मीटर की दूरी पर हुई इस वारदात ने पुलिस की गश्त पर एक बार सवाल खड़े कर दिए है।

पुलिस के अनुसार गौरब खान पिता गोपाल चंद खान (31) नीलगगन कॉलोनी, नीलबड़ में रहता है। वह कंपनी में नौकरी करता है। साथ ही अतिरिक्त पैसे कमाने रेपिडो बाइक चलाता है। गौरब ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह करीब चाढ़े 4 बजे वह कोलार तिराहा पर खड़े होकर राइड का इंतजार कर रहा था, तभी एक सफेद कलर की कार उसके पास आकर रुकी। कार में तीन युवक थे। एक युवक ने कार का कांच खोला और उससे पता पूछने लगा। इस दौरान गौरब के हाथ में मोबाइल था। पता पूछते पूछते आरोपी ने गौरब के हाथ से मोबाइल झपट लिया। गौरब कुछ समझ पाता इससे पहले आरोपी मैनिट की तरफ भाग निकले।

थाना प्रभारी भूपेंद्र कोल संधु ने बताया कि गौरब ने घटना की शिकायत तत्काल थाने पहुंचकर की थी। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि कार सवारों ने मोबाइल झपटा और तेजी से भाग निकले। वह अपनी बाइक तक पहुंचकर उनका पीछा करता इससे पहले ही वह काफी दूर तक निकल चुके थे। गौरब ने बताया कि कार की नंबर प्लेट पर पट्टी लगी हुई थी। कार वह ठीक से नहीं देख सका है। कार इंडिका और आई-10 की तरह लग रही है।

## अज्ञात कारणों से खेत में लगी आग

**भोपाल।** नगर के समीपस्थ नगर पालिका के वार्ड 26 सराकिया में एक खेत में रखे चारें में शुक्रवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड ने मौके पर आकर आग पर काबू पाया। उसके बाद भी किसान को काफी नुकसान हुआ है। रहवासी अशोक लौंवशी ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर को खेत में रखा चारा व सुखे पुलों की छंवरी में आग लग गई। खेत में लगी आग का धुआं और आग लपटे काफी दूर तक दिखाई दी।

**1 से 30 मई तक लगेगा खेल प्रशिक्षण शिविर**

## 20 स्थानों पर दिया जाएगा 11 खेलों का विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में खेल और युवा कल्याण विभाग की ओर से 1 मई से 31 मई तक खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में एक बैठक हुई, जिसमें पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया ने भाग लिया। इस शिविर में 29 ग्रामीण युवा समन्वयक और प्रशिक्षक युवा खिलाड़ियों को खेल प्रशिक्षण देंगे।

मंडीदीप में ज्ञान स्थलीय इंटरनेशनल स्कूल में कराटे, खेल मैदान में हॉकी और शासकीय कन्या विद्यालय में वॉलीबॉल की ट्रेनिंग दी जाएगी। विवेक जाग्रति स्कूल में खो-खो, बरेली के शासकीय हाई



सेकेंडरी स्कूल में हैंडबॉल और वॉलीबॉल का प्रशिक्षण होगा। रायसेन के खेल परिसर में फुटबॉल, पुलिस लाइन में ताईक्वांडो और योग की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अलावा, सांची के रामलीला मैदान में एथलेटिक्स और सामुदायिक भवन में तायक्वांदो का प्रशिक्षण होगा। इसके अलावा, देवरी के खेल स्टेडियम में कबड्डी और उदयपुरा के ताल कटोरा स्टेडियम में एथलेटिक्स का प्रशिक्षण होगा।

**नाम परिवर्तन के लिए लंबे समय से कर रहे संघर्ष**

## औबेदुल्लागंज का नाम सीताराम नगर करने के लिए केंद्रीय मंत्री चौहान को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज का नाम परिवर्तन करने के लिए सीताराम संघर्ष समिति ने शनिवार को केंद्रीय मंत्रि शिवराज सिंह चौहान को आवेदन दिया है। इसके साथ ही नगर में वीर शिरोमणि पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति स्थापित करने के लिए भी आवेदन दिया है।

ज्ञात हो कि सीताराम संघर्ष समिति लंबे समय से नाम परिवर्तन करने के लिए आंदोलन चला रही है। इसी क्रम में सीताराम संघर्ष समिति ने हस्ताक्षर अभियान चलाया, जन समर्थन रैली भी निकाल चुकी है। इसके साथ ही एसडीएम, विधायक, राज्यपाल एवं कलेक्टर को आवेदन भी दे चुके हैं। साथ ही



औबेदुल्लागंज नगर परिषद ने भी औबेदुल्लागंज का नाम परिवर्तित करने के लिए प्रस्ताव पास कर आगे की कार्रवाई के लिए फाइल रायसेन भेज दिया है। इस मौके पर राहुल राजपूत, कमलेश राजपूत, शुभम राजपूत, लक्ष्मण सिंह, संतोष अहिरवार, रोहन कहार, राहुल प्रजापति, प्रिंस नागर एवं नितिन राजपूत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पीएस का पीए बताकर हेड कांस्टेबल की पत्नी से दो लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वास्थ्य विभाग में प्रमुख सचिव का पीए बताकर जालसाज ने हेड कांस्टेबल की पत्नी से दो लाख रुपए ऐंठ लिए। दरअसल, हेड कांस्टेबल की पत्नी उप स्वास्थ्य केंद्र में एनएनएम है। उन्होंने विभाग में तबादले के लिए आवेदन दिया था। जालसाज ने उनका नंबर हासिल किया और उन्हें ट्रांसफर कराने के नाम पर अकाउंट में दो लाख रुपए जमा करा लिए। अकाउंट में पैसा आते ही आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर बंद कर लिया। घटना की शिकायत क्राइम ब्रांच थाने में की गई है। क्राइम ब्रांच ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मनीष पटेल (37) अचली, पोस्ट सेमरखापा, जिला मंडला में रहते हैं और डिडोंरी में प्रधान आरक्षक है। उनकी पत्नी राजश्री पटेल उप स्वास्थ्य केंद्र ग्राम चाखला, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर तामिया, जिला छिंदवाडा में एएनएम है। राजश्री ने पति को बताया कि 17 मार्च 2025 को उनकी दो मोबाइल नंबरों पर बात हुई। बातचीत के दौरान कॉलर ने अपना नाम हर्ष राजपूत बताया। उसने बताया कि वह स्वास्थ्य विभाग भोपाल में प्रमुख सचिव यादव सर का पीए है। इसके बाद ट्रांसफर के संबंध बातचीत की। वह कहना लगा कि तुम्हारा ट्रांसफर होना है, लेकिन बिना पैसों के कोई काम नहीं तो होता। यदि खर्चा करोगी तो तुम्हारा ट्रांसफर हो जाएगा। राजश्री विभाग में ट्रांसफर की प्रक्रिया नहीं जानती है। मोबाइल पर ट्रांसफर के लिए हुई चर्चा के बारे में उन्होंने पति मनीष पटेल को बताया। पत्नी का ट्रांसफर कराने मनीष ने हर्ष राजपूत के खाते और क्यूआर कोड पर कुल दो लाख रुपए ट्रांसफर किए थे। रुपए मिलने के बाद मोबाइल नंबर बंद हो गया। इस दौरान पता चला कि पैसा प्रदीप जैन के नंबर पर ट्रांसफर हुआ है, लेकिन वह कहने लगा कि मुझे कोई पैसे नहीं मिले हैं।

**विधायक पटवा ने कहा- हमारी सरकार कड़ी सजा दिलवाएगी**

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में निकाली आक्रोश रैली, आतंकवाद और पाकिस्तान का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्याकांड को लेकर आक्रोश लगातार जारी है और दोषियों को मौत की सजा की मांग के साथ नगर में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा हुई। इस दौरान मैन चौराहे से व्यापार महासंघ, किराना व्यापार संघ, भाजपा मंडल, मुस्लिम समाज, भाजपा युवा मोर्चा, गणमान्य नागरिकों एवं विधायक सुरेंद्र पटवा के नेतृत्व में विशाल रैली निकाली गई। सीताराम चौराहे पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी फिर

**सीताराम चौराहे पर कैंडल जलाकर दी मृतकों को श्रद्धांजलि**



आतंकवाद एवं पाकिस्तान का पुतला जलाया। विधायक सुरेंद्र पटवा ने पहलगाम में शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि धर्म के नाम पर आतंक फैलाने वालों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह और हमारी सरकार कड़ी सजा दिलवाएगी। आतंकी घटना के बाद पूरा देश एकजुट हो चुका है। इस अवसर पर अशोक मित्तल, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, व्यापार संघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, दीपू परमार, प्रदीप अरोरा, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर, पंकज कोठारी, सुरजीत सिंह बिल्ले, देवेंद्र सिंह राजू, वचन लोधी, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, माया राय, हेमलता चौरसिया, मुस्लिम समाज अध्यक्ष गुड्डू, सलीम, आमीर ममनून, धर्मेंद्र चौरसिया, माधव यादव, विवेक मित्तल, रतन मेघानी, रमेश वासवानी, बजेश अग्रवाल, नरेश सेठी, विजय जैन, श्याम मालवीय, गुड्डू यादव, राजेंद्र गुड्डू साहू, अंकित अग्रेवाल, मनोज चौरसिया, रामकिशोर चौहान, दिलीप मित्तल, सोनू चौकसे, मुकेश कहार, पुरुषोत्तम शर्मा सहित एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, वृंदावन मीणा, नगर पंचायत सीएमओ, तहसीलदार निलेश सरवटे आदि शामिल हुए।

## क्रू मेंबर की ट्रेनिंग ले रहे घायल युवक की अस्पताल में मौत

**18 अप्रैल को हुआ था हादसा, एयर होस्टेज की पहले हो चुकी है मौत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



एक निजी एयरवेज कंपनी में क्रू मेंबर की ट्रेनिंग करने वाले चार दोस्त भोपाल में घूमने निकले और एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। इस घटना में एक महिला एयर हॉस्टेस की मृत्यु पहले ही हो गई थी। इस दुर्घटना में घायल वन ट्री हिल्स राधा होम्स के पीछे निवासी आयुष (22) पिता प्रेम दादलानी को एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार को आयुश ने भी दम तोड़ दिया। आयुश एयरवेज़ कंपनी में क्रू मेंबर बनने की ट्रेनिंग ले रहा था।

18 अप्रैल को एयर हॉस्टेस और दो मेंबर भोपाल आए और आयुश के साथ घूमने का प्रोग्राम बनाया। चारों दोस्तों कार में बैठकर भोपाल घुमने निकले तो उनकी कार गड्ढे में पलट गई। इस दुर्घटना में एयर होस्टेस हर्षिता शर्मा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य साथियों को गंभीर रूप से चोट आई थी। उन्हें एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। घटना के दो दिन बाद दो साथियों को छुट्टी दे दी, लेकिन आयुश की तबियत गंभीर पर इलाज चल रहा था। शनिवार को आयुश की मौत हो गई।

## व्यापारियों में आक्रोश


न्यूमार्केट में शनिवार को दोपहर तक दुकानों में लगे रहे ताले।


पुराने शहर के चौक बाजार में भी सन्नाटा पसरा रहा।


न्यूमार्केट में बंद के कारण पसरा सन्नाटा।

# अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर पहलगाम में आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

### भोपाल बंद एवं श्रद्धांजलि सभा को किया समर्थन


वाणिज्य प्रतिनिधि,भोपाल। भोज इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एंड ऑफिस ऑटोमेशन डीलर्स एसोसिएशन भोपाल, भोपाल कोचिंग एसोसिएशन, कोलार व्यापारी संघ, 10 नंबर मार्केट व्यापारी संघ, कार एसेसरीज संगठन भोपाल, श्री होलसेल सराफा एसोसिएशन भोपाल, टैक्स लॉ बार एसोसिएशन, भोपाल प्लाइवुड हार्डवेयर व्यापारी एसोसिएशन, सहित शामिल रहे कई व्यापारीगण।

### चौक बाजार व्यापारी संघ ने भी किया विरोध प्रदर्शन


कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ चौक बाजार व्यापारी संघ एवं भोपाल व्यवसायी संघ के तत्वावधान में व्यापारियों ने बाजार बंद रख सभी एकत्रित हुए। पैदल मार्च निकालकर भारत माता के जयकारे लगाए। इस अवसर पर व्यापारी संगठन व्यापारी के अध्यक्ष चौक व्यापारी संघ अभिषेक जैन अब्बू, विशेष रूप से राहुल गुप्ता, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### आतंकी हमले में दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की


दयानिधि सामाजिक संस्था द्वारा भवानी चौक कर्फ्यू वालीमाता मंदिर सोमवारा में पहलगाम में आतंकी हमले में दिवंगत हुए 28 भारतीय नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनिट का मौन धारण किया। समाजसेवी अनुपम अग्रवाल ने बताया कि दयानिधि सामाजिक संस्था के सभी सदस्यों ने पहलगाम के हमले भर्त्सना करते हुए इस कृत्य की घोर निंदा की गई।

### बीमाकुंज में भाजपा ने फूंका आतंकवाद का पुतला


पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में बीमाकुंज में भाजपा ने पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यति समेत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाएगा टीका

**भोपाल।** टीकाकरण जागरुकता के लिए विश्व टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह के दौरान रिक्त उप स्वास्थ्य केंद्रों, कम उपलब्धि वाले वार्डो, एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से जन्म से लेकर पांच वर्षों के बच्चों की सूची तथा ड्यू लिस्ट अनुसार टीकाकरण किया जा रहा है। पैरी अर्बन एरिया एवं मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के रहवासी परिवारों के बच्चों के टीकाकरण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मेडिकल ऑफिसर, एएनएम, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स, सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण किया जा रहा है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**भोपाल।** जगतगुरु श्री वल्लभाचार्य महाप्रभु जी का 548वें प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को लखेरापुरा श्रीजी मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसमें डॉ. तन्मय शाह, दांत, स्त्री रोग विशेषज्ञों की ओर से परामर्श दिया जाएगा।

## आत्महत्या रोकथाम पर दो दिवसीय आईपीपी मिड-टर्म सीएमई का आयोजन

# देश में बढ़ रहे ट्रेंड सुसाइड के केस, सिंगल परिवार और मानसिक बीमारियां बड़ी वजह

### राष्ट्रीय मनोरोग सम्मेलन में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देशभर में इन दिनों ट्रेंड सुसाइड यानी समूह में आत्महत्या करने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। जब एक परिवार आत्महत्या करता है, तो उसके तुरंत बाद ऐसे तीन से चार मामले और सामने आते हैं। इस तरह के चलन को ही ट्रेंड सोसायटी कहा जाता है। यह जानकारी मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. विजय लक्ष्मी ने दी।



वह होटल ताज में आयोजित देश के पहले राष्ट्रीय मनोरोग सम्मेलन में बोल रही थीं, जो आत्महत्या रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता पर केंद्रित था। कार्यक्रम का आयोजन गांधी मेडिकल कालेज (जीएमसी) और इंडियन एसोसिएशन आफ प्राइवेट साइकियाट्री (आईएपीपी) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

### 45 विशेषज्ञों के साथ अमेरिका से भी दो विशेषज्ञों ने लिया कार्यक्रम में हिस्सा




*सम्मेलन में एनएचएम मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना, जीएमसी डीन डॉ. कविता एन. सिंह, मिड-टर्म सीएमई की आयोजन समिति के चेयरपर्सन डॉ. आरएन साहू, आयोजन समिति की सेक्रेटरी डॉ समीक्षा साहू सहित देशभर के 45 विशेषज्ञों के साथ अमेरिका से भी दो अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि हमारे यहां पहला सुख निरोगी काया कहा गया है लेकिन चार तरह के सुख में पहला स्थान मानसिक सुख माना गया है।*

### करियर, प्रेम प्रसंग में असफलता और मानसिक बीमारियां प्रमुख कारण



*सम्मेलन में डॉ. मृगेश वैष्णव ने बताया कि 2022 के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में लगभग आठ लाख लोगों ने आत्महत्या की, जिसमें अकेले भारत में 1 लाख 71 हजार लोगों ने जान दी। इनमें सबसे ज्यादा संख्या युवाओं की है, खासकर 15 से 30 साल की उम्र के युवक और युवतियां। आत्महत्या के पीछे करियर की चिंता, प्रेम प्रसंग में असफलता और मानसिक बीमारियां प्रमुख कारण हैं। उन्होंने बताया कि आत्महत्या करने वालों में लगभग 90 प्रतिशत लोग किसी न किसी मानसिक बीमारी से जूझ रहे होते हैं। युवाओं में स्क्रीन टाइम का अधिक बढ़ना, साइबर बुलिंग और पारिवारिक तनाव भी मुख्य वजह बन रहे हैं।*

### 50 प्रतिशत लोग नहीं बताते मन की बात

डॉ. गौतम साहा ने कहा कि आत्महत्या करने वाले 50 प्रतिशत लोग अपने डाक्टर को भी अपने मन की बात नहीं बता पाते। उन्होंने एकल परिवार के बढ़ते चलन को भी बड़ी समस्या बताया। पहले संयुक्त परिवारों में बुजुर्गों के साथ बातचीत से बच्चों को मानसिक सहारा मिलता था, लेकिन आज माता-पिता के व्यस्त रहने के कारण बच्चों को अकेलापन घेर लेता है, जो मानसिक तनाव को बढ़ाता है। विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि परिवारों को बच्चों के साथ संवाद बढ़ाना चाहिए और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि इस गंभीर समस्या को रोका जा सके।



### जीएमसीः वाकेथॉन में हुआ आत्महत्या रोकने पर मंथन



*राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में आत्महत्या की रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता हेतु चिकित्सकों और चिकित्सा विद्यार्थियों द्वारा वाकाथॉन का आयोजन किया गया। इस वाकाथॉनका आयोजन शनिवार से दो दिवस के लिए इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट सायक्यात्री की मिड टर्म सीएमई के अन्तर्गत किया गया। शनिवार सुबह सात बजे जीएमसी की डीन डॉ कविता एन सिंह के नेतृत्व में देश-विदेश से आए प्रख्यात मनोचिकित्सकों के साथ, महाविद्यालय के चिकित्सा शिक्षक, विद्यार्थी एवम स्टॉफ ने इस वाकोथोन में भाग लिया। प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम संबंधित स्लोगन और नारे लगाए। डॉ कविता एन सिंह ने बताया कि मेडिकल स्टूडेंट्स में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव में कमी लाने एवम आत्महत्या की समस्या पर जागरूकता हेतु इस वाकाथॉन को आयोजित किया गया है। मानसिक रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जेपी अग्रवाल ने बताया कि आत्महत्या की रोकथाम संभव है। आत्महत्या के चेतावनी संकेतों की समय से पहचान करके आत्महत्या के लिए प्रेरित व्यक्ति की मदद की जा सकती है, एवम एक अनमोल जीवन को बचाया जा सकता है। मानसिक रोग विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ समीक्षा साहू ने आत्महत्या की रोकथाम हेतु महत्वपूर्ण टिप्स सभी प्रतिभागियों को बताए।*

## ऑस्टियोपोरोसिस पर जागरुकता शिविर

# बीएमडी टेस्ट से कैल्शियम और अन्य खनिजों का लगता है पताः डॉ. सोनकर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में ऑर्थोपेडिक विभाग द्वारा ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों के क्षय रोग) के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके आधुनिक उपचार पर जानकारी प्रदान करने के लिए शनिवार को एक दिवसीय बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी) परीक्षण शिविर के साथ सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जीएमसी डीन डॉ. कविता एन. सिंह और हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ सुनीत टंडन द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सचिव डॉ दीपेंद्र सोनकर ने बताया कि अस्थि खनिज घनत्व (बीएमडी) परीक्षण हड्डी में कैल्शियम और अन्य खनिजों को मापता है। अधिक खनिजों वाली हड्डियां सघन होती हैं, इसलिए वे मजबूत होती हैं और टूटने की संभावना कम होती है। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है या यदि हममें कुछ चिकित्सीय स्थितियां विकसित हो जाती हैं तो हड्डियां कम घनी हो सकती हैं। जब बहुत अधिक हड्डी नष्ट हो जाती है, तो ऑस्टियोपोरोसिस विकसित हो सकता है। बीएमडी जांच शिविर में सैकड़ों लोगों ने निःशुल्क हड्डी घनत्व परीक्षण करवा कर लाभ उठाया। साथ ही डेक्सा स्कैनिंग पर प्रतिशत की विशेष छूट भी दी गई।

### ऑस्टियोपोरोसिस को लेकर समाज में जागरुकता की कमी

आयोजक अध्यक्ष डॉ. आशीष गोहिया ने कहा कि ऑस्टियोपोरोसिस को लेकर समाज में जागरुकता की भारी कमी है। यह शिविर और सीएमई न केवल ज्ञानवर्धन का माध्यम बने, बल्कि आम जनता के लिए भी उपयोगी सिद्ध हुए। ऑस्टियोपोरोसिस हार्मोनल असंतुलन से भी जुड़ा होता है, विशेषकर पोस्टमेनोपॉजल महिलाओं और बुजुर्गों में सबसे ज्यादा पाया जाता है।

### रजोनिवृत्ति के बाद तेजी के कमजोर होती महिलाओं की हड्डियां

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शबाना सुल्तान ने कहा कि महिलाओं में रजोनिवृत्ति के बाद हड्डियां तेजी से कमजोर होती हैं। समय पर स्क्रीनिंग और हॉर्मोनल संतुलन के लिए परामर्श आवश्यक है। महिला स्वास्थ्य में हड्डियों की देखभाल अनिवार्य पहलू है। वहीं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजुषा गोयल ने कहा कि हड्डियों की नींव बचपन में रखी जाती है। उचित पोषण, धूप लेने, नियमित व्यायाम से बचा जा सकता है।

# दो माह देरी से स्कूल जा पाएंगे आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चे

### आवंटन के बाद प्रक्रिया में भी लगेगा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के निजी स्कूलों में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत प्रवेश की उम्मीद लिए बैठे बच्चों और अभिभावकों का इंतजार जल्द खत्म होगा।

स्कूल शिक्षा विभाग ने आरटीई के तहत प्रवेश की प्रक्रिया का कार्यक्रम जारी कर दिया है। जिसके अनुसार, 5 मई से प्रक्रिया शुरू होगी। हालांकि हर बार की तरह इस बार भी विभाग सत्र शुरू होने के पहले प्रक्रिया शुरू नहीं कर सका है। जहां निजी स्कूलों में विद्यार्थियों की अगली कक्षा की पढ़ाई शुरू हो गई हैं, तो वहीं अब 5 मई से आरटीई के तहत प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी। लॉटरी 29 मई को निकाली जाएगी। ऐसे में सत्र शुरू होने के करीब दो माह बाद विद्यार्थियों को उनकी पसंद का स्कूल मिल सकेगा और वह स्कूल जाएंगे। हालांकि लॉटरी निकलने के बाद प्रवेश प्रक्रिया, पुस्तकें, यूनिफार्म की व्यवस्था में भी करीब 15 दिन का समय लगेगा। ऐसे में विद्यार्थी जुलाई तक ही स्कूल जा पाएंगे। जबकि विभागीय जानकारों की माने तो अन्य विद्यार्थियों का करीब 20 फीसदी सिलेबस पूरा हो जाएगा। ऐसे में आरटीई के तहत बड़ी उम्मीदों से निजी स्कूलों में पहुंचने वाले बच्चे पिछड़ जाएंगे।

रेल महाप्रबंधक ने एरिया ट्रेनिंग सेंटर का किया निरीक्षण

# प्रशिक्षण कार्यक्रम ऐसे डिजाइन किए जाएं जिससे कर्मचारी तकनीकी रूप से दक्ष बनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे में चलाए जा रहे संरक्षा अभियानों से रेल संरक्षा को ओर बेहतर करने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। इसी के तहत पमरे जोन महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने शनिवार को भोपाल मंडल स्थित रेलवे के एरिया ट्रेनिंग सेंटर (एटीसी) का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने इंजीनियरिंग एवं परिचालन विभाग के संरक्षा से जुड़े ट्रैकमैन, गैंगमैन, प्वाइंट्समैन, स्टेशन मास्टर एवं गार्ड जैसे प्रशिक्षुओं से सीधा संवाद किया।



महाप्रबंधक ने कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने और ड्यूटी के दौरान संरक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। महाप्रबंधक ने निर्माणाधीन कंप्यूटर आधारित परीक्षा हॉल तथा नियंत्रण कक्षों का भी सघन निरीक्षण किया। प्रशिक्षण केंद्र की विभिन्न कक्षाओं में जाकर चल रही गतिविधियों का भी जायजा लिया और भविष्य की योजनाओं की समीक्षा की। बंदोपाध्याय ने अधिकारियों को प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए और कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को इस प्रकार डिजाइन किया जाए कि यह कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाए। उन्होंने रेल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ट्रेनिंग ले रहे कर्मचारियों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराए।

इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी, अपर मंडल रेल प्रबंधक रश्मि दिवाकर, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) ऋतुराज शर्मा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह, मंडल अभियंता मुख्यालय श्याम नगर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## इम्यूनोआंकोलॉजी वर्कशॉप में कैंसर विशेषज्ञों ने दी इलाज और दवा की जानकारी

# कैंसर में कीमोथैरेपी के साइड इफेक्ट से बचाएगी इम्युनोथेरेपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैंसर के इलाज में कीमोथेरेपी से होने वाले साइड इफेक्ट्स थकान, बालों का झड़ना, मतली, उल्टी और मुंह में छाले होने जैसी समस्या से बचाने के लिए अब नई तकनीक इम्यूनोथेरेपी है। इम्यूनोथेरेपी कीमोथेरेपी के मुकाबले कम साइड इफेक्ट पैदा करती है। हालांकि अभी यह दवाएं अमेरिया या यूरोपीय देशों से आती हैं। इस कारण इलाज काफी महंगा हो जाता है। लेकिन अब इंडियन फार्मासिस्ट और चायनीज दवाएं भी बाजार में आ गई है। इससे इस तकनीक में इलाज का खर्च कम हो रहा है। यह जानकारी शनिवार को होटल कोर्टयार्ड मैरियट में लीडर इम्युनोआंकोलॉजी नेटवर्क (लॉयन) वर्कशॉप में पूर्व एचओडी टाटा कैंसर अस्पताल के डॉ पूर्वेश पारेख दी। डॉ पारेख ने बताया कि इम्यूनोथेरेपी तकनीक से फोर्थ स्टेज के कैंसर को भी ठीक किया जा सकता है।



### खास बातें

- इस तकनीक में खर्च कम हो रहा है
- कैंसर को भी ठीक किया जा सकता है



### बड़ी आंत और मलाशय का कैंसर जैसे मामलों में तेजी से हो रही वृद्धि

वर्कशॉप में मैक्स केयर अस्पताल के वीसी डॉ. अतुल शर्मा ने बताया कि बदलती जीवनशैली, असंतुलित खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण युवाओं में कोलोरेक्टल या कोलोन कैंसर (बड़ी आंत और मलाशय का कैंसर) के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। कोलन कैंसर से बचने के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, अधिक फल और सब्जियों का सेवन तथा अल्कोहल और तंबाकू से दूरी बनाकर रखी जानी चाहिए। शनिवार से शुरू हुई दो दिवसीय वर्कशॉप में देशभर के कैंसर विशेषज्ञ आए हुए है।



### रुटीन वैक्सीनेशन में शामिल होगी सर्विक्स कैंसर वैक्सीन

भारत में सर्वाइकल कैंसर की समस्या बढ़ रही है, यह महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है। 2022 में, भारत में सर्वाइकल कैंसर के 127,526 नए मामले सामने आए, जो दुनिया में दूसरे स्थान पर है। इसकी वजह है जागरूकता की कमी, स्क्रीनिंग विकल्पों का अभाव, और एचपीवी वैक्सीनेशन की दर कम होना। शहरों की तुलना में गांवों में यह ज्यादा पाया जाता है। इसका सबसे बड़ा कारण सोशल इकोनॉमी प्रोफाइल है। भारत में अब सर्विक्स कैंसर की वैक्सीन आ गई है। भारत सरकार भी इसे रुटीन वैक्सीनेशन प्रोग्राम में शामिल करने की योजना तैयार कर रही है।


डॉ. सेंथिल राजप्पा

# नेफा के मैदान में हारे हुए सिपाही से कवि रामधारी सिंह दिनकर करते हैं प्रश्न

*पराजित सिपाही कहता है मैं उनके पाप ढो रहा हूं, जिनके भीतर न तो जवानी की आग थी, न कोई लहर....*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ततान समय में न तो अन्याय सहना चाहिए और न ही अन्याय करना चाहिए। कहीं अन्याय हो तो अन्याय के खिलाफ आवाज जरूर उठानी चाहिए... कुछ ऐसे ही संदेश को देता नाटक 'परशुराम की प्रतीक्षा' का मंचन शनिवार की शाम रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में किया गया। राष्ट्रकवि पद्मभूषण रामधारी सिंह दिनकर की अमर रचनाओं पर आधारित यह नाट्य प्रस्तुति रामधारी सिंह दिनकर द्वारा रचित एक प्रबंध काव्य है। इस प्रबंध काव्य को भारत-चीन युद्ध के पश्चात लिखा गया था। कवि का संदेश है कि हमें अपने नैतिक मूल्यों की रक्षा करते हुए अपने राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा के लिए सतत जागरूक रहना चाहिए। परशुराम की प्रतिज्ञा 56 पंक्तियों की कविता है और यह पांच खंडों में विभक्त है। इस कविता की शैली यह है कि नेफा के मैदान में हमारा हारा हुआ सिपाही खड़ा है और कवि उससे सवाल करता है तथा वह पराजित सिपाही कवि को उत्तर देता है।



## रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक 'परशुराम की प्रतीक्षा' का मंचन

### दो प्रश्नों के उत्तर में समझ आई भारतीय विचारधारा

*पहले खंड में सिपाही से कवि का पहला ही सवाल इतना तीखा है कि वह हमारी तत्कालीन रक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह बन जाता है।*

**गर्दन पर किसका पाप वीर ढो रहे हो ? शोषण से तुम किसका कलंक ढोते हो ?**
और इस प्रश्न के उत्तर में सिपाही जो कुछ कहता है उस विचारधारा पर करारी चोट पड़ती है, जिस विचारधारा को भारत उस समय लेकर चल रहा था। सिपाही कहता है मैं उनके पाप ढो रहा हूं, जिनके भीतर न तो जवानी की आग थी, न कोई लहर थी।

**परशुराम के क्रोध और शक्ति से हैं परिचित ऋषि जमदग्नि**
परशुराम की प्रतिज्ञा में क्रांति का संदेश है, स्वतंत्रता की भावना की लगन है, वीरता की भावना से ओत-प्रोत है, युवकों को जागृति का संदेश है। यदि विपत्ति आ जाए तो उसे चुपचाप सहन मत करो। कविता में ऋषि जमदग्नि को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो परशुराम के क्रोध और शक्ति से परिचित है और उनकी रक्षा भी करता है।









## रोशनी, खुशबू का मेरे घर में आना कम रहा...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रोशनी, खुशबू का मेरे घर में आना कम रहा, इसलिए नाराज मुझसे उम्र भर मौसम रहा..... किशन तिवारी की इस गजल पर सम्पूर्ण सभागार वाह वाह कर उठा। मौका था अखिल भारतीय साहित्य परिषद व वनमाली सृजनपीठ द्वारा गजलकार किशन तिवारी की पुस्तक 'हिन्दी गजल और डॉ. किशन तिवारी' का लोकार्पण दुष्यंत संग्रहालय में हुआ। पुस्तक का संपादन हरेराम समीप ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रबिन्द्रनाथ टैगोर विश्व विद्यालय के कुलाधिपति डॉ. संतोष चौबे ने कहा कि किशन तिवारी की गजलों का विशाल परिदृश्य है और जनमानस की बात सहजता से कही गई है। वरिष्ठ गीतकार नरेंद्र दीपक ने कृति को श्रमसाध्य कार्य बताया। वरिष्ठ गीतकार मयंक श्रीवास्तव ने कहा कि किशन तिवारी आज के गजलकारों में मुख्य व चर्चित नाम है।

- **दुष्यंत संग्रहालय में 'हिन्दी गजल और डॉ. किशन तिवारी' का विमोचन**

## झन दिया बौज्यू छाना बिलौरी का घामा.....





**भोपाल।** मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के महिला शक्ति प्रकोष्ठ द्वारा हिंदी भवन में भारत की ज्ञान परंपरा में भारत के विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति के अंतर्गत उत्तरांचल के लोकगीत-लोकसंस्कृति के रूप में सुमधुर लोकगीतों से सजी संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनीता सक्सेना संयोजक, महिला शक्ति प्रकोष्ठ ने उत्तराखंड की लोक संस्कृति की जानकारी दी। साथ ही गायिकाओं ने झन दिया बौज्यू छाना बिलौरी का घामा, लागला बिलौरी का घामा... के रुप में पहाड़ी गीत सुनाया तो वहीं बेडू पाको बारामासा, नरेन काफल पाको चेता मेरी चालिया.... गीत पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाईं। वहीं ऊडने डूबे एग्याय रे चेता की चैत्वाल्या चैता की चैत्वाल्या...., फैली हरी हरी डाली मीठी लागे.... जैसे गीतों की प्रस्तुति भी खास रही।

- **हिंदी भवन में उत्तरांचल के लोकगीतों की प्रस्तुति**

### इंग्लिश और बॉलीवुड मूवी के रैप सॉन्ग्स पर झूमे श्रोता

# इंडीमूंस आर्ट फेस्टिवल में यूफोनी बैंड्स की परफॉर्मेंस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंडीमूंस आर्ट फेस्टिवल के दो दिनी प्रतिष्ठा आयोजन में शनिवार की पहली शाम यूफोनी बैंड्स के नाम रही। सभागार में पूरे दो घंटे संगीत की स्वर लहरियां गूंजती रहीं और श्रोता भाव विभोर से झूमते रहे। संगीत की इस सुरमई शाम में जब यूफोनी के कलाकार जब अपने उस्ताद सनीश नायर के साथ मंच पर आए। उत्साही श्रोताओं ने खड़े होकर करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। संगीत की इस रोमांचक यात्रा के दौरान 20 से 25 बॉलीवुड गीतों की धारा बहती रही। मंत्रमुग्ध श्रोता सनीश नायर और उनके साथी कलाकारों और साजिंदों लगातार उत्साह बढ़ाते रहे।

*» सभागार में पूरे दो घंटे तक गूंजती रहीं संगीत की स्वर लहरियां*

*» श्रोताओं ने खड़े होकर करतल ध्वनि से किया स्वागत*

### बैंड ने श्रोताओं को किया भावविभोर

इस दौरान कलाकारों ने झूम झूम, झलक दिखला जा, चल छैंया छैंया, पहला-पहला प्यार है, चैन एक पल नहीं सोनियो और खोया खोया चांद जैसे लोकप्रिय नग़्मों को प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। खोया खोया चांद, मान मेरी जान, मैं चली मैं चली को इंग्लिश रैप में इन्फ्यूज करके प्रस्तुत किया। इसके साथ ही बैंड ने कलाम और हीरो मूवी का इंस्ट्रूमेंट बजाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

### 'बैटल ऑफ बैंड्स' प्रतियोगिता रही खास

इसी के साथ फेस्टिवल में 'बैटल ऑफ बैंड्स' प्रतियोगिता भी खास रही, जिसमें सात में से चार विजेता बैंड्स को चुना गया। संगीत के ये चार सूरमा रविवार की शाम फाइनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## बैकग्राउंड डांसर था, म्यूसिक इवेंट में सिंगर के पीछे डांस किया करता था....

*रवीन्द्र भवन में यूफनी बैंड में प्रस्तुति देने आए सिंगर सनीश नायर से हरिभूमि की खास बातचीत*



**भोपाल।** पहले मैं बैकग्राउंड डांसर था। म्यूजिकल इवेंट में सिंगर के पीछे दो तीन लोगों के साथ डांस किया करता था, फिर मुझे लगा कि यह काम सही नहीं है और मुझे सामने आकर अपनी पहचान बनानी चाहिए और मैंने गाना शुरू कर दिया। कालेज के दोस्तों के साथ मिलकर वर्ष 2015 में यूफनी बैंड की स्थापना की और लीड सिंगर बन गया। पहले हम हाउस और कारपोरेट इवेंट में ज्यादा प्रस्तुति देते थे। अब बड़े-बड़े फेस्टिवल में देश-विदेश में प्रस्तुतियां दे रहे हैं। यह कहना है यूफनी बैंड के संस्थापक सनीश नायर का जो इंडी मूंस फेस्टिवल में प्रस्तुति देने रवींद्र भवन आए थे।

**टीवी पर हमारे बैंड के आने के बाद ही घरवालों ने हमें काबिल समझा**
हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने बताया कि डांस या म्यूजिक की पेशे के रूप में चुनना आसान नहीं है। हम कई वर्षों तक लगातार काम करते रहे, लेकिन हमारी काबीलियत को हमारे घर वालों तक ने तब तक स्वीकार नहीं किया,जब तक की हमारा बैंड टीवी में नहीं आ गया। उन्होंने कहा कि हमारी प्रस्तुति में ए कैपेला, बीटबाक्सिंग, गिटार, बांसुरी और विभिन्न तालवाद्यों के साथ मुखर धुनों का मिश्रण होता है।

**यूफनी जैसे बैंड में पूरी टीम का काम और चेहरा आता है सामने**
सनीश ने कहा कि आजकल बड़े सिंगर और सेलिब्रेटियों ने अपने-अपने बैंड बना लिए हैं, लेकिन सेलिब्रेटी आर्टिस्ट जब अपने बैंड के साथ प्रस्तुति देता है तो आडियंस का पूरा फोकस उसी पर होता है,लेकिन यूफनी जैसे बैंड में पूरी टीम का काम और चेहरा सामने आता है। सारे एलिमेंट दिखते हैं और कोई एक हावी नहीं हो पाता है। सनीश ने कहा कि हाउस और कारपोरेट इवेंट की बजाय फेस्टिवल में प्रस्तुति देना ज्यादा चुनौतीपूर्ण है।

## मलयालम भाषा में गीत गाने की है ख्वाहिश...

हरिभूमि चर्चा

*एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में लाइव कॉन्सर्ट के लिए आईं निकिता गांधी से हरिभूमि की खास बातचीत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मैंने हिंदी, बंगाली, तमिल, तेलुगू कई भाषा के गीत गए हैं, लेकिन मलयालम भाषा में अभी तक कोई गीत नहीं गया तो अब दिली ख्वाहिश है की इसमें भी कोई गीत गाऊं, क्योंकि मलयालम अपने आप में एक कठिन भाषा है। यह कहना है जानी-मानी सिंगर निकिता गांधी का, जिनका शनिवार को एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में धमाकेदार लाइव कॉन्सर्ट था। इस दौरान हरिभूमि से बातचीत में निखिता ने अपनी जर्नी साझा की।

### सिंगर पापोन के साथ भी म्यूजिक एल्बम निकालूं

उन्होंने कहा कि एआर रहमान की वजह से इंडस्ट्री में मेरी जर्नी शुरू हुई और बादशाह के साथ भी मैंने कई गाने गए हैं। लेकिन अब मेरी दिली ख्वाहिश है कि सिंगर पापोन के साथ भी मैं म्यूजिक एल्बम निकालूं। इसके साथ ही कई फीमेल सिंगर्स भी हैं जिनके साथ में गाना गाना चाहती हूं।

### नाच मेरी रानी, गोरे गोरे मुखड़े... पर झूमे श्रोता

5000 हजार की संख्या में मौजूद स्टूडेंट्स के बीच निकिता ने अपने कॉन्सर्ट की शुरुआत अपने लोकप्रिय गाने नाच मेरी रानी से की उसके बाद निखिता ने गोरे गोरे मुखड़े सहित बॉलीवुड के नए पुराने गीतों की अपनी आवाज दी। अंत में निखिता ने छात्रों से संवाद करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।





# 'बिन पानी सब सून' जल बिन जीवन संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तुलसी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.मोहन तिवारी 'आनंद' की अध्यक्षता में 'पानी बचाओ' विषय पर केंद्रित काव्य गोष्ठी का ऑनलाइन आयोजन किया गया, जिसमें 25 रचनाकारों ने रचना पाठ किया। सर्व प्रथम मीरा प्रकाश खरे ने मां सरस्वती की। इसके बाद कार्यक्रम के शुरू में डॉ. रेणुका श्रीवास्तव भोपाल ने सुनाया- बात मानो सखी समझायके, पानू राखो तुम बचाएके। वहीं डॉ. सलमा जमाल जबलपुर ने सुनाया -हे मानव तुम अभी संभालो, नष्ट करो ना जल को, बिन पानी धरती जब सूखे, याद करो उसे पाल को। इनके बाद डॉ. निराला पाठक रांची शामिल हुए। वहीं विनय झा गाजियाबाद, शिव कुमार दीवान भोपाल, हरिशंकर दुबे, भोपाल, हरिमोहन राय कर्वी चित्रकूट, डॉ. अशोक तिवारी 'अमन', विशेष अतिथि डॉ. आरपी तिवारी, 'राजेंद्र' टीकमगढ़, मुख्य अतिथि डॉ. देवदत्त द्विवेदी 'सरस' बडामलहरा ने जल संरक्षण dकविताएं सुनाईं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. मोहन तिवारी आनंद ने कहा कि पानी जीवन का आधार है। जल बिन जीवन संभव नहीं है। वहीं इस ऑनलाइन गोष्ठी में पहलगांव में आतंकी हमले की घोर भर्त्सना करते हुए मारे गए निर्दोष पर्यटकों को अर्पित की गई।

**कवियों ने बताया जल संरक्षण का महत्व**



# ग्लैमर ग्रुप की पूल पार्टी में गोवा थीम पर किया कैटवॉक

*बारिश के गानों के साथ रेन डांस और खेले गेम्स*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैचेन करने वाली गर्मी के बीच यदि पानी की ठंडी ठंडी फुहार पड़ जाए तो क्या कहने। ऐसे ही पूरे शबाब पर चढ़ी गर्मी के बीच शहर की एक्टिव लेडीज ग्रुप ग्लैमर ग्रुप की सखी-सहेलियों ने पूल पार्टी का लुत्फ उठाया।

जिसमें टिप टिप बरसा पानी...., पानी ने आग लगाई...., बरसात का मौसम... जैसे पानी की बौझार से रचे बसे गीतों पर गोवा की थीम पर महिलाओं ने कैटवॉक कर विभिन्न गेम्स भी खेले।

ग्रुप की प्रमुख निशिता सिंह ने बताया कि इस पार्टी की थीम हमनें गोवा बीच रखी तो वहीं होस्ट पलक मालवीय ने सभी मेंबर्स का स्वागत कर उन्हें वेलकम गिफ्ट दिए।



### वक्ताओं ने नौकरी पाने की नीतियों और कॅरियर के रास्तों पर अपने अनुभव किए साझा, कहा कॅरियर की सफलता सिर्फ डिग्री पर बेस्ड नहीं

# बियांड डिग्री, क्रिएटिंग करियर, क्रिएटिंग फ्यूचर थीम पर 'टेडएक्स इवेंट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एलएनसीटी ने हाल ही में बियांड डिग्री, क्रिएटिंग करियर, क्रिएटिंग फ्यूचर थीम पर 'टेडएक्स इवेंट' का आयोजन किया। इस इवेंट का उद्देश्य करियर विकास, नए जॉब अवसरों और बदलती हुई इंडस्ट्री की जरूरतों पर चर्चा करना था। कार्यक्रम में कई प्रमुख वक्ताओं ने नौकरी पाने की नीतियों, जरूरी स्किल्स और करियर के रास्तों पर अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया। इस इवेंट ने यह सिद्ध किया कि आज के समय में करियर की सफलता सिर्फ डिग्रियों पर निर्भर नहीं है, बल्कि निरंतर सीखने, अनुकूलनशीलता और सही कौशल के विकास पर आधारित है।



**इन प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर अपने कौशल को दें नया रूप**

डॉ. अनुपम चौकसे, एलएनसीटी ग्रुप के सचिव, ने इस इवेंट के माध्यम से छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे इन प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर अपने कौशल को नया रूप दें और इंडस्ट्री की बदलती जरूरतों के हिसाब से खुद को तैयार करें।

### मुख्य वक्ताओं में यह रहे शामिल

- कुणाल चड्डा, विप्रो से, जिन्होंने मेंटरशिप और संचार कौशल के महत्व पर बात की, जो किसी भी करियर को आगे बढ़ाने में सहायक होते हैं।
- परिमल कुमार, एमडोक्स से, जिन्होंने अपनी प्रेरक यात्रा साझा की और बताया कि कैसे कठिनाइयों के बावजूद सही मानसिकता और संघर्ष से उन्होंने सफलता पाई।
- परवेज खान, ईपीएएम सिस्टम से, जिन्होंने एजेंटिंग एआई, आधुनिक सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग प्रैक्टिसेस और विकास मानसिकता के बारे में बात की।
- पूनम मंडावा, एलीजियन इंडिया, जिन्होंने लचीलापन और कार्यबल के बदलते हुए रूप के बारे में जानकारी दी।
- मोहिनी पालचौधरी, क्वांटीफी से, जिन्होंने छात्रों को अपनी कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने और कौशलों को निरंतर सुधारने की सलाह दी, ताकि वे आज के प्रतिस्पर्धी मार्केट की जरूरतों के मुताबिक तैयार हो सकें।

विशेष

अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस

29 अप्रैल

कवर स्टोरी

रेणु खंतवाल

# पैरों की लय पर थिरकता

# स्वस्थ-आनंदमयी जीवन

वैसे तो अन्य कलाओं की तरह नृत्य भी कला का एक रूप है। लेकिन यह एक ऐसी कला है, जो ना केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखती है, मन को भी प्रसन्नता से भर देती है। कई ऐसे नर्तक-नृत्यांगनाएं हैं, जो वृद्धावस्था में भी पूरी ऊर्जा और उमंग के साथ थिरकते हैं, आंतरिक आनंद की लय के साथ जीवन जी रहे हैं। नृत्य के बहुआयामी लाभों के बारे में हमें जरूर जानना चाहिए।



पिछले साल जब 90 वर्ष की आयु में जानी-मानी अभिनेत्री और भरतनाट्यम नृत्यांगना वैजयंती माला ने अयोध्या आकर नवनिर्मित राम मंदिर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में रामलला के समक्ष अपनी नृत्य प्रस्तुति दी तो लोग इस उम्र में उनके नृत्य, समर्पण और श्रद्धा देख कर सुखद आश्चर्य से भर उठे। लोग हैरान थे कि इस आयु में जहां इंसान बिना सहारा लिए ठीक से चल नहीं सकता, वहीं वैजयंती माला प्रभु श्रीराम के समक्ष नृत्य प्रस्तुत कर रही हैं। चर्चा उनकी शारीरिक, मानसिक फिटनेस और नृत्य की शक्ति की भी खूब हुई। नृत्य की इस शक्ति को लाखों-करोड़ों लोगों ने अपनी आंखों से देखा।

## शरीर रहता है फिट-एनर्जेटिक

वैजयंती माला ही नहीं इस समय देश की कई प्रसिद्ध नृत्यांगनाएं ऐसी हैं, जो सात से ज्यादा दशक पार कर चुकी हैं लेकिन नियमित रूप से अपनी नृत्य प्रस्तुतियां दे रही हैं। इनमें उमा शर्मा और सोनल मान सिंह प्रमुख रूप से शामिल हैं। शोवना नारायण भी उम्र के 75वें पड़ाव पर हैं, लगातार नृत्य प्रस्तुतियां दे रही हैं। जब वे मंच पर नृत्य करती हैं तो ध्यान उनकी आयु की तरफ जाता ही नहीं। उनके नृत्य की लय, गति और परिक्रमा करने की फुर्ती में, युवाओं से कहीं कोई अंतर नहीं दिखता। इससे ही समझ सकते हैं कि नृत्य ने इन नृत्यांगनाओं को कितना फिट और एनर्जेटिक बना रखा है कि उम्र की थकान या धीमी पड़ती रफ्तार इनके आस-पास भी ठहर नहीं पाती। ये सभी लगभग रोज नृत्य करती हैं और अपने शिष्यों को भी सिखाती हैं।

एक बार अभिनेत्री-नृत्यांगना हेमा मालिनी ने भी मेरे साथ हुई बातचीत में बताया था, 'नृत्य मेरे जीवन का अभिन्न अंग है। मैं रोज नृत्य और योगाभ्यास करती हूं और यही मेरी फिटनेस का राज है। इससे मेरी बॉडी इतनी लचीली हो गई है कि आराम से आवश्यकतानुसार मोड़ सकती हूं। इसकी वजह से मैं शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहती हूं और अपने सभी कार्य अच्छी तरह से कर पाती हूं।'

## होते हैं ये भी फायदे

वास्तव में नृत्य से इंसान को क्या-क्या फायदे होते हैं, इसकी लिस्ट बहुत लंबी है। नृत्य का संबंध जीवन के हर पहलू से जुड़ा होता है। समाज, देश, संस्कृति, जीवनशैली, रीति-रिवाज और पर्व-त्योहारों से भी नृत्य का कोई ना कोई रूप जुड़ा है। नृत्य से अनेक शारीरिक-मानसिक लाभ मिलते हैं। नृत्य से होने वाले शारीरिक फायदों के बारे में भरतनाट्यम नृत्यांगना सिंधु मिश्रा कहती हैं, 'नृत्य आनंद, मान प्रतिष्ठा के साथ-साथ शारीरिक बल और स्टेमिना बढ़ाता है। नृत्य से पूर्व के जो अभ्यास होते हैं, वे बॉडी को इस तरह टोन करते हैं कि शरीर बहुत मजबूत हो जाता है, खासतौर पर पैर, कंधे और बांहें।' सिंधु मिश्रा का यह कथन इस बात से प्रमाणित होता है कि आपको प्रायः सभी डांसर स्वस्थ ही मिलेंगे। आमतौर पर कभी किसी डांसर को यह कहते नहीं सुना जाता कि उसे फ्रोजन शोल्डर की दिक्कत है। कमर या घुटने दर्द कर रहे हैं। इस तरह नृत्य करने से स्वास्थ्य संबंधी अनेक फायदे होते हैं। इसीलिए डांस को एक थेरेपी की तरह भी यूज किया जाता है। इस बारे में युवा कथक नृत्यांगना पंखुड़ी श्रीवास्तव बताती हैं, 'जब मैं कथक केंद्र में कथक का प्रशिक्षण ले रही थी, तब हमारे गुरु पंडित कृष्ण मोहन महाराज जी ने हमें कहा था कि सुबह चार बजे उठ कर तीन-चार घंटे नृत्य का अभ्यास करके दिन की शुरुआत किया करो। इससे तन-मन हमेशा स्वस्थ रहेंगे। तब से यह नियम मेरे जीवन में अनुशासन के साथ सम्मिलित है।'



## कैसे काम करती है डांस थेरेपी

आध्यात्मिक मनोचिकित्सक और रेकी ग्रैंडमास्टर दिलना राजेश कहती हैं, 'अकसर लोग मंच पर, शादी-ब्याह, पार्टी, समारोह में समूह में तो नाचते हैं। लेकिन मैं लोगों से पूछती हूं कि आप आखिरी बार अकेले में कब नाचे थे? जहां बस आप अकेले ही नाच रहे थे? एक खुली किताब की तरह अपनी भावनाओं में मस्त, मगन होकर उस आनंद को महसूस कर रहे थे, जो आपको एक अलग ही अनुभूति के संसार में ले जा रहा था? इसका जवाब अधिकांश लोग नकारात्मक ही देते हैं। उन्हें लगता है अकेले में कैसे नाच सकते हैं? दरअसल, इस बात को कम लोग ही जानते, महसूस करते हैं कि नृत्य हमें खुद से मिलाने का एक चमत्कारी रास्ता है। आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हम अकसर अपनी भावनाओं को दबाते चले जाते हैं। घर-ऑफिस का तनाव हमें जकड़े रखता है। ऐसे में नृत्य, जिंदगी में वह खूबसूरत स्थान बनाता है, जहां हम सुरक्षित तरीके से आत्म-उपचार करते हैं। अपनी उस जकड़न से बाहर निकलते हैं। आधुनिक न्यूरोसाइंस कहता है- ट्रॉमा केवल दिमाग में नहीं, शरीर में भी रहता है। जबड़े की जकड़न से लेकर जांघों की स्टिफनेस आपके भीतर छिपे दर्द की गवाह है। लेकिन हम उसे समझ नहीं पाते। ऐसे में नृत्य उस बंद दरवाजे की चाबी की तरह धीरे-धीरे उसे खोलता है। जैसे-जैसे हमारा शरीर नृत्य शुरू करता है, हम एक लय और गति में थिरकने लगते हैं। हमारा शरीर एंडोर्फिन हार्मोन रिलीज करता है।

इससे नर्वस सिस्टम रिलैक्स होता है। शरीर शांति महसूस करता है। जो लोग भावनात्मक अवसाद और शारीरिक आघात से गुजर रहे हैं, उनके लिए भी नृत्य एक हीलिंग प्रक्रिया है। जब आप नृत्य के माध्यम से आनंद की अनुभूति करते हैं तो मन-मस्तिष्क में सकारात्मक बदलाव और आनंद महसूस करते हैं, यही डांस थेरेपी है। नृत्य केवल अच्छा महसूस नहीं करवाता बल्कि बायोलॉजिकल रूप से उपचार करता है।' दिलना राजेश आगे बताती हैं, 'मैं कई सालों से ऐसे लोगों से मिलती रही हूं, जो दुख, चिंता, अकेलापन और आत्म-अस्वीकृति से जूझ रहे थे। लेकिन नृत्य के माध्यम से उन्होंने अपनी खोई हुई शक्ति, सहजता, अपनी लय, जीवन की गति और खुद को वापस पाया।'

इस तरह देखें तो नृत्य तन-मन को स्वस्थ रखने वाली, उमंगित करने वाली, ऊर्जा से भरने वाली कला है। आइए हम भी अपने जीवन में नृत्य को सम्मिलित करें। *

### नृत्य से मिलती है सबसे ज्यादा खुशी

**रानी खानम, कथक नृत्यांगना**



**मुझे सबसे** ज्यादा खुशी नृत्य करने से ही मिलती है। नृत्य से ही सबसे पहले मैंने खुद को पाया। मेरा खुद को देखने का नजरिया बदला। नृत्य के माध्यम से मैं हर वो बात कहती हूं, जो कहना चाहती हूं। नृत्य मेरी अभिव्यक्ति का माध्यम है। नृत्य ने सामाजिक दृष्टि से मुझे बहुत सम्मान-प्यार दिया। मैं मुस्लिम परिवार से हूं तो देश की गंगा-जमुनी तहजीब को मैंने अपने जीवन में उतारा। नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति से जुड़ी पौराणिक कथाओं को जाना। भारतीय परंपरा से जुड़े ज्ञान को समझा। नृत्य के बिना शायद मैं जीवित नहीं रह पाऊंगी। खुद नृत्य करने के साथ ही मैं सामान्य और स्पेशल दोनों तरह के बच्चों को नृत्य सिखाती भी हूं। स्पेशल बच्चों को बचपन से ही अपने आस-पास ऐसा माहौल मिलता है कि वे सहज महसूस नहीं करते। अपनी इच्छाओं को खुलकर अभिव्यक्त नहीं कर पाते। ऐसे में नृत्य उन्हें शक्ति-विश्वास देता है। नृत्य डिसेबल बच्चों को खुद को अभिव्यक्त करने का अवसर देता है। जब बच्चे नृत्य कर रहे होते हैं, वो उनका दिनभर का बेस्ट समय होता है। *

### नृत्य मेरी आत्मा है

**शोवना नारायण, कथक नृत्यांगना**




**जब हम** जन्म लेते हैं तो हमारी सांस एक नियमित गति और रिद्म में चल रही होती है। बच्चे के हाथ-पैर हिल रहे होते हैं। यह मूवमेंट है। बच्चा कभी रो रहा है, कभी चुप है, यह भाव है। इस तरह हम जन्म से ही लय, ताल, गति, रिद्म और मूवमेंट यानी संगीत और नृत्य को साथ लेकर पैदा हुए हैं। मैं ढाई साल की थी तब से नृत्य कर रही हूं। नृत्य किया तो लगा कि जीवन में सब कुछ मिल गया। नृत्य मेरी आत्मा है, जिसके बिना मैं नहीं रह सकती।

मैं रोज नृत्य करती हूं। नृत्य हमें हर परिस्थिति को स्वीकार करना सिखाता है। जब आप नृत्य में एकाग्र होकर झूमते हैं, तब जीवन की सभी समस्याओं और चिंताओं से मुक्त होकर शांति महसूस करते हैं। पतंजलि ने अष्टांग योग की बात की- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि इन सभी को हम क्लासिकल नृत्य के माध्यम से करते हैं। नृत्य हमें फिजिकल, मेंटल और स्प्रीचुअल बैंलेंस और टीमवर्क सिखाता है। जब हम नृत्य से जुड़ते हैं तो अपनी संस्कृतिक और साहित्य से भी जुड़ते हैं। *

### नृत्य मेरे लिए संपूर्ण जीवन है

**कविता द्विवेदी, ओडिसी नृत्यांगना**



**नृत्य मेरे** लिए संपूर्ण जीवन है, क्योंकि इसमें जो लय, चलन और गति है, वह हमें एक पूर्ण मानव बनाता है। जीवन यात्रा, चाहे व्यक्तिगत हो या सामाजिक, में बैंलेस, संयम बनाना सिखाता है। नृत्य के माध्यम से मैंने अपनी क्षमता, खूबियों और कमियों को जाना। नृत्य हमें अनुसाशन, धैर्य, सकारात्मक सोच, दृष्टिकोण और समर्पण सिखाता है और यही गुण जब हमारी जीवनशैली में शामिल हो जाते हैं तो हम एक अच्छे नर्तक के साथ-साथ अच्छे इंसान भी बन जाते हैं।

एक सफल नृत्य प्रस्तुति से कई चीजें जुड़ी होती हैं। कई लोगों की मेहनत होती है। इस तरह जब आप नृत्य से जुड़ते हैं तो टीमवर्क और मैनेजमेंट स्किल भी आप सीखते हैं। कलाकार कला के लिए जीता है। कुछ साल पहले मेरे पास एक महिला अपनी बच्ची को लेकर आई। उस बच्ची का ध्यान बहुत भटकता था, वह एक जगह टिकती नहीं थी। एक साल तक मैंने उसे नृत्य सिखाया और रिजल्ट बहुत अच्छा रहा। ऐसे बच्चे जो पूरी तरह से सामान्य नहीं हैं हम नृत्य के माध्यम से उन्हें मुख्यधारा के बच्चों के बीच खड़ा कर सकते हैं। *

### नृत्य मेरी सांस है

**ज्योति डी तोमर, घूमर नृत्यांगना**



**मैंने पहले** कथक सीखा, उसके बाद घूमर नृत्य। नृत्य मेरी सांस है, उसी के माध्यम से मुझे जीवन मिला। मानसिक शांति, संतुष्टि और खुशी मिलती है। नृत्य हमसे केवल समर्पण चाहता है। मुझे इससे इतना गहरा लगाव है कि शादी से पहले मैंने पति से केवल यही शर्त रखी थी कि मैं नृत्य नहीं छोड़ूंगी। जब मैं नृत्य कर रही होती हूं तो सब भूल जाती हूं। ऐसा लगता है कि किसी और ही लोक में पहुंच गई हूं। चिंता, तनाव जैसे भाव बहुत दूर चले जाते हैं। सोच सकारात्मक हो जाती है। यही वजह है कि मेंटल हेल्थ को सुधारने के लिए नृत्य जरूरी है। मैं सबसे कहती हूं कि रोज अकेले में नृत्य करें, जहां केवल आप होंगे, मन के भाव होंगे, खुशी होगी। नृत्य सकारात्मक सोच और शांति प्रदान करता है, जिससे जिंदगी को देखने और डील करने का नजरिया बदल जाता है। नृत्य करने और सीखने की कोई उम्र नहीं होती। आप कभी भी नृत्य से जुड़ सकते हैं। मेरे पास एक 73 वर्ष की महिला आईं, संकोच से बोलीं, 'मैं हमेशा से नृत्य सीखना चाहती थी लेकिन कभी मौका नहीं मिला। क्या अब सीख सकती हूं?' उन्होंने वर्कशॉप की और फिर वे इतना सुंदर नाचीं कि सब देखते रह गए। मैं डांस सीखने वालों से यही कहती हूं कि जब डांस करो तो स्वच्छंद होकर करो। अगर खुद के साथ जुड़ना है तो नाचना जरूरी है। नृत्य हमारे तनाव को कम करता है और हैप्पी हार्मोंस बनाता है। मैं तो सबसे कहती हूं आनंद से जिंदगी जीनी है तो डांस करें। स्वांतः सुखाय नियमित नृत्य करें। *



कविता / पुरुषोत्तम व्यास

## हंसना भी भूल गए


अब तो हंसना भी भूल गए
बात करना भूल गए।
मुख पर ओढ़े धीर-गंभीर भाव
मालूम नहीं कौन-से
बोझ से दबे और लदे
शुभकामना देना भूल गए।
हंसने से पहले सोचा करते
आदमी को तोला करते
छीन न ले कुछ हमसे
छोटी-छोटी बातों से डरे-सहमे
प्रतिष्ठा के मोह में खोए-से
दूसरे को देखना भूल गए।
जीना ही जैसे भूल गए
अब तो हंसना भी भूल गए।

कहानी

दीप्ति श्रीवास्तव

## वक्त का तकाजा

रिटायरमेंट के बाद एक पॉश कॉलोनी में बराड़ साहब ने बहुत ही आलीशान मकान बनवाया था। लोगों से इसकी तारीफ करते नहीं थकते। लेकिन कुछ दिन बाद ही उन्हें लगा कंक्रीट की यह बिल्डिंग, प्रकृति के सुख से दूर है, परेशानियां ही परेशानियां हैं। प्रकृति से दूर होते इंसान की व्यथा-कथा।



बड़े खुश थे बराड़ साहब। उन्होंने एक पॉश कॉलोनी में बड़े शौक से मकान बनवाया था। उसके इंटीरियर में लाखों रुपए खर्च किए। जो भी आता, घूम-घूम कर घर को दिखाते और बोलते-देखिए, बस्तर आर्ट का दरवाजा, इसकी फिनिशिंग... यह झूमर इतने का... यह कोरियाई कालीन... इत्यादि-इत्यादि। नया घर, नई उन्नत तकनीक की महंगी वस्तुएं, स्वयं अपनी शान बघार रही थीं। वह सोचते, घर बनवाने और शादी के आयोजन में जितना पैसा खर्च करो, कम ही लगता है।

एक साल बाद ही बराड़ साहब का नशा उतरने लगा। जिस उत्साह से वह अपने घर का कोना-कोना लोगों को दिखाते थकते नहीं थे, जिस पर नाज कर रहे थे, अब मिलने आने वालों से कहने लगे, 'ऊपर-नीचे उतरने से मैं परेशान हो गया हूं।' वह दूसरों को सलाह देते, 'ऊपर-नीचे वाला घर कभी न लेना। मेरी हालत देखो, कैसी बुरी हो गई है?'

मिट्टी से फैलती गंदगी, बराड़ साहब को नापसंद थी, इसलिए चमकदार फर्श धूप से गर्म हो जाती। कॉलोनी के हर घर में गमले, पौधों से सुसज्जित थे, जमीन पर सीमेंट का कालीन था। बरसात में होने वाले कीचड़ के लिए कोई गुंजाइश नहीं रहती।

'गर्मी ने इस बार जल्दी दस्तक दे दी यहां।' पत्नी से बराड़ साहब बोले।

'सरकारी घर में झाड़-पेड़ थे, मिट्टी का आंगन था, जो गर्मी सोख उसका अहसास कम कराता था। कितना अच्छा लगता था जब चिड़ियां घर के आंगन में चहकती थीं। तुमको यह सब अच्छा नहीं लगता, क्योंकि तुम्हरी नजर में इससे गंदगी फैलती थी।' पत्नी बोली।

गर्मी बढ़ने लगी, रात-दिन एसी में रहना पड़ता। अब बराड़ साहब को लगता नाहक बगीचे की जगह सीमेंट की फर्श फैलाकर इतना पैसा खर्च किया। अब उसको हटवाना यानी अपनी बेवकूफी का प्रदर्शन है। आस-पड़ोस वाले क्या सोचेंगे? गर्मी की समस्या से निजात न मिली, ऊपर से पानी ने भी बेहाल करना शुरू कर दिया। बेहद तपती धरा ने अपना जलस्तर बहुत नीचे कर कॉलोनी के सभी बोरवेल को सुखा दिया।

कॉलोनी का व्हाट्सएप ग्रुप घरों में पानी का त्राहिमाम दिखा रहा था। इसी समय लोगों को वाटर रिचार्ज की याद आ रही थी। ये वही लोग थे, जो जरा से कीचड़ से अपनी नाक बंद करने लगते थे, इनका मन घिना जाता था। इन्हीं के कारण पूरी कॉलोनी में सीमेंट की सड़क बिछा दी गई थी।

तभी जोर-जोर से आवाजें सुन बराड़ जी घर से बाहर आए। देखते क्या हैं, पड़ोसी आपस में झगड़ रहे हैं। रात में उनके घर के ओवर हेड टैंक से पानी चोरी हो गया था। हालात बद से बदतर होते जा रहे थे। टैंकर से कॉलोनी की बड़ी टंकी भर दी गई थी, लेकिन दिन में बस एक बार ही, कम समय के लिए पानी सप्लाई किया जा रहा था। पानी की किल्लत इस अप्रैल महीने में! तब मई-जून में क्या होगा? कॉलोनी वासियों की चिंता का विषय बन गया था।

एक दिन भीषण गर्मी में बिजली पूरा दिन गायब रही। इंवर्टर भी आखिरी सांस लेने लगे, लोगों का बहुत बुरा हाल। पानी-बिजली दोनों नदारद। बताओ पैसा जेब में, लेकिन इसका उपयोग कहां करें? कहीं कोई सुविधा नहीं।

नल दिखावे का साधन मात्र रह गए। खरीदे हुए पानी के कैन मुंह चिढ़ा रहे थे। बराड़ साहब को सरकारी बंगले में चौबीसों घंटे बहते पानी की याद आती। वह तो जलसंसाधन विभाग से ही रिटायर हुए हैं।

जिस जल की उन्होंने कभी कद्र नहीं की, आज वह उनको मुंह चिढ़ा रहा है। पानी के लिए नल-जल कनेक्शन की हजारों एप्लिकेशन फाइल में दबी छुपी रोती रहतीं लेकिन उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंगती थी। आज अपनी करनी पर पछतावा करने से क्या होगा, जब परिस्थितियों ने बुरी हालातों का शिकार बना रखा है। यह बात उन्हें भीतर ही भीतर खाए जा रही थी। अपने बड़े ओहदे का घमंड, रिटायर होने के बाद उन्हें जमीन पर ले आया था। उनकी हालत देखकर पत्नी ने सुझाया, 'हम लोग बारिश में खाली पड़ी जमीन पर पेड़ लगाकर, उनकी देखभाल करेंगे, साथ ही बगीचे की सीमेंटी फर्श हटवा बड़े, झाड़ लगाएंगे, जहां चिड़ियां चहकते हुए फुदकेंगी।'

अब बराड़ साहब को समझ में आ रहा था, वह महल किस काम का, जहां पानी के लिए इंसान तरस जाए। इतिहास में बड़े-बड़े बादशाहों तक को पानी की कमी के कारण राजधानी स्थानांतरित करनी पड़ी थी। बराड़ साहब ने निर्णय लिया, बगीचे को असल स्वरूप प्रदान कर वर्षा जल का संग्रहण करेंगे और आस-पड़ोस वालों से भी अपने विचार साझा कर उनसे सहयोग की अपील करेंगे।

धरा जो सूखी पड़ रही/न रहा कोख में पानी/
मानव तेरी शर्म का उतर गया है पानी।

बराड़ साहब बड़ी गंभीरता से सोचते हैं, धरा को इस पीड़ा से छुटकारा दिलाने के लिए मजबूत स्तंभ बन वह काम करेंगे। यही वक्त का तकाजा है। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## गजलों का गुलदस्ता

प्रख्यात कवि, आलोचक और भाषाविद ओम निश्चल बेहतरीन गजलगो भी हैं, इस बात की तस्दीक करती हैं, हाल में आई पुस्तक 'कोई मेरे भीतर जैसे धुन में गाए' में संकलित गजलें। यहां अलग-अलग मिजाज और तासीर की कुल मिलाकर 104 गजलें पढ़ी जा सकती हैं। कहीं वे दार्शनिक अंदाज में जिंदगी का फलसफा समझाते हुए कहते हैं, *'कुछ खोकर कुछ पाकर जाना, जीवन क्या है/ दुख से हाथ मिलाकर जाना, जीवन क्या है।'* तो कहीं अतीत की मोहब्बत को याद कर अपने जज्बातों को लफ्जों का लिबास पहनाकर कहते हैं, *'वो पलकों पर ख्वाब सजा के रखती थी/ हम ख्वाबों के पंख उड़ाया करते थे।'* सिर्फ कोमल संवेदनाओं को ही नहीं, अपनी गजलों में राजनीति और व्यवस्था तंत्र में मौजूद विद्रूप को भी वे बिना किसी लाग-लपेट के कठघरे में खड़ा करने से नहीं कतराते हैं। एक बानगी देखिए, *'किया है कत्ल जिसने, घर उसी के/पुलिस भी चाय-पानी कर रही है।'* गजल को वह केवल कुछ कहने का जरिया भर नहीं मानते हैं। तभी तो कहते हैं, *'मेरी गजल तो है इबादत का तरीका बस।'* कह सकते हैं कि गजल के कद्रदानों के लिए यह किताब, गजलों के गुलदस्ते जैसी है। *




**पुस्तक:** कोई मेरे भीतर जैसे धुन में गाए, **रचनाकार:** ओम निश्चल, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली




# सबसे महंगा प्लेयर और शर्मनाक प्रदर्शन, पंत ने बरकरार रखी 17 साल पुरानी परंपरा

**नई दिल्ली।** एक कहावत है 'ऊंची दुकान, फीके पकवान', जो आईपीएल के लगभग सभी सीजन में सटीक बैठती है। लीग में बड़े नाम वाले खिलाड़ी जिनके लिए फ्रेंचाइजी भारी रकम खर्च करती है, लेकिन वे अक्सर उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते। इंडियन प्रीमियर लीग में जब फ्रेंचाइजी खिलाड़ियों पर पैसों की बारिश करती हैं तो इस उम्मीद के साथ करती हैं कि ये खिलाड़ी उनके लिए किस्मत बदलने वाला साबित होगा। इसी कारण लीग के महंगे खिलाड़ियों की राशि में सीजन दर सीजन इजाफा होता रहा है। आईपीएल-2025 में लखनऊ सुपरजायंट्स ने ऋषभ पंत को 27 करोड़ में खरीदा और वह लीग के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने, लेकिन पंत अब तक फेल रहे। ये नई बात नहीं है। लीग का इतिहास है कि जो सीजन का महंगा खिलाड़ी रहा वो फेल हुआ है।

### मिचेल स्टार्क : 2024 : 17 विकेट

मिचेल स्टार्क को कोलकाता ने 24.75 करोड़ में खरीदा था। पिछले सीजन स्टार्क ने 13 मैच खेले थे और 17 विकेट लिए थे।

### सैम करन : 2023 : 276 रन

सैम करन आईपीएल 2023 के सबसे महंगे प्लेयर थे। पंजाब किंग्स ने उन पर 18.5 करोड़ रुपए खर्च किए थे। करन ने 14 मैच की 13 पारियों में 276 रन बनाए थे।

### ईशान किशन : 2022 : 418 रन

ईशान किशन तब सबसे महंगे प्लेयर थे। मुंबई इंडियंस ने ईशान किशन को 15.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। ईशान ने 15वें सीजन में 14 मैच खेले थे और 418 रन बनाए थे।

### क्रिस मॉरिस : 2021 : 15 विकेट

राजस्थान रॉयल्स ने् रिस मॉरिस पर 16.25 करोड़ रुपए खर्च कर दिए थे। 11 मैच में सिर्फ 15 विकेट हासिल किए थे। साथ ही वह 7 पारियों में 67 रन ही बना पाए थे।

### पैट कमिंस : 2020 : 12 विकेट

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज कमिंस को कोलकाता ने 15.5 करोड़ में अपने साथ जोड़ लिया था। 14 मैच में सिर्फ 12 सफलताएं प्राप्त की थीं।

### उनादकट : 2019 : 10 विकेट

जयदेव उनादकट (राजस्थान रॉयल्स) और वरुण चक्रवर्ती (किंग्स 11 पंजाब) थे। दोनों को उनकी फ्रेंचाइजी ने 8.4-8.4 करोड़ रुपये में खरीदा था। जयदेव उनादकट ने 11 मैच में सिर्फ 10 विकेट लिए थे। वहीं वरुण ने 1 मैच में 1 ही विकेट लिया था।

### ऋषभ पंत

2025

27 करोड़

106 रन

आईपीएल 2025 में अब तक पंत का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। उन्होंने 18वें सीजन में अब तक खेले 9 मैच की 8 पारियों में सिर्फ 106 रन बनाए हैं। इस दौरान वह एक ही अर्धशतक लगा पाए हैं।



### बेन स्टोक्स : 2018 : 8 विकेट

राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 12.5 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था। 11वें सीजन में स्टोक्स ने 13 मैच खेले थे और सिर्फ 8 विकेट लिए थे।

### बेन स्टोक्स : 2017 : 316 रन

राइजिंग पुणे सुपरजायंट ने बेन को 14.5 करोड़ में खरीदा था। 12 मैच की 11 पारियों में 316 रन बनाए थे। साथ ही 12 विकेट भी अपने नाम किए थे।

### शेन वॉटसन : 2016 : 179 रन

बेंगलुरु ने शेन वॉटसन पर 9.5 करोड़ रुपये खर्च किए थे। वॉटसन ने उस सीजन 16 मैच की 15 पारियों में 179 रन बनाए थे।

### युवराज सिंह : 2015 : 248 रन

दिल्ली डेयरडेविल्स ने युवराज को 16 करोड़ रुपए में खरीदा था। 14 मैच खेले थे और 13 पारियों में 248 रन बनाए थे।

### युवराज सिंह : 2014 : 376 रन

आरसीबी ने युवी पर 14 करोड़ खर्च किए थे। 14 मैच में 376 रन बनाए थे।

### ग्लेन मैक्सवेल : 2013 : 36 रन

ग्लेन मैक्सवेल पर मुंबई इंडियंस ने 6.3 करोड़ रुपये खर्च किए थे। मैक्सवेल ने 3 मैच की 3 पारियों में 36 रन बनाए थे।

### रवींद्र जडेजा : 2012 : 191 रन

चेन्नई सुपर किंग्स ने रवींद्र जडेजा को 12.8 करोड़ में अपने साथ जोड़ा था। 19 मैच खेल 191 रन बनाए थे। 12 विकेट लिए थे।

### गौतम गंभीर : 2011 : 378 रन

कोलकाता नाइटराइडर्स ने गौतम गंभीर को 14.9 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। गंभीर ने उस सीजन 15 मैच खेल थे और 15 पारियों में 378 रन बनाए थे। वह चौथे सीजन 16वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर थे।

### शेन बॉन्ड : 2010 : 9 विकेट

शेन बॉन्ड (कोलकाता) और कीरोन पोलार्ड (मुंबई) को उनकी फ्रेंचाइजी ने 4.8-4.8 करोड़ देकर अपने साथ जोड़ा था। शेन बॉन्ड ने 8 मैच में 9 विकेट लिए थे। वहीं पोलार्ड ने 14 मैच में 15 शिकार किए थे।

### केविन पीटरसन : 2009 : 93 रन

केविन पीटरसन (आरसीबी) और एंड्रयू फ्लिंटॉफ (सीएसके) को फ्रेंचाइजी ने 9.8-9.8 करोड़ रुपए खर्च किए थे। पीटरसन ने 6 मैच खेले थे और 93 रन बनाए थे। वहीं फ्लिंटॉफ 3 मैच में 62 रन ही बना सके थे।

### महेंद्र सिंह धोनी : 2008 : 414 रन

महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के पहले सीजन के सबसे महंगे प्लेयर थे। 2008 में सीएसके ने उन पर 9.5 करोड़ खर्च किए थे। धोनी ने लीग के डेब्यू सीजन में 414 रन बना दिए थे। वह पहले सीजन 9वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| पंजाब | 9 | 5 | 3 | 11 |
| मुंबई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 3 | 10 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| राजस्थान | 9 | 2 | 7 | 4 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन

417 रन

गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा

16 विकेट

गुजरात

## खबर संक्षेप



### आप अधिक कमियां दूर नहीं कर सकते

**चेन्नई।** महेंद्र सिंह धोनी ने मौजूदा आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लगातार खराब प्रदर्शन पर अपनी बेबसी जाहिर करते हुए कहा है कि जब एक ही समय में चार-पांच खिलाड़ी फॉर्म खो देते हैं तो टीम के लिए वांछित परिणाम हासिल करना मुश्किल होता है। धोनी ने सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों पांच विकेट से मिली हार के बाद कहा, 'इस तरह के टूर्नामेंट में अगर एक या दो क्षेत्रों में कमियों को दूर करना है तो यह अच्छा है लेकिन जब अधिकांश खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं तो मुश्किल हो जाती है। ऐसे में आपको बदलाव करने की जरूरत होती है। आप बस चलते नहीं रह सकते। हम पर्याप्त रन नहीं बना पा रहे हैं।'

### शुभंकर हेनान गोल्फ टूर्नामेंट में कट से चूके

**हेनान।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सके और दूसरे दौर में तीन ओवर 75 का कार्ड खेलने के कारण हेनान क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल करने से चूक गए।



उनका 69-75 के कार्ड से उनका दो दौर में स्कोर इवन पार रहा। दूसरे दिन का खेल अंधेरा होने के कारण रोकना पड़ा था लेकिन जब सुबह दूसरे दौर का खेल खत्म हुआ तो यह भारतीय कट से चूक गया। वह पिछले हफ्ते वोल्वो चाइना ओपन में भी कट से चूक गए थे।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया 'ए' से 3-5 से हारी

**पर्थ।** भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शनिवार को अपने पहले मैच में दमदार खेल दिखाने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ 3-5 की हार का सामना करना पड़ा।



भारत की ओर से महिमा टेटे (27वें मिनट), नवनीत कौर (45वें मिनट) और लालरेम्सियामी (50वें मिनट) ने गोल किए, जबकि नेसा फ्लिन (तीसरे), ओलिविया डाउन्स (नौवें मिनट), रूबी हैरिस (11वें मिनट), टैटम स्टीवर्ट (21वें मिनट) और केंड्रा फिट्ज़पैट्रिक (44वें मिनट) ने पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया 'ए' के लिए गोल किए।

### आईपीएल : नौ मैचों में 11 अंक के साथ चौथे पायदान पर किंग्स

# बारिश से धुला मैच, पंजाब-कोलकाता ने बांटे अंक, प्रभसिमरन-प्रियांश की फिफ्टी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पंजाब किंग्स के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स के इंडियन प्रीमियर लीग मैच को शनिवार को यहां तेज आंधी और बारिश के कारण रद्द कर दिया। प्रभसिमरन सिंह (83) और प्रियांश आर्य (69) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 72 गेंद में 120 रन की साझेदारी के बूते पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 201 रन बनाए। कोलकाता के अब नौ मैचों में सात अंक हैं और वह सातवें स्थान पर है, जबकि पंजाब किंग्स के नौ मैचों में 11 अंक के साथ चौथे पायदान पर पहुंच गया है।

पंजाब की टीम14वें ओवर के बाद एक विकेट पर 158 रन बनाकर बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही थी लेकिन केकेआर के गेंदबाजों ने आखिरी छह ओवर में सिर्फ 43 रन पर तीन विकेट लेकर उन्हें 201 रन पर रोक दिया। केकेआर ने लक्ष्य का पीछा करते हुए एक ओवर में बिना किसी नुकसान के सात रन बना लिए थे तभी रात लगभग 9.35 बजे अचानक तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। आंधी इतनी तेज थी कि मैदानकर्मियों को मैदान को कवर्स से ढकने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। तेज हवा के कारण कुछ कवर्स फट गए और कुछ उड़कर बाउंड्री और दर्शक दीर्धा की तरफ चले गए। लगातार बारिश के कारण मैच शुरू होने की गुंजाइश नहीं बची और लगभग 90 मिनट के इंतजार के बाद, मौसम में कोई सुधार न होने पर, मैच को आधिकारिक तौर पर रात 10.58 बजे रद्द कर दिया गया। मैच रद्द होने से दोनों टीमों ने एक-एक अंक साझा किया।





#### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| आर्य का वैभव बो रसेल | 69 | 35 | 8 | 4 |
| प्रभसिमरन का पॉवेल बो अरोड़ा | 83 | 49 | 6 | 6 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 25 | 16 | 1 | 1 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो चक्रवर्ती | 07 | 08 | 1 | 0 |
| यानसेन का वेंकटेश बो अरोड़ा | 03 | 07 | 0 | 0 |
| जोश इंग्लिश नाबाद | 11 | 06 | 2 | 0 |


अतिरिक्त : 03, कुल : 20 ओवर में 201/4

गेंदबाजी : अरोड़ा, 4-0-34-2, सकारिया 3-0-39-0, राणा 2-0-27-0, चक्रवर्ती 4-0-39-1, नारायण 4-0-35-2, रसेल 3-0-27-1.

### मुंबई-लखनऊ में आगे निकलने की होड़, मैच आज



**मुंबई।** हमेशा की तरह शुरू में लड़खड़ाने के बाद शानदार वापसी करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। इन दोनों टीम के अभी तक समान 10 अंक हैं लेकिन मुंबई बेहतर नेट रन रेट के आधार पर चौथे जबकि लखनऊ की टीम छठे स्थान पर है। अब तक नौ मैचों में से इन दोनों ने पांच मैच जीते हैं और चार हारे हैं। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ की टीम की निगाह जीत के अलावा अपने नेट रन रेट में सुधार करने पर भी होगी क्योंकि आगे इसकी भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।



### आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स में रोमांचक मुकाबले की संभावना

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में भारत के दो धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली और केएल राहुल तथा आस्ट्रेलिया के दो खतरनाक तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड आकर्षण का केंद्र होंगे। आईपीएल में चीजें तेजी से बदल सकती हैं लेकिन मौजूदा फॉर्म को देखते हुए दिल्ली और आरसीबी दोनों के प्ले-ऑफ में पहुंचने की उम्मीद है।

फ़िरोज़ शाह कोटला में दो अंक इस संदर्भ में विजेता टीम को महत्वपूर्ण रूप से मदद करेंगे। नौ मैचों में पांच अर्धशतक लगाने वाले विराट कोहली का यह क्रिकेट में घरेलू मैदान रहा है और विरोधी टीम में होने के बावजूद उन्हें यहां दर्शकों का भरपूर समर्थन मिलने की संभावना है।

## खास खबर

### आईपीएल में अब 300 रन भी संभव : रिंकू



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग अब ऐसे मुकाम पर पहुंच गई है जहां कोई टीम एक पारी में 300 रन का आंकड़ा पार कर जाए तो कोई हैरानी नहीं होगी। आईपीएल 2025 अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है तो इस बात की चर्चा जोरों पर है कि लीग के इस चरण में टीमें एक पारी में 300 रन का आंकड़ा पार कर सकती हैं क्योंकि फ्रेंचाइजी 'पावरहिटिंग' पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

### हो सकता है नीलामी में गलतियां की : फ्लेमिंग



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स की लगातार हार से आहत मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि हो सकता है कि कुछ महीने पहले मेगा नीलामी में उनकी तरफ से कुछ गलतियां हुई जिसके कारण वह सही टीम संयोजन तैयार नहीं कर पाए। पांच बार की चैंपियन चेन्नई की टीम के लिए आईपीएल के वर्तमान सत्र में कुछ भी अच्छा नहीं चल पा रहा है। टीम को अभी तक खेले गए नौ मैच में से सात में हार का सामना करना पड़ा है।

### अनुभवी खिलाड़ियों को समर्थन की जरूरत



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने अनुभवी खिलाड़ियों को उनके कठिन समय के दौरान कुछ छूट और समर्थन देने की वकालत करने के साथ मैदान के बाहर और अंदर मुश्किल समय का शानदार तरीके से सामना करने के लिए दिग्गज रोहित शर्मा और कप्तान हार्दिक पंड्या की तारीफ की। रोहित ने आईपीएल के इस सत्र के शुरुआती मैच में खराब प्रदर्शन करने के बाद लगातार दो अर्धशतक जड़ कर शानदार वापसी की है जबकि हार्दिक को पिछले साल टीम के खराब प्रदर्शन के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था।

### मैड्रिड ओपन

# शीर्ष वरीय अलेक्जेंडर और सबालेंका की आसान जीत



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने शुरुआती मैचों में आसान जीत हासिल की। ज्वेरेव ने स्थानीय खिलाड़ी रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 6-2 से, जबकि सबालेंका ने क्वालीफायर अन्ना ब्लिंकोवा को 6-3, 6-4 से हराया। तीसरे दौर में ज्वेरेव का मुकाबला नूनो बोर्गेस या एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका का तीसरे दौर में 28वीं वरीयता प्राप्त एलिस मर्टेंस से मुकाबला होगा।

महिला वर्ग में ही अनास्तासिया पोटापोवा ने आठवीं वरीयता प्राप्त किनवेन झेंग को हराया, जबकि 15वीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पीटन स्टर्न्स से 6-2, 2-6, 7-5 से हार गईं। छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने केटी बोल्टर को 6-1, 6-2 से हराया।

### पेगुला ने तीसरे दौर में बनाई जगह



तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने ईवा लिस को 6-2, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गईं। पेगुला का अगला मुकाबला मोयुका उचिजिमा से होगा, जिन्होंने ओंस जाबेउर को तीन सेटों में हराया। पुरुष वर्ग में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने ब्रिटेन के क्रिस्टोफर ओ'कोनेल को 6-1, 6-4 से और कैस्पर रूड ने आर्थर रिंडरकनेच को 6-3, 6-4 से हराया। एक अन्य मैच में अमेरिका के बेन शेल्टन ने मारियानो नवोन को 4-6, 7-6 (5), 6-3 से पराजित किया। बुधवार को टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक उम्र के मैच विजेता खिलाड़ी बनने वाले 38 वर्षीय गेल मोनफिल्स बीमारी के कारण गत चैंपियन एंड्रे रुबलेव के साथ मैच से हट गए।

### एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत ने पक्के किए 43 पदक

**अम्मान।** भारत के चार और मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर यहां चल रही पहली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में देश के लिए 43 पदक सुनिश्चित कर लिए हैं। भारत ने अंडर-15 वर्ग में कम से कम 25 पदक पक्के कर लिए हैं, जबकि अंडर-17 वर्ग में 18 पदक जीतने तय हैं, क्योंकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सभी खिलाड़ियों को कम से कम कांस्य पदक मिलता है। अमन सिवाच (63 किग्रा) और देवांश (80 किग्रा) ने अंडर-17 लड़कों के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में क्रमशः फिलीपींस और जॉर्डन के मुक्केबाजों के खिलाफ आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में जीत हासिल की। लड़कियों के वर्ग में, सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) ने जॉर्डन की अया अलहसनत पर 5-0 से जीत दर्ज की, जबकि हिमांशी (70 किग्रा) ने फिलिस्तीन की फराह अबू लैला के खिलाफ आरएससी के साथ पहले ही दौर में अपना मुकाबला समाप्त कर दिया।

महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया

# शांभवी ने निशानेबाजी में जीते दो स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


महाराष्ट्र की किशोरी शांभवी क्षीरसागर ने शनिवार को यहां कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप पदक विजेताओं, ओलंपिक फाइनलिस्ट और राष्ट्रीय चैंपियन को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

पिछले साल लीमा में जूनियर विश्व कप में पांचवें स्थान पर रही 16 वर्षीय शांभवी ने 633.5 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद उन्होंने 24 निशाने के फाइनल में अपने आखिरी प्रयास में 10.8 के शॉट के साथ हरियाणा की रमिता को पछाड़ दिया। रमिता पेरिस ओलंपिक के फाइनल में पहुंची थीं। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पश्चिम बंगाल की मेहुली घोष ने कांस्य पदक जीता। शांभवी ने इससे पहले जूनियर महिला स्पर्धा में रजत और युवा महिला प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण जीता।



### नीस ने थामा पीएसजी का अजेय अभियान

**पेरिस।** पेरिस सेंट-जर्मेन का फ्रांसीसी फ़ुटबॉल लीग (लीग 1) के वर्तमान सत्र में चला आ रहा अजेय अभियान शुक्रवार को यहां नीस से 3-1 से हार के साथ थम गया।



पीएसजी ने तीन सप्ताह पहले ही फ्रांसीसी लीग का खिताब अपने नाम सुरक्षित किया था और उसकी कोशिश आखिर तक अजेय रहने की थी। पीएसजी की पिछले लगभग एक साल में यह अपने घरेलू मैदान पर पहली हार है जिससे उसकी आर्सेनल के खिलाफ मंगलवार को होने वाले चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के पहले चरण की तैयारी को भी झटका लगा है। नीस के मॉर्गन सैनसन ने मैच का पहला गोल किया। नीस की बढ़त हालांकि केवल पांच मिनट तक रही।

### महिला क्रिकेट टीम का त्रिकोणीय श्रृंखला कोलंबो में आज से

# भारत की युवा खिलाड़ी श्रीलंका को देंगी चुनौती

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में रविवार को यहां जब श्रीलंका का सामना करने के लिए उतरेगी तो उसकी निगाह तेज गेंदबाज काशवी गौतम सहित युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के जरिए साल के आखिर में घरेलू धरती पर होने वाले 50 ओवर के विश्व कप की तैयारी भी शुरू करेगी।

भारत का बल्लेबाजी विभाग अच्छा नजर आता है लेकिन उसे एक अदद गेंदबाजी संयोजन तैयार करने की जरूरत है। भारत की पूर्व अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप विजेता काशवी ने महिला प्रीमियर लीग में गुजरात जाइंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 6.45 की इकॉनमी रेट से नौ मैचों में 11 विकेट लिए। टिटास साधु, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर के चोटों के कारण बाहर हो जाने से भारतीय तेज गेंदबाजी अरुंधति रेड्डी पर निर्भर है, जबकि ऑलराउंडर अमनजोत कौर टीम में एकमात्र अन्य मध्यम गति की गेंदबाज हैं। प्रेमदासा स्टेडियम में धीमी गति के गेंदबाजों का हमेशा बोलबाला रहा है, ऐसे में सीनियर ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा के साथ-साथ मुंबई इंडियंस के बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी के 50 में से 30 ओवर फेंकने की उम्मीद है।



### भारतीय बल्लेबाजी मजबूत

भारतीय टीम ने त्रिकोणीय श्रृंखला से पहले वेस्टइंडीज और आयरलैंड को तीन तीन वनडे मैच में हराया था और वह जीत का यह सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। शैफाली वर्मा को एक बार फिर से नजरअंदाज कर दिया गया है, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत, उप कप्तान स्मृति मंधाना, पावर-हिटर ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स और हरलीन देयोल की मौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी काफी मजबूत नजर आती है। दीप्ति और अमनजोत भी अच्छी बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं।

## समरदीप ने किया एशियन गेम्स-2026 जापान के लिए किया क्वालिफाई

# खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने कोच्चि में जीते 3 स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

28वें राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप-2025 का आयोजन 21 से 24 अप्रैल तक कोच्चि में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में खेल अकादमी के एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण पदक जीते। पोल वोल्ट में देव मीणा ने मध्यप्रदेश पोल वोल्ट इवेन्ट में 5.35 मी छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीत कर राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया।



### 23वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैम्पियनशिप में मप्र ने जीता कांस्य पदक



23वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैम्पियनशिप-2025 का 22 अप्रैल से 05 मई 2025 तक आयोजन भोपाल में किया जा रहा है। भोपाल में हुई शूटिंग चैम्पियनशिप में खेल अकादमी की नैनसी सोलंकी, मानवी जैन और चिंकी यादव ने 25मी. स्पोर्ट्स पिस्टल सीनियर महिला टीम ने अच्छा खेल प्रदर्शन कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

### मंजू यादव ने 10:34.08 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता

महिला 3000 मी. स्टीपलचेस में कु. मंजू यादव ने 10:34.08 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। शॉट-पुट इवेन्ट में समरजीत सिंह ने शॉट-पुट इवेन्ट में 19.34 मी. दूर गोला फेंक कर स्वर्ण पदक जीतकर एशियन गेम्स-2026 जापान के लिए पात्रता प्राप्त की।

### खेल मंत्री ने बधाई दी

मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेल अकादमी के सभी पदक विजेता खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन की सरहाना की है। उन्होंने समरदीप सिंह के एशियन गेम्स में पात्रता प्राप्त करने पर बधाई दी है। संचालक खेल और युवा कल्याण राकेश गुप्ता ने समरदीप, मंजू यादव और देवा मीणा के प्रदर्शन की मुक्त कंठ से सराहना की है। उन्होंने इसे सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया है।

ड्रैगन बोट में मप्र ने तीनों स्वर्ण पदक अपने नाम किए, पैरा कैनो के मुकाबले आज से

# कैनो स्प्रिंट में मप्र का तीसरे दिन भी शानदार प्रदर्शन, छह स्वर्ण सहित नौ पदक जीते




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में आयोजित हो रही 35वीं राष्ट्रीय जूनियर व सब जूनियर कैनो स्प्रिंट में मप्र के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। मेजबान मप्र ने तीसरे दिन छह स्वर्ण, दो रजत व एक कांस्य सहित नौ पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। मप्र अब तक 19 स्वर्ण, सात रजत व दो कांस्य सहित कुल 28 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है।

वहीं, तीसरे दिन केरल ने जोरदार प्रदर्शन कर पांच स्वर्ण व दो कांस्य पदक जीते। ओडिशा के खाते में एक स्वर्ण चार रजत व एक कांस्य पदक आया। 13वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट में मप्र का जलवा बरकरार रहा। तीनों स्वर्ण पदक मप्र की टीमों ने जीते।

### मप्र के येभवा ने स्वर्ण पदक जीता

राजधानी के छोटे तालाब पर स्थित बोट क्लब में मप्र कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन व भारतीय कयाकिंग एवं केनोइंग एसोसिएशन के तत्वावधान में यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। शनिवार को 500 मीटर के मुकाबले हुए। सब जूनियर के-1 बालक वर्ग में मप्र के येभवा ने स्वर्ण पदक जीता। के-2 बालक वर्ग में अभिषेक आर्य व येभावा ने भी स्वर्ण पदक जीता। के-4 बालक वर्ग में अभिषेक आर्य, वेंगथोई, देवजीत व डेमसन की चौकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। सी-2 बालक वर्ग में प्रणीत मीणा व नीतेश की जोड़ी ने भी स्वर्ण पदक जीता। सब जूनियर बालक वर्ग के के-1 में निहारिका सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। के-2 में मानवी जाट व निहारिका सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। के-4 बालिका में मप्र की मानवी जाट, भाग्यश्री साहू,स्नेहा व नीलू की चौकड़ी ने मप्र के लिए रजत पदक जीता। सी-1 में मप्र की माही साहू ने कांस्य तथा सी-2 में मप्र की कनुप्रिया व प्रगति की जोड़ी ने रजत पदक जीता।

### ड्रैगन बोट में मप्र का दबदबा कायम

13वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट स्पर्धा में 500 मी के तीन फाइनल मुकाबले हुए। पुरुष, महिला व मिक्स तीनों के स्वर्ण पदक मप्र ने जीते। इस तरह मप्र ने ड्रैगन बोट में दाव पर रखे छह में से पांच पदक अपने नाम किए।

### इन्होंने वितरित किए पुरस्कार

प्रतियोगिता के दौरान शनिवार को अजय शर्मा, पुलिस हाउसिंग चेयरमैन, एलएनसीटी के ग्रुप चेयरमैन जय नारायण चौकसे, संयुक्त संचालक खेल बीएस यादव, संयुक्त संचालक डीपीआई आलोक खरे, विश्वामित्र अवार्डी कोच जयदेव शर्मा, एकलव्य अवार्डी व भाजपा नेता हैंडबाल कृष्णा घाडगे, विश्वामित्र अवार्डी विनोद मिश्रा, नफीस कुरैशी, अविनाश सिंह, एसके खरे, आरएस कुंभकार व विनय व्यास ने पुरस्कार वितरित किए।

## आखिरी ओवर तक खिंचा मुकाबला, रोमांच की चरम सीमा पर पहुंचा खेल

वीसीपीएल टी-20 कॉर्पोरेट टूर्नामेंट में रोमांचक हो रहे

# वेदांत सुपर किंग्स ने स्कोप को 2 विकेट से चटाई धूल

### मैच में शानदार मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर शुक्रवार को खेले गए वीसीपीएल टी-20 कॉर्पोरेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में वेदांत सुपर किंग्स ने कड़े संघर्ष के बाद स्कोप को 2 विकेट से पराजित कर दिया। इस मुकाबले में स्कोप ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाए, जिसके जवाब में वेदांत सुपर किंग्स ने 20वें ओवर की पांचवीं गेंद पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### जय देवनानी की फिफ्टी से बना सम्मानजनक स्कोर

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी स्कोप की शुरुआत अच्छी रही। ओपनर जय देवनानी ने 38 गेंदों पर 60 रन की आकर्षक पारी खेली, जिसमें 11 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। उनके साथ अभिषेक चंडेल और अमान खान ने तेज़ रन जोड़कर स्कोर को गति दी। वेदांत के गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सौरभ राजपूत ने 4 ओवर में मात्र 20 रन देकर 2 विकेट चटकाए, जबकि समीर जामील और मयंक जैन ने भी 2-2 विकेट लिए। स्कोप की टीम ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बटोरे और 152 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया।

### स्कोप की गेंदबाज़ी ने बनाया मुकाबला रोमांचक

*स्कोप के गेंदबाजों ने आखिरी ओवरों तक हार नहीं मानी। मयंक जैन और समीर जामील ने सधी हुई गेंदबाज़ी की और नियमित अंतराल पर विकेट भी लिए। लेकिन आखिरी तीन ओवरों में रन गति को रोकना उनके लिए मुश्किल हो गया।*

### मैन ऑफ द मैच रहे सौरभ राजपूत

*अपने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए सौरभ राजपूत को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उनकी गेंदबाज़ी और अंतिम समय की विस्फोटक बल्लेबाज़ी ने टीम के लिए जीत सुनिश्चित की।*

### वैभव की बैटिंग और यतीश-युवराज की गेंदबाज़ी से विशेष लैब्स ने गिल्ट फ्री को हराया

**भोपाल।** नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर शुक्रवार को खेले गए वीसीपीएल टी-20 कॉर्पोरेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में विशेष लैब्स ने दमदार प्रदर्शन करते हुए गिल्ट फ्री को 43 रनों से पराजित कर टूर्नामेंट में अपनी मज़बूत स्थिति दर्ज कराई। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए विशेष लैब्स ने केवल 16 ओवर में 178/6 का बड़ा स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में गिल्ट फ्री की टीम 135/9 रन बनाकर संघर्ष करती रह गई।

### गिल्ट फ्री की लड़खड़ाती बल्लेबाज़ी, युवराज और यतीश की चपेट में आई पूरी टीम




178 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल्ट फ्री के ओपनर लविन मंदानी ने 18 गेंदों में 27 रन बनाकर उम्मीदें जगाईं। जोंटी (18 रन) और निखिल (26 रन) ने थोड़ा संघर्ष किया, लेकिन वैभव विश्वकर्मा, यतीश शर्मा और युवराज की गेंदबाज़ी के सामने बल्लेबाज पवेलियन लौटते रहे। युवराज ने 2 विकेट झटके, वहीं वैभव ने 2 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। यतीश शर्मा ने भी 2 विकेट हासिल किए और मैच को गिल्ट की पहुँच से पूरी तरह दूर कर दिया। गिल्ट फ्री की पूरी टीम निर्धारित 16 ओवरों में 9 विकेट पर 135 रन ही बना सकी, और मुकाबला 43 रनों के बड़े अंतर से विशेष लैब्स के नाम रहा।

### वैभव ने बना दिया विशाल स्कोर

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी विशेष लैब्स के वैभव विश्वकर्मा ने केवल 29 गेंदों में 64 रन ठोकते हुए मैदान पर चौके-छक्कों की बरसात कर दी। उन्होंने 7 चौके और 4 छक्कों ने गिल्टी फ्री के गेंदबाज़ों की कमर तोड़ दी। वहीं सचिन ने तेज़ 43 रन बनाए। अभिषेक ने भी 29 रन जोड़े। अंतिम ओवरों में साहिल राजक ने 22 रनों की पारी खेलते हुए टीम को 178 के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। गिल्ट फ्री के गेंदबाज़ पियूष टंडन ने 3 विकेट हासिल किए, लेकिन 13.67 की महंगी इकॉनमी दर से रन लुटाए। सरजन जुनेजा और संकेत दुबे ने भी 1-1 सफलता प्राप्त की, परन्तु रन गति रोकने में नाकाम रहे।

# मप्र के कुश्ती पहलवानों ने कोटा में अर्जित किए 7 पदक

**भोपाल।** कोटा (राजस्थान) में राष्ट्रीय जूनियर बालक फ्री स्टाइल, गिरिको रोमन एवं बालिका फ्री. स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता 19 से 22 अप्रैल तक आयोजित की गई, जिसमें ओलंपियन, अर्जुन अवॉर्डी पप्पू यादव पहलवान की देखरेख में मध्य प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ द्वारा मध्य प्रदेश के बालक-बालिका पहलवानों ने भाग लेते हुए 7 पदक अर्जित किए। इनमें 55 किलोग्राम भार वर्ग में इंदौर की हंसा बेन राठौर ने रजत, 53 किलोग्राम भार वर्ग में जबलपुर की माही सोनकर ने कांस्य, भिड की शिवानी शर्मा ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य, खंडवा के नीरज पटेल ने 55 किलोग्राम भार वर्ग(जीआर) ने कांस्य, सागर के




अभिषेक यादव ने 57 किलोग्राम भार वर्ग (एफएस)में कांस्य, इंदौर के रोहित प्रजापत ने 70 किग्रा (एफएस) ने कांस्य, इंदौर के ही महेश राठौर ने 72 किलोग्राम भार वर्ग (जीआर) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इन पदक विजेता पहलवानों के माता-पिताओं, इनके उस्तादों, ख़लीफाओं, कोचेस के सांथ ही मध्य प्रदेश की टीम में गए कोच मैनेजर को भोपाल ज़िला कुश्ती संघ एवं अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल परिवार ने बधाई दी है।

## 8 विकेट से दर्ज की जीत, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर मो. अयान ने वितरित किए पुरस्कार

# सेंट माइकल अकादमी ने स्व.साद मेमोरियल टूर्नामेंट किया अपने नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए एलीट ग्रुप में फाइनल मुकाबले में 8 विकेट से जीत दर्ज कर साद अंसारी मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। शनिवार को सेंचुरियन मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी और यूसीसीए क्रिकेट अकादमी के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें यूसीसीए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी की तरफ से शानदार गेंदबाजी



करते हुए दक्ष ने 4 तथा वेद ने 3 एवं मुस्तफा ने 2 विकेट लेकर पूरी यूसीसीए की टीम को मात्र 47 रनों पर ऑलआउट कर दिया। जवाबी पारी खेलते हुए सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी ने यह लक्ष्य दो विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। सेंट माइकल की तरफ से दक्ष ने 20 और अनुभव ने 10 रनों का योगदान दिया।

### यह रहे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

- बेस्ट बैटर - हिमांशु गुर्जर
- बेस्ट बॉलर - पीयूष
- बेस्ट विकेट कीपर - विमलेश
- मैन ऑफ द फाइनल - दक्ष पाण्डेय
- मैन ऑफ द सीरीज - अविनाश चंद्राकर

इस तरह सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी ने यह मुकाबला 8 विकेट से शानदार तरीके से जीत दर्ज कर अपने नाम किया।

आज के इस टूर्नामेंट के पुरस्कार वितरण सैयद अयान शकील तथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अयान मोहम्मद खान एवं टूर्नामेंट आयोजक ज़ामरन जावेद द्वारा किया गया।

## भोपाल

### रवीन्द्र भवन में पं. अजय याज्ञिक बहाएंगे भक्ति रस की गंगा

**भोपाल।** श्री बाबूलाल भगवती सोनी ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार शाम 5:30 बजे रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर आयोजित श्री राम भक्ति के संगीतमय अनुष्ठान में विश्व विख्यात गायक मानस मयंक पंडित अजय याज्ञिक सतत 17वें वर्ष में रामचरितमानस के पांचवें सौपान सुंदरकांड की दिव्य प्रस्तुति के साथ भक्ति रस की गंगा बहाएंगे। इस बार का विषय होगा हनुमान सम नहीं बड़भागी, नहीं कोउ रामचरन अनुरागी। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप सोनी एवं सचिव प्रमोद नेमा ने बताया कि सुंदरकांड की दिव्य प्रस्तुति में पधारे सभी श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा इसके साथ ही सुंदरकांड की टीका एवं हनुमान चालीसा की पुस्तिका का वितरण होगा बैठक व्यवस्था पहले आवे पहले पावे के आधार पर रहेगी।

### हनुमान चालीसा व गुरु गीता पाठ आज

**भोपाल।** दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर महीने के हर अंतिम रविवार को श्री हनुमान चालीसा एवं गुरु गीता पाठ किया जाता है। इसी के चलते रविवार सुबह नौ से 10:15 बजे तक गुरु गीता का आयोजन रखा गया है। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## पाकिस्तान के नागरिकों को चिन्हित कर बाहर करें: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने पीएचक्यू पहुंचकर की कानून व्यवस्था की समीक्षा

# मध्यप्रदेश के सभी संवेदनशील स्थानों की होगी विशेष निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शनिवार रात पुलिस मुख्यालय पहुंचे और उन्होंने मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था (लॉ एंड ऑर्डर) की समीक्षा की। वहीं पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर आला अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक में गृह मंत्रालय से जारी निदेर्शों को सख्ती से लागू करने के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीजीपी कैलाश मकवाना सहित इंटेलीजेंस शाखा के अफसर मौजूद रहे।




### जम्मू-कश्मीर के छात्र-छात्राओं को चिन्हित कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की चर्चा

सीएम ने प्रदेश में पाकिस्तानी वीजा धारक नागरिकों को चिन्हित कर आगामी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया कि तय समय-सीमा के बाद मध्यप्रदेश में लंबी अवधि के वीजा, राजनायिक वीजा और आधिकारिक वीजा धारकों के अतिरिक्त सभी पाकिस्तानी नागरिकों को प्रदेश से बाहर करना सुनिश्चित किया जाए। वहीं मध्यप्रदेश में अध्यनरत जम्मू कश्मीर के छात्र-छात्राओं को चिन्हित कर उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के संबंध में भी अफसरों से चर्चा की। इसके अलावा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। साथ ही ताकीद किया कि किसी भी स्थिति में प्रदेश में शांति और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए इस अफसर विशेष ध्यान रखें।

### राजधानी भोपाल में 4 पाकिस्तानी नागरिकों की हुई पहचान

भोपाल में 4 पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित कर लिया गया है जो शार्ट टर्म वीजा पर आए थे। इन पाकिस्तानी नागरिकों को रविवार तक भारत छोड़ने का नोटिस दिया गया है। इस अवधि के बाद उनका रहना अवैध माना जाएगा। पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी ने भी इस संबंध में सख्त निर्देश दिए है। पुलिस इस बात की तस्दीक भी कर रही है कि कोई पाकिस्तानी भोपाल में अवैध रूप से तो नहीं रह रहा। इसके लिए थाना स्तर पर अमले को सक्रिय कर दिया गया है। सरकार द्वारा जारी मेडिकल वीजा लॉग टर्म वीजा और डिपलोमेटिक वीजा को छोड़कर सभी प्रकार के वीजा 27 अप्रैल तक ही वैध माने जाएंगे।

# निगम अमले ने हटाए कब्जे जीना, दीवार, छप्पर तोड़े

**भोपाल।** शहर के दुर्गा नगर सहित 20 से अधिक क्षेत्रों में नगर निगम अमले ने शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

अमले ने इन क्षेत्रों से अवैध रूप से बनाया गया जीना, दीवार, झुग्गी, छप्पर भी तोड़े और दो ठेले बरामद किए हैं। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते के दलों ने शनिवार को दुर्गा नगर, 80 फिट रोड, अशोका गार्डन, माता मंदिर, नेहरू नगर चौराहा, न्यू मार्केट नो-व्हीकल जोन, आनंद नगर, खजूरी कलां, एसओएस, बैरागढ़ साधु वासवानी स्कूल, ईदगाह हिल्स, वाजपेयी नगर, बिहारी मोहल्ला, सुभाष नगर, जवाहर चौक से भारत माता चौराहा तक, एमपी नगर जोन वन, 11 मील ब्रिज के नीचे, कोलार डीमार्ट, जेके अस्पताल, लिंक रोड नंबर एक से तीन क्षेत्रों में अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की।

# किराए से कार लेकर शराब की तस्करी, दो युवक गिरफ्तार

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच की टीम ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से दस पेटी अवैध शराब जब्त की है। आरोपी हुंडई वैन्यू कार किराए पर लेकर शराब की तस्करी कर रहे थे।

आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर शराब के बारे में पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना मिली कि अग्रवाल स्वीट्स पहले टीआरटी कॉलोनी में सड़क के पास खाली मैदान में एक सफेद रंग की हुंडई वैन्यू कार खड़ी है। सूचना के बाद हरकत में आई क्राइम ब्रांच की टीम ने इलाके की घेराबंदी की। इस दौरान कार नजर आई और कार को घेर लिया गया। कार में ड्रायवर सीट पर बैठे युवक ने अपना नाम विनोद राय (35) न्यू मिनाल रेसीडेंसी जेके रोड, अयोध्या नगर बताया। आरोपी मूलतः सागर का रहने वाला है। इसी तरह पीछे वाली सीट पर बैठे युवक ने अपना नाम वैभव पाटिल (25) कैलाश नगर सेमरा, अशोका गार्डन बताया। पुलिस ने कार चेक की तो डिग्गी में दस पेटी शराब मिली। जिनमें 8 पेटी शराब अंग्रेजी थी और दो पेटी देशी शराब थी। कार के संबंध में पूछा गया तो वैभव पाटिल ने बताया कि कार वह किराए पर लेकर आया था।

## परवलिया और ऐशबाग में दो युवतियों से दुष्कर्म

# घुमाने के बहाने दोस्त के भाई ने कार में किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परवलिया पुलिस ने 21 साल की युवती की शिकायत पर दोस्त के भाई पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसे घुमाने के बहाने बगीचा रेस्टोरेंट परवलिया लेकर पहुंचा था, वहां कार में उसने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो वह शादी की बात से मुकर गया।

पुलिस के अनुसार मंगलवारा इलाके में रहने वाली 21 साल की युवती प्राइवेट जॉब करती है। उसके भाई का दोस्त हृदेश प्रजापति नगर निगम के जोन कार्यालय में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी है। पीड़िता हृदेश को स्कूल के समय से जानती है। दरअसल, पीड़िता का भाई और हृदेश स्कूल में साथ पढ़ते थे। पहचान होने के कारण दोनों में बातचीत होती थी और दोनों शादी भी करना चाहते थे। पीड़िता का कहना है कि जनवरी 2025 में हृदेश उसे घुमाने के बहाने कार से परवलिया इलाके के बगीचा रेस्टोरेंट पर ले गया और कार सुनसान इलाके में खड़ी कर दी। वहां शादी का प्रलोभन देकर कार में उसने शारीरिक संबंध बनाए। अब वह शादी करने से मना कर रहा है।



### इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद किया दुष्कर्म

इधर, ऐशबाग पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली 24 साल की युवती प्राइवेट काम करती है। नवंबर 2024 में उसकी दोस्ती सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर विनय जाटव से हो गई। विनय जाटव अशोका गार्डन इलाके में रहता है। दोनों में चेटिंग और बाद में मोबाइल नंबर का अदान-प्रदान हो गया था। पीड़िता का कहना है कि विनय ने उसे मिलने के लिए ऐशबाग इलाके के एक होटल में लेकर पहुंचा था। वहां उसने जबरन शारीरिक संबंध बनाए। घटना के बाद से युवती ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया तो आरोपी उसे नए-नए नंबर से कॉल करने लगा और मिलने का दबाव बनाने लगा। युवती ने उसे कई बार समझाइश दी, लेकिन उसकी हरकतें सुधर नहीं रही थी। वह युवती को धमकी दे रहा था कि यदि शादी नहीं की तो कहीं और भी शादी नहीं होने देगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930